

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 086 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 09 जनवरी 2023 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया


# जोशीमठ को घोषित किया गया भू-धंसाव क्षेत्र, 610 इमारतों में बड़ी दरारें, 60 परिवार भेजे गए राहत केंद्र



देहरादून. उत्तराखंड के जोशीमठ को भूस्खलन और धँसाव क्षेत्र घोषित किया गया है तथा दरकते शहर के क्षतिग्रस्त घरों में रह रहे 60 से अधिक परिवारों को अस्थायी राहत केंद्रों में पहुंचाया गया है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. गढ़वाल के आयुक्त सुशील कुमार ने कहा कि स्थानीय प्रशासन ने हिमालयी शहर में चार-पांच स्थानों पर राहत केंद्र स्थापित किए हैं तथा कम से कम 90 और परिवारों को निकाला जाना है.

### दरार वाले मकानों में रह रहे लोगों से राहत केंद्रों में जाने की अपील

इस बीच, चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना नुकसान का आकलन करने के लिए प्रभावित क्षेत्र में घर-घर गए और दरार वाले मकानों में रह रहे लोगों से राहत केंद्रों में जाने की अपील की. कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि जोशीमठ को भूस्खलन-धँसाव क्षेत्र घोषित किया गया है और प्रभावित घरों में रह रहे 60 से अधिक परिवारों को अस्थायी राहत केंद्रों में पहुंचाया गया है. उन्होंने कहा कि नुकसान के स्तर को देखते हुए कम से कम 90 और परिवारों को जल्द से जल्द निकालना होगा.

### 610 इमारतों में बड़ी दरारें

बृहस्पतिवार से जोशीमठ में डेरा डाले हुए कुमार जमीनी स्तर पर स्थिति की निगरानी करने वाली एक समिति के प्रमुख हैं. उन्होंने कहा कि जोशीमठ में कुल 4,500 इमारतें हैं और इनमें से 610 में बड़ी दरारें आ गई हैं, जिससे वे रहने लायक नहीं रह गई हैं. उन्होंने कहा कि एक सर्वेक्षण चल रहा है और प्रभावित इमारतों की संख्या बढ़ सकती है. कुमार ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र और उन घरों जिनमें पहले दरारें पड़ गई थीं तथा जिनमें हाल में दरारें पड़ी हैं, की वजह से एक बड़ी चापाकार आकृति बन गई है जो 1.5 किलोमीटर के दायरे में फैली हो सकती है.

### जमीन धंसने की घटनाएं धीरे-धीरे हो रही हैं

उन्होंने कहा कि जोशीमठ में चार-पांच सुरक्षित स्थानों पर अस्थायी राहत केंद्र बनाए गए हैं. कुमार ने कहा कि कुछ और इमारतों, जिनमें कुछ होटल, एक गुरुद्वारा और दो इंटर कॉलेज शामिल हैं, को अस्थायी आश्रयों के रूप में इस्तेमाल करने के लिए अधिगृहीत किया गया है, जिनमें लगभग 1,500 लोग रह सकते हैं. गढ़वाल के आयुक्त ने कहा, ह्यजोशीमठ में काफी समय से जमीन धँसने की घटनाएं धीरे-धीरे हो रही हैं, लेकिन पिछले एक हफ्ते में इसकी गति बढ़ गई है और घरों, खेतों तथा सड़कों में बड़ी दरारें दिखाई दे रही हैं.

चमोली के जिलाधिकारी ने लिया जायजा

उन्होंने कहा, ह्यपिछले हफ्ते नगर के नीचे पानी का एक स्रोत फूटने के बाद स्थिति और खराब हो गई.ह्व कुमार ने कहा कि फिलहाल प्राथमिकता प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की है. उन्होंने कहा कि स्थिति से निपटने के लिए पुनर्निर्माण से लेकर ह्यरेट्रोफिटिंगह्व तक के दीर्घकालिक उपायों की खोज की जा रही है.ह्व चमोली के जिलाधिकारी खुराना ने प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया. उन्होंने कहा कि लोगों से कहा गया है कि वे असुरक्षित घरों से बाहर निकलें क्योंकि उनके रहने की व्यवस्था होटल, होमस्टे और अन्य सुरक्षित स्थानों पर की गई है.

### राज्य सरकार किराए के आवास में दाने वालों को 4 हजार रुपये देगी प्रतिमाह

खुराना ने कहा कि राज्य सरकार उन लोगों को छह महीने तक 4,000 रुपये प्रति माह का भुगतान करेगी जो किराए के आवास में जाना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि लोग क्षतिग्रस्त घरों में रहकर अपनी जान जोखिम में न डालें. शनिवार को जोशीमठ में प्रभावित इलाकों का दौरा करने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लौटने के बाद यहां अधिकारियों के साथ बैठक की और राहत कार्यों में तेजी लाने के लिए नियमों में ढील देने को कहा. उन्होंने कहा कि उन्हें लंबी प्रक्रियात्मक जटिलताओं में न फंसने और जोशीमठ में जल निकासी शोधन तथा सीवेज प्रणाली से संबंधित कार्य के लिए उनसे सीधे मंजूरी लेने के लिए कहा गया.

### पीएम मोदी से सीएम धामी ने फोन पर की बातचीत

मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने कहा कि जोशीमठ में स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर धामी से बात की. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने नगर में भूमि धँसने और निवासियों की सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए अब तक उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी. अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से जोशीमठ की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। जोशीमठ को बद्रीनाथ, हेमकुंड साहिब और प्रसिद्ध स्कीइंग गंतव्य औली के प्रवेश द्वार के रूप में जाना जाता है.

### जोशीमठ का अध्ययन करने को कहा गया

राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र, हैदराबाद और भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान, देहरादून को उपग्रह तस्वीरों के जरिए जोशीमठ का अध्ययन करने तथा तस्वीरों के साथ विस्तृत रिपोर्ट जमा करने को कहा गया है. भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण संस्थान को जोशीमठ और पीपलकोटी के सेमलडाला क्षेत्र में पुनर्वास उद्देश्यों के लिए जड़ी-बूटी संस्थान और बागवानी विभाग की भूमि की उपयुक्तता की जांच करने के लिए भी कहा गया है.

## विडंबना

# बेटों की राह तकते तकते हमेशा के लिए बंद हो गई बूढ़ी मां की आंखे

### ग्रामीणों ने कराया मृत महिला बेबस मां का अंतिम संस्कार

**जुनेद अहमद, समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : कड़ाके की ठंड में दर्द से कराहती 62 साल की फूलझरिया देवी ने रविवार तड़के आखिरकार दम तोड़ दिया। यह मां की ममता ही थी, जिन बेटों ने उन्हें लावारिस मरने के लिए छोड़ दिया था, उन्हीं की एक झलक देखने को वे अंतिम सांस तक बेकरार रहीं। उनकी मौत पर गांव के लोगों में गम था और बेटों के प्रति उतना ही गुस्सा। मां के मौत के बाद भी उनके दोनों बेटे अंतिम संस्कार में नहीं पहुंचे। ग्राम प्रधान युगल किशोर यादव ने ग्रामीणों की मदद से मुखाग्नि दिलाई। गड़वार थाना क्षेत्र के बहादुरपुर कारी गांव में सुबह से ही मातम था। ग्राम प्रधान युगल किशोर के मुताबिक रामसकल गुप्ता के दो पुत्र राजेश गुप्ता एवं टुनटुन गुप्ता है। कुछ वर्ष पूर्व फूल झरिया देवी के पति रामसकल की मौत हो गई। पति के मौत के बाद फूल झरिया देवी पूरी तरह से टूट चुकी थी। जबकि मां से दोनों बेटों ने किनारा कर लिया। हालांकि पति के मरने के बाद पिता की जायदाद में दोनों बेटों को साथ ही एक हिस्सा मां को भी मिला था। मृतका अपना जीवन निर्वहन छोटे बेटों में रहकर किसी तरह से जीवन यापन करती थी। इस बात को लेकर बड़ा बेटा नाराज रहता था। जब कि छोटा बेटा दिव्यांग होने के साथ ही हमेशा शराब के नशे में डूबा रहता था। मुफलिसी के दौर में मां का किसी तरह से जीवन यापन करता था। रविवार की सुबह आखिर कार फूलझरिया देवी ने दम तोड़ दिया। मौत के बाद मुखाग्नि देने एवं अंतिम संस्कार करने से दोनों बेटों ने इन्कार कर दिया। गांव वालों के लाख मनाने के बाद भी अंतिम संस्कार के लिए तैयार नही हुए। अन्त में ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के सहयोग से मृतका का अंतिम संस्कार गांव स्थित नवनिर्मित मथुरा मुक्तिधाम में कराया। साथ ही मृतका की तेरहवी का भी इंतजाम अपने स्तर से करने की व्यवस्था की। अंतिम संस्कार में पूर्व प्रधान हरिनारायण पासवान, धनंजय सिंह, मनोज वर्मा, देवेन्द्र यादव, बब्बन यादव आदि मौजूद रहे



# निशाने पर खाकी ......................

## आखिर पुलिस पर जनता का भरोसा क्यों नहीं कायम हो पा रही है।

**समाज जागरण, सत्य प्रकाश नारायण जिला संवाददाता/ धनंजय कुमार विधि संवाददाता औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 7 जनवरी 2023 :- लगता है कि बिहार पुलिस का एकबाल खत्म हो गया है तभी सदैव आपकी सुरक्षा में तत्पर रहने की दावा करने वाली पुलिस पर हमला की घटना में अधिक वृद्धि हुई है। क्या पुलिस को शराब माफिया से डर लगता है या उस गुंडों से जिसको वह पहले संरक्षण दे चुकी है। जिस बिहार पुलिस को लोगों की सुरक्षा की जिम्मेवारी है वह खुद सुरक्षित नहीं है ,और आए दिन पुलिस पर हमले होते आ रहे हैं। घटना चाहे औरंगाबाद सिमरा थाना की हो या जहानाबाद या पटना से सटे धनरुआ में पुलिस टीम पर हुए हमले की घटना हो।

***पटना से सटे धनरुआ में पुलिस टीम पर हुए हमले में 25 पुलिसकर्मी घायल हुए और सभी अस्पताल पहुंच गए वही एक जनता की मौत हो गई और 2 लोग घायल हो गए ।***

कभी पुलिस पब्लिक पर लाठी भांज रही है तो कहीं पब्लिक पुलिस पर पत्थर बरसा रही है दोनों तरफ से वार पलटवार हो रहा है । ना पुलिस पब्लिक को पीटने में पीछे हट रही और.न पब्लिक मानने को तैयार है । वर्तमान में पुलिस पर हमले तेज हुए हैं मामला चाहे वारंटी को गिरफ्तार करने की हो या शराब माफिया, अवैध खनन से जुड़े माफिया को पकड़ने की बात हो,पुलिस को लोगों की गुस्सा का शिकार होना पड़ रहा है ।

पुलिस विभाग में अवकाश प्राप्त कर चुके वरीय पदाधिकारियों का मानना है कि कहीं ना कहीं पुलिस पब्लिक के बीच बिगड़ते रिश्ते का नतीजा है। खासकर बिहार में पुलिस पर लोगों का घटते विश्वास एक बहुत बड़ा कारण है। इसके अलावा पुलिस का गिरता



मनोबल भी बढ़ते अपराध का कारण है। यही कारण है कि जनता फर्कंकेट नहीं कर पा रही है कि जनता के प्रति पुलिस ईमानदार है या किसी और के प्रति? यदि आपका मोबाइल फोन गुम हो जाए तो खोने का आपको उतना गम नहीं होगा ,जितना आप एफ आई आर कराने की बात सोच कर परेशान हो जाएंगे। और थाना पहुंचने के पहले यह सोच सोचकर आप परेशान हो जाएंगे कि थाने पर थानेदार या उनके अधीनस्थ पुलिसकर्मी हमारे साथ कैसा व्यवहार करेंगे।

पुलिस के स्लोगन से ऐसा प्रतीत होता है कि आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहने की नारा केवल पुलिस गाड़ियों पर लिखने के लिए है।

***नवयुग का स्वर्णिम प्रभात में औरंगाबाद जिले को तोहफे के रुप में मिले नए एसपी ,***

***फिर भी औरंगाबाद जिले में थानेदारों द्वारा.अपराध कर्मियों का संरक्षण का खेल है जारी।***

***आखिर औरंगाबाद जिले में कब लगेंगे पुलिस की दादागिरी, मनमानी एवं तानाशाही पर रोक।***

जब तक पुलिस अपने रवैया को नहीं सुधारती तब तक इस प्रकार की घटना पर लगाम लग पाना संभव नहीं है । भारत में 76 साल बीत जाने के बाद आज भी प्रजातांत्रिक व्यवस्था के बाद पुलिस से डर लगता है। क्या राज्य की एजेंसियां खासकर पुलिस की मानसिकता बदलने के लिए 76 साल भी कम है ?आखिर क्यों भारत की पुलिस ब्रिटिश राजतंत्र के दमनकारी अवशेषों को आज भी ढ़ो रही है? शायद पुलिस वालों से ज्यादा गलती है सत्ताधारी वर्ग का है जिसने राज्य की प्रमुख कानून को प्यारी संस्था को अपना गुलाम बना कर रखा है।

उपरोक्त संबंध में पुलिस अधीक्षक औरंगाबाद से पक्ष जानने का प्रयास सोशल मीडिया के माध्यम से किया गया किंतु समाचार प्रेषण तक किसी तरह का कोई प्रतिउत्तर प्राप्त नहीं हो सका है इसके लिए समाज जागरण के पत्रकारों द्वारा 3 दिनों से लगातार संपर्क का प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन संपर्क स्थापित नहीं हो सका है,**शेप अगले अंक मे पढ़े।**

# सनबीम में उच्च शैक्षिक अध्ययन व रोजगार के टिप्स पाकर बच्चों के चेहरे खिले

## *बड़े शहरों के बच्चों की तरह बलिया जैसे छोटे शहर में भी अवसर पाए बच्चे*

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : अस्थियां बेधती कड़कड़ाती ठंड में विभिन्न प्रदेशों से पधारे 30 यूनिवर्सिटीज के एक्सपर्ट्स व कैरियर काउंसलर्स का उत्साह बच्चों व व्यवस्था को देखकर प्रतिकूल मौसम पर भी भारी पड़ गया। यद्यपि इस 'ग्रेट एजुकेशन एक्सपो-2023' के मेले में सूर्य ने भी अपनी किरण की उपस्थिति दर्ज करा दी थी। लगभग 10:30 पूर्वाह्न से 4:00 अपराह्न तक लगे इस मेले में बच्चों ने समग्र मनोयोग से अपना उत्साह दिखाया।

मेले में विभिन्न कैरियर काउंसलर्स व एक्सपर्ट्स ने बच्चों को उनकी प्रतिभा, इच्छा,उचित कार्य क्षेत्र के निमित्त सुझाव व जानकारी प्रदान की। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक व मीडिया प्रभारी डॉ नवचंद्र तिवारी ने आगे बताया कि यह विशाल मेला 'हाईटेक सर्विसेज एंड सॉल्यूशन जयपुर' के सीईओ रामरतन माहेश्वरी के दिशा-निर्देश में सनबीम स्कूल अगरसंडा द्वारा आयोजित किया गया था। इस मेले में नोएडा, चंडीगढ़, गुरुग्राम, ग्वालियर, बंगलोर, रुड़की, लखनऊ, गांधीनगर, देहरादून, विशाखापट्टनम आदि बड़े शहरों के यूनिवर्सिटीज के एक्सपर्ट्स मौजूद थे। इस प्रकार का आयोजन जनपद में पहली बार था। रजिस्ट्रेशन निःशुल्क था। इनमें से कुछ ऐसे यूनिवर्सिटीज हैं जो 90% या इससे ऊपर अंक पाए बच्चों को स्कॉलरशिप के तहत निशुल्क शिक्षा देते हैं। गरीबी रेखा से निम्न जीवन यापन वाले बच्चों से 50% शुल्क ही लिया जाता है। विद्यार्थियों के सदैव सर्वांगीण विकास में प्रयासरत विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि पहले अभिभावक बच्चों पर पढ़ने हेतु विज्ञान को ही महत्व देते थे। परंतु आज विकास के अनेकानेक क्षेत्र कार्य कर रहे हैं। बस आपको सही समय पर उचित मार्गदर्शन चाहिए। इसके लिए विद्यालय सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने अवकाश व प्रतिकूल मौसम में भी शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पूर्ण सहयोग करने पर उनकी प्रशंसा भी की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मेले में आए सभी कैरियर विशेषज्ञों, अभिभावकों व बच्चों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के चेयरमैन संजय पांडेय, निदेशक व प्रधानाचार्या ने मंच पर जनपद अपर न्यायाधीश सहित सभी एक्सपर्ट्स व काउंसलर्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रशासक एस के चतुर्वेदी, कोऑर्डिनेटर्स पंकज सिंह, सहरबानो, नीतू पांडेय,निधि सिंह सहित समस्त शिक्षक गण, कार्यालय स्टाफ व शिक्षणेत्तर कर्मचारी




मौजूद रहे। संचालन सान्या दुबे व सर्वकृतिका सिंह ने किया।

### विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर भी

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में जनपद न्यायाधीश जितेंद्र कुमार पांडेय (अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया) के निर्देशानुसार रविवार को ही 'विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर' का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश नरेंद्र पाल राणा (सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया) के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उन्होंने विद्यालय प्रबंध तंत्र के साथ विद्यालय के नए वर्ष के कैलेंडर का भी लोकार्पण किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने बच्चों को बताया कि यहां सनबीम में विभिन्न स्टाल पर बैठे एक्सपर्ट्स व काउंसलर्स देश के उच्च टेक्नोलॉजी से युक्त सुप्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के हैं। विद्यालय ने बड़े ही सलीके से बच्चों के हित में ऐसा शानदार व प्रशंसनीय आयोजन किया है। बस आपको अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना है। उन्होंने आगे बताया कि जनपद न्यायालय में 31 जनवरी को 'विशेष लोक अदालत' व 11 फरवरी को 'राष्ट्रीय लोक अदालत' का भी आयोजन किया गया है।

# नोएडा के इस्कॉन मंदिर में हुआ 22वीं अखिल भारतीय "भारत को जानो प्रतियोगिता "का आयोजन


**समाज जागरण,**

भारत विकास परिषद द्वारा दिनांक 07-08 जनवरी को नोएडा सेक्टर 33 के इस्कॉन मंदिर के सभागार में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ ’

भारत विकास परिषद की सम्पूर्ण भारत वर्ष में लगभग 1465 शाखाएं व 66000 परिवार सदस्य हैं ’ पूरे भारत वर्ष में 79 प्रान्त व 10 रीजन हैं ’ भारत को जानो प्रतियोगिता कुल पाँच चरण में पूर्ण होती है ’ जिसमें लगभग 9700 विध्यालयौ से 13 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया ।इस प्रतियोगिता की विशेषता है कि इसमें सिर्फ और सिर्फ भारत से सम्बंधित प्रश्न ही पूछे जाते है जिसके माध्यम से भारत के गौर-वशाली एवं वैभवशाली इतिहास और प्रगतिशील भारत की जानकारी बच्चों को दी जाती है।

प्रथम चरण विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता, द्वितीय चरण अन्तर विद्यालय प्रतियोगिता, तृतीय चरण प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिता, चतुर्थ चरण रीजन स्तरीय प्रतियोगिता और पांचवा और अंतिम चरण होता है राष्ट्र स्तरीय अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता ’ आज अखिल भारतीय भारत को जानो प्रतियोगिता में 10 रीजन से कनिष्ठ वर्ग एवं वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों ने भाग लिया ’ प्रतियोगिता का संचालन भारत को जानो के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री राकेश सचदेवा जी ने किया ’

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में श्री महेश गुप्ता ( उटऊ-डील्ल३ फ्ड) जी उपस्थित रहे। उन्होंने भारत विकास परिषद के इस प्रकल्प की बहुत प्रशंसा की, भारत के भविष्य यानि युवाओं को भारत के विषय में अद्भुत ज्ञान भारत विकास परिषद द्वारा प्रकाशित भारत को जानो नामक पुस्तिका के माध्यम से दी जाती है ’ देश के समस्त विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और अपने राष्ट्र कर्तव्य के साथ साथ अपने राष्ट्र पर गर्व करने के बोध को जाग्रत करने का कार्य किया जा रहा है ’




कार्यक्रम में नोएडा सांसद आदरणीय डॉ महेश शर्मा जी का विशिष्ट अतिथि के रूप में सानिध्य प्राप्त हुआ ’

सभी अतिथियों ने मुक्त कंठ से कहा कि भारत माता की सच्ची सेवा यदि कहीं हो रही है तो वह भारत विकास परिषद के द्वारा ही हो रही है ’भारत विकास परिषद विभिन्न प्रकल्पों के द्वारा समाज की सेवा के कार्यक्रम करते हैं ’उनमें प्रमुख रूप से गरीब कन्याओं का सरल सामूहिक वि-वाह, विकलांग / दिव्यांग जनों को निशुल्क कृत्रिम अंग लगवाना, अंगदान, देहदान, रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के द्वारा समाज की सच्ची सेवा की जा रही है ’ डॉ सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र फरीदाबाद, भारत विकास परिषद चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र कोटा के माध्यम से गरीब लोगों को बहुत ही कम कीमत में गंभीर रोगों का इलाज किया जाता है ’

इस अवसर पर भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गजेंद्र सिंह संधू जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री श्याम शर्मा जी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री सुरेश जैन जी, वित्त मंत्री उअ महेश बाबू गुप्ता जी, क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ तरुण शर्मा जी, स्वागत अध्यक्ष श्री अनुज फरसैया जी, क्षेत्रीय महासचिव श्री अनुराग दुबलिश जी, चेयरमैन आयोजन समिति श्री नवीन कुमार जी, प्रांतीय अध्यक्ष श्री पंकज सक्सेना जी, प्रांतीय महासचिव श्री नरेंद्र शर्मा जी, प्रांतीय वित्त सचिव श्री विपिन अग्रवाल जी, प्रांतीय महिला संयोजिका श्रीमती मुक्ता अग्रवाल जी, नोएडा स्वर्णिम शाखा अध्यक्ष श्री नेवैद्य शर्मा जी, सचिव श्री विनय कृष्ण चतुर्वेदी जी, कोषाध्यक्ष श्री प्रमोद शर्मा जी व जिला गौतम बुद्ध नगर की समस्त टीम में नोएडा शाखा, गौतम बुद्ध शाखा, नव ऊर्जा शाखा, जानकी वल्लभ शाखा, सर्वगुण शाखा, दादरी शाखा एवं प्रान्त की कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रान्त की समस्त टीम के अथक मेहनत व परिश्रम से कार्यक्रम सफलता तक पहुंचा ’

# कट,कट,खट तेगा बोले,बोले छपा छप्पर तलवार

बुंदेलखंड में आल्हा ऊदल वीर गाथा में एक पंक्ति मुझे अक्सर आज की राजनीति के संदर्भ में उपयोगी लगती है। पंक्ति है -' खट,खट,खट तेगा बोले,बोले छपा छप्पर तलवार । कांग्रेस ने जब श्री मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना अध्यक्ष चुना था तब भाजपा समेत सबने उनकी खिल्ली उड़ाई थी,अब वे ही खड़गे साहब अब भाजपा के लिए जिस अंदाज में सवाल खड़े कर रहे हैं उसे देखकर लगता है कि उनकी खड़ग में जंग नहीं लगी है।

हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का काम अगले साल एक जनवरी तक पूरा होने की गृह मंत्री अमित शाह की घोषणा को लेकर उनपर निशाना साधा और सवाल किया कि क्या शाह राम मंदिर के पुजारी हैं जो ऐसी घोषणा कर रहे हैं?

मुझे लगता है कि मल्लिकार्जुन ज का सवाल जायज है, क्योंकि एक गृहमंत्री किसी मंदिर निर्माण क बारे में कैसे घोषणा कर सकता है ? मंदिर को कोई लोक निर्माण विभाग तो बना नहीं रहा। हां ऐसी घोषणा साधु-संतों को करनी चाहिए और गृह मंत्री के तौर पर शाह का जो कर्तव्य है उन्हें उस पर ध्यान देना चाहिए.

आपको स्मरण करा दूं कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा में गुरुवार को एक चुनावी रैली में. राहुल गांधी पर हमला बोलते हुये कहा था,कि ह्यह्यराहुल बाबा सुनिये, एक जनवरी 2024 तक भव्य राम मंदिर बन कर तैयार हो जायेगा।

राम मंदिर भगवान राम के लिए कभी कोई समस्या नहीं रहा। मंदिर को लेकर सबसे ज्यादा परेशान अगर कोई है तो वो भाजपा है। शतायु होने जा रहे लालकृष्ण आडवाणी से लेकर अमित शाह तक मंदिर को लेकर परेशान रहे हैं ।राम जी का भाजपा पर बड़ा ऋण है। रामजी की कृपा से ही भाजपा की पहले 16 दिन, फिर 06 साल 64 दिन और बाद में 8 साल 264 दिन पूरी कर चुकी मोदी सरकार बनी थी ।

दरअसल भाजपा को रामजी अपने हाथ से निकलते दिखाई दे रहे हैं। पिछले दिनों राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास और श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने भी राहुल गांधी की ह्यभारत जोड़ो यात्रा' की सराहना कर भाजपा का सिरदर्द और बढ़ा दिया है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा की कथित कामयाबी से आतंकित सत्तारूढ़ भाजपा को लगता है कि कहीं रामजी ने भाजपा का साथ छोड़ दिया तो 2024 में चुनावी वैतरणी कैसे पार होगी ?

कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद राहुल गांधी के साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी खूब बरस रहे हैं। खरगे ने यात्रा के दौरान अनेक सभाओं में भी यह आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा लालच देकर और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके चुनी हुई सरकारों को अस्थिर किया जा रहा है.

खड़गे अब राहुल गांधी को मोदी -शाह की जोड़ी के समकक्ष खड़ा करने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने दे रहे , वे राहुल गांधी की वकालत करते हुए कहते फिर रहे हैं ।वे कहते हैं किह्यह्यराहुल गांधी जी की लड़ाई महंगाई के खिलाफ, बेरोजगारी के खिलाफ है. वह युवाओं के लिए रास्ते पर आकर लड़ रहे हैं.जबकि ह्यमोदी जी जबसे प्रधानमंत्री बने हैं, अमित शाह जबसे गृह मंत्री बने हैं तबसे सिर्फ चुनाव के चक्कर में पड़े रहते हैं...वे दूसरे राजनीतिक दलों में तोड़फोड़ करते हैं. ईडी और दूसरी एजेंसियों का दुरुपयोग करते हैं." खरगे ने दावा किया, ह्यह्यभाजपा ने कुछ राज्यों में कांग्रेस के लोगों को पैसे का लाचल देकर या फिर ईडी का डर दिखाकर अपने साथ लिया और सरकारें गिराई."

बहरहाल चुनावी आल्हा में आने वाले दिनों में और मजा आने को है। चुनावी आल्हा में परिदृश्य तेजी से बदलने वाला है ।न जाने कितने किरदार गायब हो जाएंगे और न जाने कितने अवतरित होंगे? भारत जोड़ो यात्रा का भी समापन हो चुकेगा। राहुल गांधी की दाढ़ी भी अतीत का हिस्सा बन जाएगी ।तब तक आप भी अपने आप को तैयार कर लीजिए।

**@ राकेश अचल**

# प्रवासी भारतीय दिवस

प्रवासी भारतीय दिवस या अनिवासी भारतीय दिवस 9 जनवरी को पूरे भारत में मनाया जाता है। 9 जनवरी 1915 को प्रवासी भारतीय दिवस के रूप में मान्यता दी गई है क्योंकि इसी दिन महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटे और अंततः दुनिया भर में प्रवासी भारतीयों और औपनिवेशिक शासन के तहत लोगों के लिए और भारत के सफल स्वतंत्रता संघर्ष के लिए प्रेरणा बने। यह दिन हर साल प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) सम्मेलन के रूप में मनाया जाता है। प्रवासी भारतीय दिवस 'प्रवासी भारतीय मामले मंत्रालय' का प्रमुख कार्यक्रम है।

**प्रवासी भारतीय समुदाय**

भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा डायस्पोरा है। प्रवासी भारतीय समुदाय अनुमानतः 2.5 करोड़ से अधिक है। जो विश्व के हर बड़े क्षेत्र में फैले हुए हैं। फिर भी किसी एक महान् भारतीय प्रवासी समुदाय की बात नहीं की जा सकती। प्रवासी भारतीय समुदाय सैंकड़ों वर्षों में हुए उत्प्रवास का परिणाम है और इसके पीछे विभिन्न कारण रहे हैं, जैसे- वाणिज्यवाद, उपनिवेशवाद और वैश्वीकरण। इसके शुरू के अनुभवों में कोशिशों, दुःख-तकलीफों और दृढ़ निश्चय तथा कड़ी मेहनत के फलस्वरूप सफलता का आख्यान है। 20वीं शताब्दी के पिछले तीन दशकों के उत्प्रवास का स्वरूप बदलने लगा है और "नया प्रवासी समुदाय" उभरा है जिसमें उच्च कौशल प्राप्त व्यावसायिक पश्चिमी देशों की ओर तथा अकुशल,अर्धकुशल कामगार खाड़ी, पश्चिम और दक्षिण पूर्व एशिया की और ठेके पर काम करने जा रहे हैं।

**प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह प्रवासी भारतीय सम्मान समारोह के दौरान**

इस प्रकार, प्रवासी भारतीय समुदाय एक विविध विजातीय और मिलनसार वैश्विक समुदाय है जो विभिन्न धर्मों, भाषाओं, संस्कृतियों और मान्यताओं का प्रतिनिधित्व करता है। एक आम सूत्र जो इन्हें आपस में बांधे हुए है, वह है भारत और इसके आंतरिक मूल्यों का विचार। प्रवासी भारतीयों में भारतीय मूल के लोग और अप्रवासी भारतीय शामिल हैं और ये विश्व में सबसे शिक्षित और सफल समुदायों में आते हैं। विश्व के हर कोने में, प्रवासी भारतीय समुदाय को इसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, हस्तक्षेप न करने और स्थानीय समुदाय के साथ सफलतापूर्वक तालमेल बनाये रखने के कारण जाना जाता है। प्रवासी भारतीयों ने अपने आवास के देश की अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण योगदान किया है और स्वयं में ज्ञान और नवीनता के अनेक उपायों का समावेश किया है। [1]

**प्रवासी भारतीय दिवस**

प्रवासी भारतीय दिवस को मनाने की शुरूआत सन 2003 से हुई थी।

प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जिसमें उन भारतीयों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने विदेश में जाकर भारतवर्ष का नाम ऊँचा किया है।

प्रवासी भारतीय देश की उन्नति

मैं जहां भी रहूँ, मैं कहीं भी रहूँ तेरी याद आती है, भले जिस्म से भारतीय किसी भी देश में बस गए हों लेकिन आज भी उनका दिल भारत के लिए धड़कता है। वह आज भी होली, दीपावली, ईद मनाते हैं। टीम इंडिया की विजय की कामना करते हैं और हर पल भारत वापस आने की सोचते हैं।

**वर्ष क्रम**

2003 से लेकर अब तक हर साल भारत के किसी भी शहर में प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है। अब तक मनाए गए सभी प्रवासी भारतीय दिवस की एक अनुसूची निम्नलिखित है-

2003 पहला प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2004 दूसरा प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2005 तीसरा प्रवासी भारतीय दिवस, मुंबई
2006 चौथा प्रवासी भारतीय दिवस, हैदराबाद
2007 पांचवा प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2008 छठां प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2009 सातवां प्रवासी भारतीय दिवस, चेन्नई
2010 आठवां प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2011 नवां प्रवासी भारतीय दिवस ,नई दिल्ली[2]
2012 दसवाँ प्रवासी भारतीय दिवस, जयपुर, राजस्थान
2013 ग्यारवाँ प्रवासी भारतीय दिवस, कोच्चि, केरल
2014 बारहवाँ प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2015 तेरहवाँ प्रवासी भारतीय दिवस, गाँधीनगर, गुजरात
2016 चौदहवां प्रवासी भारतीय दिवस, प्रवासी भारतीय दिवस, नई दिल्ली
2017 पंद्रहवाँ प्रवासी भारतीय दिवस, बेंगलुरु, कर्नाटक
2018 सोलहवां प्रवासी भारतीय दिवस, सिंगापुर

इतिहास से

भारत के पांच हजार से भी पुराने महान् इतिहास में इस देश में विश्व के विभिन्न भागों से हर तरह के हमलावर एवं आगंतुक आते रहे हैं। इस प्रक्रिया में, अपने इतिहास के दौरान भारत ने अनेक संस्कृतियों एवं सभ्यताओं को समाहित किया है तथा सभी हमलावरों ने अंततः भारत को अपने घर के रूप में अपनाया है। भारत में विदेशियों के आने का सिलसिला आर्यों से शुरू हुआ जो मध्य एशिया ये यहां आए थे तथा यह सिलसिला अंग्रेजों के समय तक चलता रहा जिन्होंने हमारे पहले अनिवासी भारतीय - मोहनदास करमचंद गांधी के नेतृत्व में महान् स्वतंत्रता संघर्ष के कारण भारत छोड़ा।

8 जनवरी, 2013 को केरल में 11वें प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह

जो भारतीय सबसे पहले विदेश गए वे सम्राट अशोक के दूत थे जो ईसा पूर्व तीसरी शताब्दी में बौद्ध धर्म के सिद्धांतों का प्रसार करने के लिए गए थे। इसके बाद चोल वंश ने



अपनी शाखाओं को सुदूर पूर्व में फैलाया। ऐसा कहा जाता है कि भारत के व्यापारियों ने अपने खुद के पोतों का निमार्ण किया था तथा वे कारोबार की तलाश में रोम एवं चीन तक जा पहुंचे थे। 19वीं शताब्दी के दौरान तथा भारत में ब्रिटिश शासन की समापित तक, भारत के लोग करारनामा प्रणाली के अंतर्गत अंग्रेजों के अन्य उपनिवेशों - मॉरीशस, गुयाना, कैरेबियन, फिजी एवं पूर्वी अफ्रीका में गए। इसी अवधि में गुजराती एवं सिंधी सौदागर अडेन, ओमान, बहरीन, दुबई, दक्षिण अफ्रीका एवं पूर्वी अफ्रीका, जिसमें से अधिकांश पर अंग्रेजों का शासन था, में जा कर बस गए। [3]

**छठा प्रवासी भारतीय दिवस**

छठवें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सरकार तथा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा संयुक्त रूप से 7-9 जनवरी, 2009 को चेन्नई में किया गया।

सम्मेलन का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने किया। भारत की माननीय तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमति प्रतिभा देवीसिंह पाटील ने 9 जनवरी को समापन सत्र में भारतीय मूल के 13 व्यक्तियों को प्रवासी भारतीय सम्मान प्रदान किए।

प्रवासी भारतीय सम्मान पाने वालों का चयन भारत के माननीय उपराष्ट्रपति की अध्यक्षता में गठित ज्यूरी सह अवॉर्ड समिति द्वारा किया जाता है।

प्रवासी भारतीय दिवस 2009 में सूरीनाम के उपराष्ट्रपति रामदीन सरदजोई मुख्य अतिथि थे।

# विपक्षी जातिगत राजनीति

किसी सामाजिक संस्था की उत्पत्ति और विकास के पीछे उसकी उपयोगिता होती है! हजारों बर्ष पूर्व की वर्ण व्यवस्था, जो कि जातिव्यवस्था का हीं आरम्भिक रुप रहा है, सामाजिक संगठन एवं सुव्यवस्था को सुचारू रुप से बनाये रखने एवं विकास के नये सोपानों को प्राप्त करने के उद्देश्य से विकसित हुआ! इस व्यवस्था का मूख्य उद्देश्यों में भारत के विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रजातीय समूहों को एक सामान्य संगठन का स्वरूप देना और उनके बीच संघर्ष एवं स्पर्धा को न्यूनतम करके धार्मिक धारणाओं को आधार बनाकर, समाज में सरल श्रमविभाजन लाना तथा विभिन्न जातीय खण्डों के अधिकारों एवं कर्तव्यों को निश्चित करके, संस्कृति की रक्षा एवं उत्तरोत्तर विकास के नये सोपानों को प्राप्त करना रहा था! जिसके परिणामस्वरूप भारत और उसकी संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठ स्थिति को प्राप्त था जबकि उस समय युरोप बर्बरता के युग में जी रहा था! वर्ण व्यवस्था एवं तत्पश्चात जातिव्यवस्था की हीं देन है कि समकक्ष संस्कृतियाँ यथा-बेबिलोनिया, मिसोपिटामिया, रोम, युनान आदि,काल के गाल में विलीन हो गयी लेकिन भारतीय संस्कृति अपना परचम फहराती रही!

समाज में जातिप्रथा जहाँ व्यक्तिगत तौर पर सामाजिक प्रस्थिति, मानसिक सुरक्षा, पेशा, जीवन साथी का चुनाव, सामाजिक सुरक्षा, प्रदान करती थी वहीं व्यक्ति के व्यवहारों को नियमों एवं प्रतिबंधों द्वारा नियंत्रित करने का प्रमुख साधन था ! (जबर्दस्त अनोपचारिक साधन)

सामुदायिक स्तर पर लोगों की धार्मिक भावनाओं की रक्षा, रक्त की शुद्धता, संस्कृति की रक्षा, एवं सामाजिक प्रस्थिति प्रदान करने का कार्य करता था! सामाजिक स्तर पर,समूह की संस्कृति को सुरक्षित रखते हुए समग्र विकास को प्रोत्साहित करने, राजनीतिक स्थिरता, सरल श्रमविभाजन, सुप्रजनन,सामाजिक ढ़ाचे का आधार होने के साथ साथ हर क्षेत्र में विशेषज्ञ पैदा करने का मूख्य श्रोत बना!

आज यदि हिंदू धर्म या संस्कृति दिख रही है तो इसमें सबसे बड़ा योगदान जातिप्रथा का है! भारत विगत हजारों बर्षों से बाहरी आक्रमणकारियों से आक्रान्त रहा है! मुगल के पहले जितने भीआक्रमणकारी आये यथा-शक, हुण, यमन, इनकी अलग सामाजिक स्थिति नहीं रही बल्कि जातिव्यवस्था ने इन्हें आत्मसात कर लिया! मुगल अपनी अलग आक्रमणकारी संस्कृति लादने का भरपूर प्रयास किये लेकिन हिन्दूओं की आंतरिक जातिव्यवस्था ने ढाल का काम किया!

आज जातिव्यवस्था को सड़ी-गली, निरर्थक और बेकार संस्था कहकर आलोचना करना फैशन बन गया है विशेष कर राजनीति के क्षेत्र में ! ठीक है! हजारों बर्षों के विकास के क्रम में एवंअपने




अस्थित्व की रक्षा के क्रम में (मुगल काल) विसंगतियां आयीं हैं जिसका इस आधुनिक काल में तेजी से परिमार्जन भी हो रहा है!

मोटे तौर पर किसी भी सामाजिक संस्था की स्थिरता एवं समाप्ति सामाजिक मूल्यों, मनोभावों, भौतिक परिस्थितियों आदि पर निर्भर करता है! जातिव्यवस्था में बदलते परिवेश से अनुकूलन करने की क्षमता है तभी हजारों बर्षों से ये जीवित है!

मुगल काल से पहले जातियों के बीच एक आदर्श सामाजिक समरसता थी! न छूआछूत और न अमानवीय व्यवहार प्रतिमान! सामाजिक ढ़ांचे का स्तम्भ- मनुस्मृति में मात्र, 620 के आसपास श्लोक थे लेकिन मुस्लिम संस्कृति विद्वानों के माध्यम से, हिन्दूओं में जातिगत घृणा फैलाने का कुचक्र चलाया गया और मनुस्मृति में जातियों के बीच जहरवाद और फूट डालने के उद्देश्य से नये नये भरे गये! यह नीति अंग्रेजों ने भी बरकरार रखा ! परिणामस्वरूप हिन्दूओं के बीच जातिगत खाइयाँ हद पार करने लगीं ! और छोटी जातियों को मुस्लिम और बाद में ईसाई बनाने में सफलता मिली ! परिस्थितियों ने जातिव्यवस्था की मूल आदर्श व्यवस्था को, पूर्णतः बदल दिया।आज मानवीय एवं संविधानिक प्रस्थितियों के अनुरूप आवश्यक परिवर्तन को स्वीकार करते हुए भारतीय समाज के स्थायित्व पर बल देना अति आवश्यक है! लेकिन वर्तमान भारतीय राजनीतिक परिवेश और वोट की राजनीति ने, मुगलों और अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ने का संकल्प ले रखा है! आजादी के बाद से आजतक जातिगत दुगुर्णों में काफी बदलाव लाया है लेकिन ये जाति पर राजनीति करने वाली पार्टियां, धो- पोछकर पुनः द्वेष और घृणा, चमका दे रहीं हैं!

आइये जरा इधर देखें--बिहार, यूपी आदि राज्यों में राजनीति का धरातल,जातिगत राजनीति पर हीं टिका रहा है! चाहे बिहार के लालुजी की आरजेडी हो या नितीश की जेडीयू! बिहार में, नितीशजी को प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब तड़पाने लगा है इसलिए विपक्षी एकता के साथ साथ हिंदूओं को जातिवाद की गहरी खाई में ढकेलने को कमर कस चूके हैं! जिसके तहत बिहार में 7 जनवरी से नितीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट लंच हो गया है जिसे " जातीय जनगणना " के नाम से जाना जाता है! इस प्रोजेक्ट के लिए 500 करोड़ अलॉट कर दिया गया है! जिसे पुरा करने हेतु 35000 कर्मचारियों को लगाया गया है!

नितीश कुमार अंग्रेजों के नक्शे कदम पर चल रहे हैं! इससे पहले अंग्रेजों ने 1930 में जातिगत जनगणना करायी थी जिसका स्पष्ट उद्देश्य था -- "बांटो और राज करो" ! नितीशजी भी जातिवाद के आधार पर अखिल भारतीय हिन्दू तोड़ो अभियान को धरातल देने के क्रम में राहुल गांधी के तर्ज पर कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक राष्ट्रीय यात्रा आरम्भ कर रहे हैं ताकि विपक्ष को सत्ता में लाया जा सके जिसमें अपने प्रधानमंत्री बनने का भाव परदे में रहेगा!

यही हाल तकरीबन यूपी की रही है मायावती हों या मुलायम बस हिंदूओं को "तोड़ो और राज करो" वाली नीति रही है!

इस जातिवादी राजनीति का बड़ा हीं भयंकर परिणाम सनातन संस्कृति एक हिन्दू धर्म पर छाने लगा है जबकि जिस जातिवादी राजनीति को लेकर ये सत्ता में आते हैं उन जातियों का कल्याण हुआ हो ऐसा बिलकुल नहीं है! हाँ ये जातिगत राजनीति करने वाले खाकपति से अरबपति जरूर बन गये!

वर्तमान, हिन्दूओं के लिए बड़ा हीं संक्रमण का दौर है। हमें बड़े हीं धैर्य और संकल्प के साथ शेष जातिगत असंतुष्ट प्रस्थितियों का प्रतिकार करना होगा। हमें ऐसे जातिवादी राजनीति करने वालों से सतर्क रहने की आवश्यकता है और अपने समाज के नासमझ लोगों को समझना भी होगा कि असल में ऐसे नेताओं का उद्देश्य पिछड़ों का उत्थान करना नहीं बल्कि अपने स्वार्थ के लिए उनके जातिगत इमोशन को भुनाना है!

आज जातिव्यवस्था के अवगुणों में जो उंच- नीच का भाव है या सोसल स्टेट्स निर्धारित करने की स्थिति है उसमें काफी बदलाव आ चूका है क्योंकि आज समाज में सामाजिक प्रस्थिति का निर्धारक तत्व जाति नहीं बल्कि धन हो चला है! अतः विकास को प्राथमिकता देना चालाकी होगी न की जाति को!!

खैर अन्त में, मैं यह निश्चित रूप से कहुँगा कि जबतक हिन्दू,इस व्यवस्था को अपनाते रहेगें तबतक भारत, भारत हीं रहेगा और जिस दिन जातिव्यवस्था से भारतीय समाज विमुख होगा, भारत हिन्दूओं का भारत नहीं रह जायेगा।



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

## 10जनवरी विश्व हिंदी दिवस

# हिन्दी है पहचान हमारी हिन्दी हम सब की परिभाषा

**रामरतन प्रसाद सिंह रत्नाकर**

हिन्दी सागर है तो लोक भाषाएं नदी हैं, एक दूसरे की सहयोगी हैं। आजादी के 75 साल गुजर जाने के बाद भी हिन्दी को सरकारी स्तर से वह सम्मान प्राप्त नहीं हो सका जिसका वह अधिकारी है।

बिहार में मगही, भोजपुरी और मैथिली भाषा के साथ हिंदी का संबंध निकट का है। इस संदर्भ में जॉर्ज ग्रियर्सन ने लिखा है कि बंगाल से पंजाब के बीच का हिस्सा मुख्य रूप से गंगा नदी के आसपास के क्षेत्र के लोग द्विभाषी हैं। अपने घर परिवार में अपनी मृत मातृभाषा में बात करते हैं और बाहरी लोगों से हिन्दी में बात करते हैं। यह भाषा साहित्य की खूबसूरती है।

1931 में जनगणना की रपट में डा. हटन ने पूरे बिहार को हिंदीभाषी प्रदेश माना है।

यह भी माना गया है कि बिहारी भाषा, जिसे पूर्व में बोलियां कहा जाता था, अब जब मगही, भोजपुरी, मैथिली भाषा का अपना साहित्य का भंडार है तो अब तीनों भाषा हैं और तीनों भाषा के शब्द भंडार से हिन्दी का भंडार भरा हुआ है।

खासकर मगही के आदि कवि सरह पाद को हिन्दी के कई मान्य विद्वानों ने हिन्दी का भी आदि कवि माना है, मगही कुरमाली बोलनेवाले जब बौद्धिक साहित्यिक राजनैतिक सामाजिक एवं अपनी संस्कृति का विकास करते हैं तब हिन्दी को ही अपनाते है।

लोक साहित्य प्रायः मौखिक होता है लेकिन लोककंठ में सुरक्षित रहकर परंपरागत ढंग से प्रवाहित होता रहता है। खासकर प्राचीनतम ऋग्वेद में ऋषि मुनियों के कथन है तो अथर्व वेद लोकजीवन से जुड़ा है। लेकिन दोनों एक दूसरे के पूरक हैं।

जॉर्ज ग्रियर्सन ने 1889 में मगध, भोजपुर और मिथिला में प्रचलित लोक गाथाओं का संग्रह किया था। गाथा को ज्यों के त्यों रूप में रखा और उसके भावार्थ अंग्रेजी में लिखा था। लोक गाथाओं में आल्हा उदल, विजय महल, गोपीचंद, सोठी बृजभार को बंगाल की पत्रिका में प्रकाशित किया गया। यह स्पष्ट है कि बंगाल से ही प्रथम हिन्दी पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ हुआ था।

कोटि-कोटि कांठो की भाषा जन मन की मुखरित अभिलाषा।
हिन्दी है पहचान हमारी हिन्दी हम सब की परिभाषा।।

भारत की आत्मा में हिन्दी निवास करती है। हिन्दी के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है। हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए 11 विश्व हिन्दी सम्मेलन अब तक हो चुके हैं। प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन नागपुर में हुआ था। 11वाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुई में 18 से 20 अगस्त 2018 में संपन्न हुआ था उस समय के विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने उक्त कार्यक्रम में कहा था कि वह दिन दूर नहीं जब हिन्दी संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकृत सातवीं भाषा बनेगी।



**रामरतन प्रसाद सिंह रत्नाकर**

# वृंदावनलाल वर्मा

वृंदावनलाल वर्मा (जन्मः 9 जनवरी, 1889; मृत्युः 23 फरवरी, 1969) ऐतिहासिक उपन्यासकार एवं निबंधकार थे। इनका जन्म मऊरानीपुर, झाँसी (उत्तर प्रदेश) में हुआ था। इनके पिता का नाम अयोध्या प्रसाद था। वृंदावनलाल वर्मा जी के विद्या-गुरु स्वर्गीय पण्डित विद्याधर दीक्षित थे।


**जीवन परिचय**

वृंदावनलाल वर्मा की पौराणिक तथा ऐतिहासिक कथाओं के प्रति बचपन से ही रुचि थी। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा भिन्न-भिन्न स्थानों पर हुई। बी.ए. करने के पश्चात इन्होंने कानून की परीक्षा पास की और झाँसी में वकालत करने लगे। इनमें लेखन की प्रवृत्ति आरम्भ से ही रही है। जब नवीं श्रेणी में थे, तभी इन्होंने तीन छोटे-छोटे नाटक लिखकर इण्डियन प्रेस, प्रयाग को भेजे और पुरस्कार स्वरूप 50 रुपये प्राप्त किये। 'महात्मा बुद्ध का जीवन-चरित' नामक मौलिक ग्रन्थ तथा शेक्सपीयर के 'टेम्पेस्ट' का अनुवाद भी इन्होंने प्रस्तुत किया था।

**साहित्यिक जीवन**

1909 ई. में वृंदावनलाल वर्मा जी का 'सेनापति ऊदल' नामक नाटक छपा, जिसे सरकार ने जब्त कर लिया। 1920 ई. तक यह छोटी-छोटी कहानियाँ लिखते रहे। इन्होंने 1921 से निबन्ध लिखना प्रारम्भ किया। स्काट के उपन्यासों का इन्होंने स्वेच्छापूर्वक अध्ययन किया और उससे ये प्रभावित हुए। ऐतिहासिक उपन्यास लिखने की प्रेरणा इन्हें स्काट से ही मिली। देशी-विदेशी अन्य उपन्यास-साहित्य का भी इन्होंने यथेष्ट अध्ययन किया।

वृंदावनलाल वर्मा जी ने सन् 1927 ई. में 'गढ़ कुण्डार' दो महीने में लिखा। उसी वर्ष 'लगन', 'संगम', 'प्रत्यागत', कुण्डली चक्र', 'प्रेम की भेंट' तथा 'हृदय की हिलोर' भी लिखा। 1930 ई. में 'विराट की पद्मिनी' लिखने के पश्चात कई वर्षों तक इनका लेखन स्थगित रहा। इन्होंने 1939 ई. में धीरे-धीरे व्यंग्य तथा 1942-44 ई. में 'कभी न कभी', 'मुसाहिब जू' उपन्यास लिखा। 1946 ई. में इनका प्रसिद्ध उपन्यास



'झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई' प्रकाशित हुआ। तब से इनकी कलम अवाध रूप से चलती रही। 'झाँसी की रानी' के बाद इन्होंने 'कचनार', 'मृगनयनी', 'टूटे काँटें', 'अहिल्याबाई', 'भुवन विक्रम', 'अचल मेरा कोई' आदि उपन्यासों और 'हंसमयूर', 'पूर्व की ओर', 'ललित विक्रम', 'राखी की लाज' आदि नाटकों का प्रणयन किया। 'दबे पाँव', 'शरणागत', 'कलाकार दण्ड' आदि कहानीसंग्रह भी इस बीच प्रकाशित हो चुके हैं।

**पुरस्कार व उपाधि**

वृंदावनलाल वर्मा जी भारत सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश राज्य के साहित्य पुरस्कार तथा डालमिया साहित्यकार संसद, हिन्दुस्तानी अकादमी, प्रयाग (उत्तर प्रदेश) और नागरी प्रचारिणी सभा, काशी के सर्वोत्तम पुरस्कारों से सम्मानित किये गये हैं। अपनी साहित्यिक सेवाओं के लिए वृंदावनलाल वर्मा जी आगरा विश्वविद्यालय द्वारा डी. लिट. की उपाधि से सम्मानित किये गये। इनकी अनेक रचनाओं को केन्द्रीय एवं प्रान्तीय राज्यों ने पुरस्कृत किया है।

**कृतियाँ मृगनयनी**

वृंदावनलाल वर्मा जी की इतिहास, कला, पुरातत्त्व, मनोविज्ञान, साहित्य, चित्रकला एवं मूर्तिकला में विशेष रुचि है। इनकी प्रमुख कृतियाँ इस प्रकार है-

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## प्रदेशीय विद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता में आशु व श्रेय को मिला कांस्य पदक

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : सिद्धिपुर करंजा कला विकासखंड के 2 छात्रों को 66वें प्रादेशिक विद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता प्रयागराज में कांस्य पदक हासिल किया। इस सफलता के लिए लोगों ने दोनों छात्रों की सराहना की 66वीं प्रादेशिक विद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता प्रयागराज की एग्रो बंगाली इंटर कॉलेज प्रयागराज परिसर में हुई थी। प्रतियोगिता 5 से 7 जनवरी के बीच कराई गई जो पुरुष एवं महिला वर्ग के खिलाड़ियों की बिच थी। प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के तीरंदाज अभ्यर्थी भाग लिया जिसमें सरायख्वाजा क्षेत्र के श्री देव पब्लिक स्कूल के छात्र श्री यादव ने पदक प्राप्त कर प्रदेश स्तरीय टीम में जगह बनाई और ऋषि कुल इंटर कॉलेज कोटवार के कक्षा नौ की छात्रा आशू यादव ने महिला वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया दोनों ने विजेता नेशनल टीम में अपनी जगह बना ली हैं और प्रदेश की टीम में खेलने जाएंगे। दोनों छात्र की तैयारी जिला तीरंदाजी संघ जौनपुर द्वारा संचालित एकेडमी में कराया गया था। सचिव सुमंत यादव ने इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया इस सफलता के लिए अन्य खिलाड़ियों ने भी खुशी जताई।



## पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : धमार्पुर विकासखंड में पुलिस अधीक्षक अजय साहनी द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत गौराबादशाहपुर थाना अध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक इष्ट देव पांडे व अश्वनी राय ने गैर जमानती वारंटी अलीम पुत्र बेचू निवासी धमार्पुर व राजकुमार पुत्र राजबली निवासी आरा थाना गौराबादशाहपुर को रविवार को घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उक्त दोनों वारंटी अपने मुकदमे में काफी दिनों से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए दोनों को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## बज्मे शिराजे हिन्द के आवाहन पर भव्य आयोजन, सांसद ने किया सहभाग

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर : बज्मे शिराजे हिंद के अहवान पर जौनपुर शायरों के साथ जामिया ग्रुप आफ इनिस्ट्रूशन के चेयरमैन अनवार अहमद कासमी ने शिरकत की और अपना कलाम पेश किया। प्रोग्राम की सदारत नादिम जौनपुरी ने की जबकि संचालन मजहर आसिफ ने किया। मुख्य अतिथि सांसद जौनपुर श्याम सिंह यादव रहे।



अपनी उपस्थिति से सांसद ने कवि सम्मेलन को कामयाबी से हमकनार किया। संचालक मजहर आसिफ ने मौलाना अनवार अहमद कासमी का परिचय देते हुए कहा की मौलाना केवल एक साहित्यकार और कवि नहीं हैं बल्कि शिक्षा जगत में भी अपनी अलग पहचान रखते है। जिसका परमाड़ लड़कियों के लिए जामिया मोनीना लिल बनत ,मदर आयशा सीनियर सेकेंडरी स्कूल , एम ए, अशोएब आ-ईटीआई,मदर आयशा आईटीआई जस्ट लाइक होम पले स्कूल और विभिन्न दिहातों में स्थापित किए गए वो शिक्षण संस्थान हैं जो इन की शिक्षा प्रेम का जीता जागता उदाहरण है। आखिर में सांसद ने तमाम शायरों और कवियों का शुक्रिया अदा किया और मौलाना अनवार अहमद कासमी की उन के कामों के लिए सराहना की।

## कड़कड़ाती ठंढ में दुबिहां मोड एवं गौशाला पर जला अलाव

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के ब्यस्ततम तीराहा दुबिहां मोड पर हाड़ को कंपाने वाली सर्दी एवं गलन में लोगों को राहत दिलाने के लिए प्रधान प्रतिनिधि करीमुद्दीनपुर फैयाज अहमद के द्वारा अलाव की ब्यवस्था उपलब्ध कराई गयी। बहुत दिन से लोग जाडे के मौसम में बढ़ती ठंड एवं सर्दी से राहत के लिए अलाव की मांग कर रहे थे।अलाव की ब्यवस्था होने से रात्रि में ड्यूटी करने वाले होमगाड्र्स एवं पुलिस के जवान सहित दुबिहां मोड से यात्रा करने वाले यात्रियों एवं स्थानीय दुकानदारों को भी काफी राहत मिलेगी।दुबिहां मोड के अलावा करीमुद्दीनपुर गौशाला पर भी अलाव की ब्यवस्था की गयी है।लोगों ने करीमुद्दीनपुर प्रधान पति मोहम्मद अलीम एवं प्रधान प्रतिनिधि फैयाज अहमद के प्रति आभार ब्यक्त किया है।



## समर्थ नारी समर्थ भारत की तरफ से कंबल व गर्म कपड़ों का वितरण

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफदैनिक समाज जागरण**

मऊ : समर्थ नारी समर्थ भारत की जिला संयोजिका विनीता दीक्षित पांडेय के नेतृत्व में रविवार को गायघाट शिवमंदिर पर जरूरत मंदों को गर्म कपड़े व कंबल का वितरण किया गया। कहा कि इस समय ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है,ऐसे मे गरीब व जरूरतमंद लोगो के लिए ठंड से मुश्किलों का सामना करना पड रहा है। समर्थ नारी संगठन मानवता के लिए कार्य करती है। यह समाज हम सब का परिवार है, हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझने लगे तो आज कोई व्यक्ति ठंड से ठिठुरेगा नहीं, कोई भूखे भटकेगा नहीं, हर व्यक्ति को अपने-अपने स्तर पर प्रयास करते रहना चाहिए। जिला सचिव नूपुर अग्रवाल ने कही कि असहनीय ठंड मे रहने वाले जरूरतमंद को मदद मिलेगी, उन्होने लोगों से कड़ाके की ठंड में गरीबों की मदद के लिए आगे आने का आग्रह किया। प्रीतुलता पांडेय ने कही कि गर्म कपडे व कंबल पाकर गायघाट पर रहने वाले महिला-पुरुष और बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे, यह खुशी देखकर जो आत्मसंतुष्टि मिली है उसे शब्दों में पिरो पाना मुश्किल है। कोषाध्यक्ष ज्योति सिंह ने कहा कि लोगों की सहायता के लिए हमारा संगठन आगे आता है। इस मौके पर मुख्य डा. नम्रता श्रीवास्तव, ममता जयसवाल, ज्योति खंडेलवाल, मधुलिका बनरवाल, कृष्णा खंडेलवाल, पुष्पा जायसवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।



## श्रद्धालुओं के लिए शुरू हुआ माघ माह का पवित्र स्नान, गोमती नदी तट पर हो रही स्नानार्थियों का जुटान

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

पौष शुक्ल पूर्णिमा से माघ स्नान प्रारंभ हो गया। गंगा गोमती के पवित्र नदियों में माघ का पूरा माह स्नान, दान, पुण्य के लिए शुभ माना गया है। धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से माघ स्नान का बड़ा महत्व बताकर इसे मोक्ष प्रदाता कहा गया है। माघ मास में खरौना स्थित गंगा गोमती संगम और गंगा के सभी घाट, गोमती सहित अन्य नदियों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नानार्थियों की भीड़ लगती है। माघ मास के ब्रह्म मुहूर्त में जागकर पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का क्षय होता है। इस माह में दान-पुण्य, रोगियों, निशक्तों की सेवा करने से शुभ फल प्राप्त होते हैं। गंगा में एक बार डुबकी लगाने से समस्त पापों का नाश होता है और व्यक्ति की आध्यात्मिक चेतना जागृत होती है। इस माह में अपने गुरु या ईष्ट के मंत्रों का जाप करने से आत्मसंयम की प्राप्ति होती है। माघ माह में पवित्र नदियों के तट पर निवास करने का भी बड़ा महत्व है। पवित्र नदियों के तट पर कल्पवास करने के दौरान संयम, धैर्य और मौन रहते हुए सात्विक जीवन जीना चाहिए। ब्रह्म मुहूर्त में जागकर पवित्र नदियों का जल डालकर घर में स्नान करें। माघ माह में दान का भी बड़ा महत्व बताया गया है। इस माह में गरीबों, निशक्तों, अनाथों, दिव्यांगों, दृष्टिहीनों को आवश्यकता की वस्तुएं भेंट करना चाहिए। अनाज, फल, कपड़े, जूते-चप्पल, गर्म कपड़े, कंबल, भोजन, दवाइयों आदि का दान करना लाभकारी होता है।



## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ हेतु यज्ञशाला निर्माण प्रारंभ

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के हरदासपुर कला ग्राम पंचायत के परासर ब्रह्म बाबा धाम पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन के निमित्त भक्तजन जी जान से जूट गये हैं। मऊ जनपद के दोहरीघाट के मशहूर कारीगरों द्वारा धाम परिसर में एक भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य चल रहा है। यज्ञ आयोजकों और भक्त श्रद्धालुओं की देखरेख में धाम के चारों तरफ झाड़ झंखार और घास फूस को काटकर जहां साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है वहीं परिसर को सुंदर सुरम्य बनाने के लिए मिट्टी समतलीकरण का कार्य भी जोरों पर है।आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा दैनिक देखभाल करते हुए अपने कर्तव्य और दायित्व का निर्वहन किया जा रहा है।विदित हो कि अति चर्चित पवित्र धाम पर लंबे अंतराल के बाद लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन राष्ट्र की सुख, समृद्धि, सद्भाव और शांति के उद्देश्य से किया गया है। उक्त नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ आगामी 25 फरवरी से होगा। इस यज्ञोत्सव में देश के प्रख्यात कथावाचक और भगवद्भक्ति लीलाओं के मंचन हेतू नाट्यशाला के विख्यात कलाकार भाग लेंगे।



## तीनों तापों को हरने वाली है श्रीराम कथा-शांतनु महाराज

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के दिलदार नगर में रामायणम परिवार की तरफ से नगर के राधाकृष्ण गुप्ता आदर्श इंटर कालेज के खेल मैदान में आयोजित छः दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा में ठंढ एवं गलन के बावजूद आस्था भारी पड़ रही है।कथा श्रवण करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। राष्ट्रीय कथा वाचक शांतनु महाराज ने अपने मुखारबिंद से श्रीराम कथा रूपी अमृत वर्षा करते हुए कहा की श्रीराम कथा दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों तापों को हरने वाली है। उन्होंने कहा की जिस पर प्रभु की कृपा होती है उन्हें ही यह कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है। श्रीराम कथा कल्पवृक्ष है इसके नीचे बैठ कर जो मांगेंगे वह जरूर मिलेगा।

राम कथा सुनने से जन्म जन्म की व्यथा भी मिट जाती है। लंका में भी हनुमान जी ने विभिषण को राम कथा सुनाई थी। कथा सुनने से दर्शन होता है और भगवान भी मिलते हैं। बाबा तुलसीदास ने सात कांड में रामचरितमानस लिखी थी।जो लोग इस संसार रूपी भवसागर से पार पाना चाहते हैं उसके लिए सिर्फ राम नाम की नौका काफी है। बस एक बार आप भगवान के नाम पर विश्वास करके देखिए,प्रभु श्रीराम आपको हर दुखों से पार कर देंगे। शांतनु महाराज ने बताया की प्रभु श्रीराम की कथा तो चन्द्रमा की किरण के समान है।



## मुख्खू के पेट की तपन पर भारी सर्दी का सितम

**– बूट पालिस कर जीविकोपार्जन करता है मुक्खू, शहर कोतवाली के मुंशीपुरा का है निवासी**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : नगर के मुंशीपुरा निवासी मुक्खू के लिए सर्दी और गर्मी सभी एक समान है। पेट की भूख मिटाने और परिवार की परवरिश के लिए वह पिछले कई वर्षों से अपने तीन बच्चों के साथ काली माता के मंदिर के पास बूट पालिश करता है। दिन भर काम करने के बाद जो मिला उसी पर परिवार के पांच लोगों का पेट पल रहा है।

मुक्खू का कहना है कि पत्नी भी मजदूरी करती है। इसलिए घर पर ताला बंद करना पड़ता है। तीन छोटे बच्चों को लेकर वह सुबह से मंदिर के पास बूट पालिस की सामाग्री लेकर बैठ जाता है। पूरे दिन आने वाले ग्राहकों से जो भी पैसा मिलता है, उससे परिवार का भरण पोषण चल रहा है। मुक्खू के तीन बच्चे हैं। सबसे बड़ा रिक्कित सात वर्ष का है, जबकि दूसरे नंबर पर पांच वर्ष का अमरजीत है। वह पैर से दिव्यांग है। तीसरे नंबर पर तीन वर्ष की बेटी मनीषा है। ठंड के कारण इन दिनों कक्षा आठ तक के विद्यालय बंद है। पत्नी के मजदूरी पर जाने के कारण वह तीनों के अपने साथ लेकर ही रहता है। हाड़ कंपाती ठंड में लोग घरों में दुबके रहते है, ऐसे में इन बच्चों को खूले आसमान के नीचे देख राह से गुजरने वाले हर व्यक्ति निहारता है। एक पतली सी चादर में तीनों बच्चों एक दूसरे को ठंड से बचाव के लिए आपस में समाने का प्रयास करते है। उसने बताया कि ठंड से बचाव के लिए अभी तक नगर पालिका या किसी भी व्यक्ति की तरफ से कोई मदद नहीं मिली है। दूसरी तरफ प्रशासन कंबल वितरण का कार्य कर रहा है लेकिन मुक्खू का परिवार ठंड में ठिठुर रहा है।



## पूर्व विधायक के प्रपौत्र की पीटकर हत्या

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

**– कोपागंज थाना के लैरोदोनवार निवासी थे पूर्व विधायक केदारनाथ सिंह**
**– शनिवार की देर रात राजमार्ग किनारे लहूलुहान अवस्था में मिला था युवक**
**– पुलिस ने जिला पंचायत और प्रधान सहित सात लोगों को लिया हिरासत में**

मऊ : कोपागंज के लैरोदोनवार निवासी घोसी विधानसभा के पूर्व विधायक स्व. केदारनाथ सिंह के प्रपौत्र 22 वर्षीय हिमांशु सिंह को शनिवार की रात लाठी-डंडे से पीटकर अधमरा कर दिया गया। वह घायलावस्था में थाना के बनसती मुहम्मदपुर के पास सड़क किनारे मिला। घटना की जानकारी होने पर स्वजन आनन-फानन उसे जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे कि बलिया मोड़ के पास रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया, वहीं जिला पंचायत और प्रधान सहित सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ में लगी रही। कोपागंज के लैरो दोनवार निवासी पूर्व विधायक स्व. केदारनाथ सिंह का घोसी के कस्बा खास मोहल्ले में निजी मकान था। हिमांशु अपनी मां संगीता सिंह व बुआ पुष्पा सिंह के साथ रहता था। शनिवार की देर शाम करीब छह बजे हिमांशु के कुछ दोस्त उसे घर से उसे लेकर गए। शाम करीब साढ़े सात बजे उसे हिमांशु के मोबाइल पर बुआ ने फोन कर भोजन करने के लिए बुलाया। हिमांशु ने कुछ देर में आने की बात कही। रात के लगभग 10 बजे उसका मोबाइल अचानक बंद हो गया। कुछ देर बाद उसी के मोबाइल से किसी ने बुआ के मोबाइल पर फोन किया और बताया कि हिमांशु के सिर, हाथ व पैर में गंभीर चोट लगी है। वह घायल अवस्था में बनसती मुहम्मदपुर के पास राजमार्ग के किनारे पड़ा हुआ है। बुआ पुष्पा सिंह ने इसकी जानकारी परिवार के अन्य सदस्यों को दिया। सभी आनन-फानन घटनास्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से उसे सदर अस्पताल ले जा रहे थे। अभी एंबुलेंस बलिया मोड़ के पास पहुंचे ही थी कि रास्ते में ही हिमांशु की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद स्वजन दहाड़े मारकर रोने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही कोपागंज थाना प्रभारी अमित मिश्रा भी पुलिस बल के साथ पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की बुआ पुष्पा सिंह ने शनिवार की सुबह तहरीर दी। उधर देर रात को ही पुलिस ने पूछताछ के लिए जिला पंचायत सदस्य मझवारा पंकज भारती, ग्राम प्रधान रघौली विजय कुमार सहित सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



पुलिस कई बिंदुओं पर मामले की जांच कर ही है। प्रथम दृष्टया मामला आपसी रंजिश में हत्या का है, बुआ की तरफ से तहरीर मिली है। कुछ लोगों से पूछताछ जारी है। जल्द ही मामले का राजफाश होगा।

- त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक

## कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालय 14 जनवरी तक बंद

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण मऊ : भीषण शीततलहरी को देखते हुए जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कक्षा 1 से 8 तक के समस्त बोर्डों के विद्यालयों को 14 जनवरी तक बंद करने का आदेश जारी किया है। परिषदीय विद्यालयों में पहले से ही 1 से 15 जनवरी तक अवकाश घोषित है। जनपद में सीबीएसई, आईसीएसई सहित सभी अनुदानित एवं प्राइवेट स्कूलों को जिलाधिकारी ने इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहीं से भी शिकायत पाए जाने पर संबंधित विद्यालय के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दिया।

## अग्रवाल समाज का ऐतिहासिक चुनाव सम्पन्न

**श्री अग्रसेन हितकारिणी समिति के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष रिंकू अग्रवाल व मंत्री बने आशीष सेठ**

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। जनपद के प्रतिष्ठित अग्रवाल समाज की श्री अग्रसेन हितकारिणी समिति परसपुरा का ऐतिहासिक चुनाव श्री महाराजा अग्रसेन मैरिज हाल में सम्पन्न हुआ। इस चुनाव पर पूरे जिले के बड़े व्यापारियों की नजरे टीकी थीं क्योंकि विगत माह पहले कुछ लोगों ने समिति का नाम बदलकर कार्यकारिणी में अध्यक्ष और महामंत्री बन गये थे। जब इस घटना का पता चला तो तत्कालीन अध्यक्ष अजय अग्रवाल उर्फ पप्पू अग्रवाल के नेतृत्व में सैकड़ों अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित लोग परसपुरा स्थित श्री महाराजा अग्रसेन मैरिज हाल पर जाकर गेट मे ताला लगा दिया। इसके बाद समाज के बड़े बुजुर्गो के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों में समझौता हुआ जिसके क्रम में आज चुनाव हुआ है। मुख्य चुनाव अधिकारी वरुण अग्रवाल, सहायक चुनाव अधिकारी नारायण दास अग्रवाल, रामदास अग्रवाल ने चुनाव सम्पन्न कराया। मुख्य चुनाव अधिकारी वरुण अग्रवाल ने चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए कहा कि श्री अग्रसेन हितकारिणी समिति परसपुरा के नये अध्यक्ष अजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष अतुल अग्रवाल, संदीप अग्रवाल उर्फ रिंकू अग्रवाल, मंत्री आसित सेठ, उप मंत्री अशोक कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीरज अग्रवाल, आय-व्यय निरीक्षक सुधीर अग्रवाल, प्रबंधक रवि अग्रवाल चुने गये हैं। कार्यकारिणी के सदस्य भागवत दास अग्रवाल, स्वयं प्रकाश अग्रवाल, विजय अग्रवाल, आनंद कुमार अग्रवाल, आनंद प्रकाश आग्रवाल, राकेश कुमार अग्रवाल उर्फ प्रिंस, अरविंद जी अग्रवाल, पियुष सिंघल, प्रशांत गोयल, अंशु अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल व नीतिश कुमार अग्रवाल चुने गये हैं। नव निर्वाचित अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि समाज के सभी लोगों को साथ लेकर अग्रवाल समाज व जिले के विकास के लिए कार्य किया जायेगा। समाज के गरीब तबके के लोगों को हर संभव सहयोग दिया जायेगा जिससे कि वह मुख्य धारा में शामिल हो सके।



## शहीद शशांक सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत रविवार को फाइनल मुकाबले मे मऊ ने आजमगढ़ को 24 रन से हराकर खिताब जीता

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

नेशनल इण्टर कालेज कासिमाबाद के मैदान पर अमर शहीद शशांक सिंह क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत टास हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुये मऊ ने निर्धारित 20 ओवर मे 7 विकेट खोकर 199 रन बनाये, रोहित ने 52 और राहुल ने आक्रामक 68 रन बनाये, बनाये,,आजमगढ़ की तरफ से रामसरीख ने 31 रन देकर तीन विकेट लिए,

जबाब मे 200 रन का पीछा करती आजमगढ़ की टीम 4 विकेट पर 175 रन ही बना सकी,अमित ने सर्वाधिक 6 चौके पांच छक्के की मदद से 57 गेंद पर 86 बनाये,धनंजय 37, वैभव 27,यशवंत ने 17 रन बनाये,मऊ के तरफ से अमित ने 41 रन देकर दो विकेट लिए,मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार राहुल के हिस्से मे आया, मैन आफ द सीरीज अमित भगत, जबकि सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार आजमगढ़ के रामसरीख और बेस्ट बैटसमैन का पुरस्कार अमित भगत के नाम रहा। मैच की निर्णायक की भूमिका अंकुर सिंह और अखिलेश गुप्ता ने निभाया और कमेन्ट्री की जिम्मेदारी विमलेश तिवारी, अजय यादव,महेश प्रजापति और विशाल सिंह ने निभाया।

इसके पूर्व फाइनल मैच मे पूर्व क्रिकेटर शाहिद द्वारा दिये गये सोने के सिक्का टास के लिए उछाला गया जो जिला पंचायत सपना सिंह ने उछाला और खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। जबकि विजेता ट्राफी को पुरस्कार अभिनव सिन्हा के हाथों दिया गया।इस दौरान शहीद शशांक सिंह को याद करते हुए एलजी पुत्र अभिनव सिंहा ने नमन करते कहा कि शहीद को याद करना कोई कारण मापदंड है तो क्षेत्र के लोगों में शहीद के प्रति स्नेह सम्मान को आवाम ने इस क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत उपस्थिति दर्ज कर चरितार्थ किया है। मैं अपनी तरफ से दोनों ही टीमों को जबरदस्त प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इस दौरान राजकुमार सिंह झाबर,अरूण सिंह, अखिलेश राय, ब्लाक प्रमुख मनोज गुप्ता, सौरभ सिंह, कृष्णा यादव, भोला यादव, सुनील गुप्ता, मयंक राय, बीरू चौहान, सनी सिंह, अरविंद जायसवाल,सहित हजारों दर्शक मौजूद रहे।

पूरे टूनामेंट का मैन आफ द मैच आजाद के द्वारा चांदी का सिक्का दिया गया कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र यादव ने अंत मे सबका आभार व्यक्त किया।




## आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए तैयार नया पोर्टल बना मुसीबत

**– सेतु पोर्टल में अटक गए 43 हजार कार्ड, गंभीर संकट**
**– 24 घंटे में बनने वाला कार्ड महीनों से अटका**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए बनाया गया नया सेतु पोर्टल फेल साबित हो रहा है। इसमें करीब 43 हजार 986 कार्ड अटक गए हैं। इसकी वजह से विभाग के सामने आयुष्मान कार्ड बनाना काफी मुसीबत भरा हो गया है। जो कार्ड 24 घंटे में बन जाने चाहिए, वह महीनों में भी नहीं बन पा रहे हैं।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थी कार्ड न बनने के कारण गंभीर बीमारियों का इलाज बंद कर दिया गया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रति परिवार प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज पात्रों को दिया जाता है। सरकार द्वारा लगातार आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन पुराना पोर्टल बीआइएस 1.0 जब तक चलता रहा, तब तक इसके धीमा चलने की शिकायत आती रही और बाद में इस पोर्टल को तकनीकी खामियों के चलते अब एक दिसंबर से नया सेतु पोर्टल बीआईएस 2.0 एप अपडेट किया गया है। लेकिन यह पुराने एप की तरह काम कर रहा है। इसके कारण कार्ड नहीं बन पा रहे हैं और गंभीर रोगी अपना इलाज भी नहीं करा पा रहे हैं। पिछले 30 दिनों में कुल 78 हजार 802 आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गयए है। अब तक 34 हजार 616 कार्ड का एप्रुवल हो गया है, वही 43 हजार 986 कार्ड पेडिंग में पड़े है। कार्ड बनाने वाली संस्था साचीज द्वारा परिवार की संख्या को तीस नवंबर से अपडेट ही नहीं किया गया है।

--------------------

**जिले में आयुष्मान कार्ड की प्रगति**
**कुल लक्ष्य--789855**
**अभी तक बने कार्ड की संख्या--357702**
**कार्ड बनाने का प्रतिशत----45.30**

--------------

आयुष्मान कार्ड बनाने वाले नए पोर्टल से कुछ समस्या आ रही है। इसके लिए अधिकारियों से बात की गई है। आने वाले कुछ दिनों में सब सही हो जाएगा। पोर्टल अपडेट होने के बाद से लाभार्थी का कार्ड बनना शुरू हो जाएगा।




डा. आरबी सिंह, नोडल अधिकारी

## हर घर में उपासक के साथ सहयोग लेगा गायत्री परिवार

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

*– गायत्री परिवार संगठन को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से बाग सींच गए जोन प्रभारी*
*– नगर के सहादतपुरा में रविवार को गायत्री परिवार संगठन की बैठक*
*– शांतिकुंज हरिद्वार से जारी संगठन का निर्देश, बताया मिशन का लक्ष्य*

मऊ : गुरु अगर कमजोर हो तो नुकसान होता है। गायत्री परिवार के भाइयों का गुरु इतना मजबूत है कि किसी का कुछ नहीं होता। इसलिए गुरुदेव के साथ जुड़िए और अन्य को जोड़कर इस कड़ी को और भी मजबूत करने का प्रयास करिए। गायत्री परिवार की संस्थापक माता जी के जन्म शताब्दी के अवसर पर प्रत्येक घर में एक माला जप और एक रुपये निकालने का कार्य करना है। उक्त बातें वाराणसी जोन के प्रभारी मखन सिंह ने रविवार को उपजोन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही। कहा कि यह सोचना गलत है कि हम क्या कर रहे हैं सौभाग्य यह है कि सभी सोचे कि गुरुजी ने इस लायक हमको चुना है। जोन प्रभारी ने शांतिकुंज हरिद्वार के संदेश सभी उपजोन के सदस्यों को विस्तार से बताया। कहा कि हम बहुत बढ़े हैं पर आज हमारा संगठन कुछ कमजोर हो रहा है इसकी स्थिति का आकलन सबको समझने की आवश्यकता है। युवाओं को सहेज कर रखने की सिफारिश किया। सभी से कहा संगठन को परिवार मानकर चलाइए सब ठीक है। अंशदान, समयदान और जप का लक्ष्य निर्धारित करिए। उप जोन प्रभारी रामजीत पांडेय ने कहा कि प्रतिदिन सवा करोड़ जप करना है। एक रुपया प्रतिदिन निकालना है। साधक लक्ष्य मुश्किल नहीं है। गायत्री को हर घर में स्थापित करना है। बैठक में जिला प्रभारियों ने अपने जिलों की प्रगति रिपोर्ट बताई। बैठक में बलिया से विजेंद्र नाथ चौबे, रकिश पांडेय, शशिकांत ओझा, रविंद्र नाथ पांडेय, प्रमील कुमार दुबे, दिनेश पांडेय, मऊ से अरविंद मिश्रा, रामसुख यादव, आजमगढ़ से बलिराम गाजीपुर से लौहर सिंह यादव अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। उपजोन प्रभारी प्रमोद राय ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन रामसुख यादव ने किया।



## सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 55 चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

मऊ : सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत नेत्र परीक्षण कार्यक्रम रोडवेज कैंपस सहादतपुरा में किया गया। डा. आशीष त्रिपाठी के द्वारा 55 चालकों/परिचालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिन चालकों के नेत्र में कमी मिली उनको आवश्यक दवा चश्मे लगाने के निर्देश दिए गए साथ ही एआरएम एके बाजपेई एवं यात्री कर अधिकारी अरविंद कुमार जैसल के द्वारा चालकों /परिचालकों को यातायात जागरूकता संबंधी नियमों की जानकारी दी गई।

# मुख्यमंत्री ने जनपद वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी सुफलाम में जनसभा को संबोधित किया

**किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध,**
**किसानों को विभिन्न योजनाओं के जरिए लाभ दिया जा रहा: मुख्यमंत्री**
**जलवायु परिवर्तन से हो रहे खतरे को देखते हुए अब समय**
**की मांग है कि गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर जोर दिया जाए**
**मुख्यमंत्री ने किसानों से गौ आधारित प्राकृतिक खेती की ओर लौटने की अपील की**
**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती का राष्ट्रीय मिशन स्थापित किया गया**
**राज्य सरकार ने उ0प्र0 प्राकृतिक खेती बोर्ड के गठन का निर्णय लिया**
**प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अगले एक वर्ष तक भारत जी-20 देशों की**
**अध्यक्षता करते हुए दुनिया को नया मार्गदर्शन देगा, यह भारत के लिए गर्व की बात**
**मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता भवन में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया**




**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 08 जनवरी, 2023 को जनपद वाराणसी में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी सुफलाम् में जनसभा को सम्बोधित करते हुए।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद वाराणसी में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन में आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी सुफलाम के तकनीकी सत्र के बाद जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। किसानों को विभिन्न योजनाओं के जरिए लाभ दिया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन से हो रहे खतरे को देखते हुए अब समय की मांग है कि गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर जोर दिया जाए। जलवायु परिवर्तन की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान धरती और जल का ही हुआ है। धरती माता के साथ खिलवाड़ हर हाल में बंद होना चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि केमिकल युक्त खेती की जगह गौ आधारित प्राकृतिक खेती की जाए। उन्होंने किसानों से गौ आधारित प्राकृतिक खेती की ओर लौटने की अपील की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती का राष्ट्रीय मिशन स्थापित किया गया है। प्रदेश में गंगा जी के तटवर्ती जनपदों एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सभी सात जनपदों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश प्राकृतिक खेती बोर्ड के गठन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि लोग विकास के लिए पर्यावरण को जहरीला बनाते जा रहे हैं। जीवन का अस्तित्व पांच तत्वों-क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर से ही है। अब इन्हें बचाने की जरूरत है। प्रयागराज कुंभ-2019 में 24 करोड़ श्रद्धालु आए थे और दुनिया के सामने सुरक्षा, सुव्यवस्था व स्वच्छता का एक बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत हुआ था।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में भारत ने बहुत सारी उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अगले एक वर्ष तक भारत जी-20 देशों की अध्यक्षता करते हुए दुनिया को नया मार्गदर्शन देगा। यह भारत के लिए गर्व की बात है। जिस ब्रिटेन ने हम पर 200 वर्षों तक शासन किया था, आज उसी ब्रिटेन को पछाड़कर भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है। यह वर्ष हम लोगों के लिए महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना से जब पूरी दुनिया पस्त थी। भारत ने लोकतांत्रिक मूल्यों एवं आदर्शों का सम्मान करते हुए अपनी लगभग 140 करोड़ की आबादी के लिए सुरक्षा कवच के रूप में स्वदेशी वैक्सीन विकसित की। यह नए भारत की नई तस्वीर को प्रस्तुत करता है। भारत की दोनों कोरोना वैक्सीन दुनिया में सबसे प्रभावी वैक्सीन रहीं।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने स्वतंत्रता भवन में लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने भी सम्बोधित किया। संगोष्ठी में भूमि और सतत विकास, भूमि उपयोग, प्रबंधन और कानून, भूमि और स्वास्थ्य, भूमि एवं अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य, खेती की पद्धति में बदलाव और उसके परिणाम के साथ ही भूस्खलन एवं खनन पर भी मंथन हुआ।

इस अवसर पर जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रवीन्द्र जायसवाल, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्व सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने जनपद वाराणसी में संत रविदास पार्क में संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

## *मुख्यमंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया*

**मुख्यमंत्री ने गंगा उस पार रेती में बनायी जा रही टेण्ट सिटी का निरीक्षण किया**

**मुख्यमंत्री ने नगर निगम द्वारा स्थापित रैन बसेरे का निरीक्षण किया,**
**वहां रह रहे लोगों से उनका कुशलक्षेम पूछा और उन्हें कम्बल वितरित किये**

**रैन बसेरों में बिस्तर एवं कम्बल आदि के साथ शौचालय**
**एवं साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएः मुख्यमंत्री**



**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी 08 जनवरी, 2023 को जनपद वाराणसी में संत रविदास पार्क में संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद वाराणसी भ्रमण के दौरान संत रविदास पार्क में संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे यहीं से क्रूज द्वारा गंगा उस पार रेती में बनायी जा रही टेण्ट सिटी का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। इसके पश्चात उन्होंने नगर निगम द्वारा स्थापित रैन बसेरे का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां रह रहे लोगों से उनका कुशलक्षेम पूछा और उन्हें कम्बल वितरित किये। रैन बसेरे में रह रहे लोगों ने रैन बसेरे की व्यवस्था पर संतोष जताया।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ठण्ड के मौसम में कोई भी व्यक्ति खुले में न सोने पाए। रैन बसेरों में बिस्तर एवं कम्बल आदि की समुचित व्यवस्था होने के साथ ही शौचालय एवं साफ सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। रैन बसेरों में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

इस दौरान कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रवीन्द्र जायसवाल, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्व सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


# नोएडा वेंडिंग जोन : अवैध वेंडर के कारण जोन का किराया निकालना भी मुश्किल : वेंडर

**समाज जागरण नोएडा**

नोएडा प्राधिकरण के द्वारा व्यवस्थित किये जा रहे वेंडिंग जोन मे वैध वेंडर से ज्यादा अवैध वेंडर है जो प्राधिकरण के सर्किल आफिसर, कर्मचारी और अधिकारी के अलावा टीवीसी मेंबर के जेब भी भर रहे है। जिसके कारण लाइसेंसी वेंडर को अपना खर्चा तो दूर की बात है प्राधिकरण को दिए जाने वाली किराया निकालना भी मुश्किल हो रहा है।

नोएडा सेक्टर 2 वर्क सर्किल 1 तथा जोन संख्या 2 में ठेली लगाने वाले वेंडर श्री हमून्त पुत्र श्री पोहपे, कन्ट्रोल संख्या 9758 नें नोएडा प्राधिकरण के कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखकर इस बात की शिकायत की है, इसका प्रतिलिपी प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा है। उनका कहना है कि प्राधिकरण के द्वारा 2019 में ड्रा निकाला गया और उनको वेंडिंग जोन में कार्य करने के लिए लाइसेंस दिया गया जिसके लिए हर माह 1800 किराया तय की गई। जिसके तहत वेंडर अभी तक प्राधिकरण को 43 हजार 200 रुपये जमा कराया है।

वेंडर नें कहा है कि 10 हजार 800 रुपया मेरे द्वारा जमा नही कराया गया है। जिसके लिए नोएडा प्राधिकरण के कनिष्ठ अभियंता, सुपरवाइजर व अन्य अधीनस्थ अधिकारियों को बताया है। वेंडर ने कहा है कि हम लोगों को लाइसेंस दिया जिसके लिए हम लोग किराया भी देते है। इसके बावजूद जोन और उसके आस-पास में अवैध वेंडर को व्यवस्थित किया गया है जिसके कारण हम लोगों का कारोबार बंद है, किराया निकालना मुश्किल हो रहा है।



प्राधिकरण के मुख्य कायार्पालक अधिकारी से वेंडर ने निवेदन किया है कि वेंडिंग जोन में सिर्फ लाइसेंस प्राप्त वेंडर को ही कार्य करने दिया जाय। अन्यथा हम लोगों को किराया जमा कराना बड़ा मुश्किल होगा। जब सभी लोग वेंडिंग जोन और उसके आस पास ही कार्य करेंगे तो फिर किराया देना और नही देना बराबर है। जल्द से जल्द अवैध वेंडर को जोन से हटाया जाय।

वेंडर के इस निवेदन पर कितना कार्यवाही होता है या फिर यह लेटर भी रद्दी के टोकरी का हिस्सा बनकर रह जायेगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा लेकिन वेंडर के मसीहा कहने वाले टीबीसी मेंबर आखिर प्राधिकरण के इस रवैया पर चुप क्यो है ? क्या यह नही माना जाना चाहिए कि यह सब मिलीभत से चल रहा है।

# सहारा इंडिया के विरुद्ध दूसरे दिन भी धरना जारी

## जनपद के सभी निवेशकों से धरने में शामिल होने की अपील

**पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

सीतापुर। सहारा इंडिया निवेशकों से धन वापसी हेतु संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा जारी अनिश्चितकालीन कालीन धरने के दूसरे दिन आज रविवार को भी धरना स्थल पर उपस्थित संगठन पदाधिकारियों ने जनपद सीतापुर में एक लाख के लगभग निवेशकों से कल ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित रहने का निवेदन किया है। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कल से प्रारंभ धरने की धमक केन्द्र सरकार तक पहुंच चुकी है। यही कारण है कि कल दूरदर्शन समाचार में केंद्र सरकार द्वारा धन वापसी के संबंध में समाचार प्रसारित किया गया है।सभी को पता है कि बगैर रोए- चिल्लाए मां भी अपने बच्चों को दूध पिलाना भूल जाती है।

इस भीषण ठंड में निवेशक भाईयों के लिए संघर्षरत संयुक्त किसान मोर्चा पदाधिकारियों द्वारा किये जा रहे संघर्ष को बल प्रदान करने हेतु आप सभी की उपस्थिति और सहयोग समय की सबसे बड़ी जरूरत है। सफलता के लिए एकजुटता का निवेदन करने वाले पदाधिकारियों में संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू,शिव प्रकाश सिंह,अल्पना सिंह, धनंजय अवस्थी,नफीस अहमद,मो० वसीम,हिना बानो,नूर जहां,पवन कनौजिया, गुड्डू पाल, कलावती, सुनीता देवी, छोटे लाल कनौजिया,राज रानी, फूल जहां,सूफिया,सीमा सिंह, शाकिरा, राशिद अली,नासीर अली सहित संगठन साथी मौजूद थे।




# मेडोप्लस कंपनी ने किया ऑप्टिकल शिविर का आयोजन

**पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

सीतापुर। लहरपुर क्षेत्र के ग्राम लच्छन नगर में मेडोप्लस कंपनी के द्वारा ऑप्टिकल शिविर का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं ने मेडोप्लस कंपनी द्वारा ग्रामीण लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अभी तक स्थानीय जिलास्तर व राजधानी के डॉक्टर अस्पताल में जांच केंद्र पर जाकर इंतजार करने के बाद सेवाओं को प्राप्त कर पा रहे थे लेकिन मेडोप्लस प्लेटफार्म से अब मरीज अपने लक्षण के आधार पर ही चिकित्सकों का चयन कर डॉक्टर को दिए गए समय पर शुल्क में छूट के साथ दिखवा रहे हैं, आज शनिवार को मेडोप्लस कंपनी के एरिया मैनेजर रचित वर्मा के निर्देशन में मेडोमित्र ज्योति के द्वारा क्षेत्र के ग्राम लच्छन नगर में कैंप का आयोजन किया गया जिसमे 25 लोगों ने अपना अपना पंजीकरण कराया, 21 लोगों का ऑप्टिकल की सुविधा के अनुसार जांच की गई, इस मौके पर ग्राम प्रधान विवेक शुक्ला,अतुल शुक्ला, गोलू ,शाबान, अभय, विक्की, मुन्ना सहित काफी संख्या में ग्रामीण वह महिलाएं मौजूद रहे।



# कैश वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत ,महिला घायल

**पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

सीतापुर। पिसावा थानाक्षेत्र कुतुबनगर में मोटरसाइकिल सवार को कैश वाहन ने टक्कर मार दी जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गयी पीछे बैठी महिला को चोटें आई। घायल को पुलिस ने एम्बुलेंस से मिश्रिख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया गया। मिली जानकारी के अनुसार देवगंवा निवासी महादेव पुत्र मुल्लू का निधन एक हप्ते पहले हो गया था जिनका गुरुवार को तेरवी का कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने पति - पत्नी दोनों लोग आए हुए थे कार्यक्रम समाप्त होने के बाद शनिवार को विजय कुमार पुत्र अतवारी व उनकी पत्नी नीलम उम्र लगभग (50) निवासी खम्हरिया जिला लखीमपुर खीरी अपनी मोटरसाइकिल से वापस अपने घर जा रहे थे। देवगंवा परिक्रमा मार्ग से जैसे ही मिश्रिख पिसावां रोड पर मोटरसाइकिल पहुंची की सामने से आ रहे तेज रफ्तार कैस वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे चालक विजय कुमार की मौके पर ही मौत हो गयी व पीछे बैठी उनकी पत्नी नीलम चोटिल हो गयी ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी मौके पर पहुची पुलिस ने घायल को 108 एम्बुलेन्स से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिश्रिख भिजवाय जहा चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का शव पंचनामा भर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भिजवाया गया है।

# लहरपुर विधायक ने गिनाई सपा की कल्याणकारी योजनाएं कई लोगों की शिकायतों का निकला हल

**पुष्पेन्द्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

सीतापुर। लहरपुर सपा के विधायक ने समाजवादी पार्टी के शासनकाल में लोगों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं की जानकारी देते हुए तमाम सी समस्याओं के हल निकाले। लहरपुर विधायक ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के कई गांव में चौपाल भी लगाई। लहरपुर सपा विधायक अनिल वर्मा ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के पुरिया,मिदनिया आदि ग्रामों का दौरा कर व्यापक जनसमर्पक कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कराया।इस मौके पर उन्होंने लोगों को समाजवादी पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और देश व प्रदेश की भाजपा सरकार की कटु आलोचना करते हुए उसे किसान विरोधी बतलाया, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सबसे अधिक नुकसान किसानों को पहुंचाया है,किसान अपनी फसल को बेचने के लिए दर दर की भटक रहे है।इस मौके पर जहीर अब्बास, रामू प्रधान, कौशलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष, जावेद खान, एस पाल उर्फ चुन्नू भार्गव जिला पंचायत सदस्य, राम लखन वर्मा, गौरी, जाबिर खान, सहित भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कड़ाके की ठंड को देखते हुए धनबाद जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव सिंह ने जरुरतमंदो को किया कम्बल वितरण

महुदा - बढ़ती ठंड को देखते हुए धनबाद जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव सिंह ने किया कम्बल वितरण ! उन्होंने बढ़ते ठण्ड को देखते हुए पाथरगरिया पंचायत के लुटुटांड गांव में अतयंत जरूरतमंद असहाय बृद्ध माताओ को कम्बल का वितरण किया साथ ही धनबाद जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव सिंह ने कहा की जिस तरह कड़ाके की ठण्ड बढ़ रही है पंचायत के वैसे माताये जिनको ज्यादा ही कम्बल या शाल की जरूर हो उसकी सुचना हमे तुरंत दे ताकि समय पर वैसे लोगो को हमारे द्वारा कम्बल उपलब्द करा दिया जायेगा ! मौके पे उपस्थिति वरिष्ठ समाजसेवी अनिल सिंह, भाजपा नेता विनोद सिंह, विनोद महतो एवं अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थिति रहे।



### मंदिर में एक माह में दूसरी बार हुई वारदात

# सैफई में दुर्गा देवी मंदिर से पीतल के चार कुंटल के घंटे चोरी

## शनि मंदिर, बजरंगबली मंदिर, राम सीता मंदिर से चोरों में घंटे काटे, कमरे का तलाक तोड़ा

**(सुघर सिंह सैफई)**

सैफई । सैफई थाना क्षेत्र के ग्राम गींजा में स्थित ऐतिहासिक प्राचीन दुर्गा देवी के मंदिर पर पीतल के लगभग चार कुन्तल बजन के घंटे चोरी हो गए। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मंदिर के पुजारी सहित ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गींजा गाँव में बने इस सिद्ध मंदिर में लोगों की अटूट आस्था है यहाँ प्रतिदिन भक्त पूजा करने आते है व चेत्र नवरात्रि में यहाँ विशाल मेले का आयोजन होता है। इस मंदिर में चोरी की यह घटना कल रात्रि दूसरी बार हुई है। इससे पहले भी 12 दिसंबर को मंदिर में 72 किलो के दो घंटों की चोरी हो चुकी है। मंदिर के पुजारी कन्हैया दास ने बताया कि दिनांक 12 दिसंबर को रात में मंदिर में लगे 2 बड़े घंटे जिनका वजन 51 व 21 किलो का था अज्ञात चोर घंटे को काट ले गए। चोरी की घटना लगभग 1:00 बजे की है। मंदिर में चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। लेकिन कैमरा दूर होने के कारण चोर का चेहरा साफ नहीं दिख रहा है।



कल 8 जनवरी दूसरी बार फिर इस मंदिर में कई घंटे चोरी हो गए चोरों ने पहले मंदिर का ताला तोड़ा बाद में सीढ़ी लगाकर मंदिर से घंटे काट ले गए। मंदिर परिसर में बने शनि देव मंदिर, बजरंगवली मंदिर, रामसीता मंदिर से तीन बड़े घंटे व कमरे का ताला तोड़कर व खाने के पीतल के वर्तन व रखे हुए अन्य घंटे चोरी हुए है।

इस घटना से ग्राम वासियों में गहरा रोष व्याप्त है।उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि अतिशीघ्र मंदिर से घंटा चुराने वाले चोरों का पदार्फाश किया जाए।

# 23 मार्च को समस्याओं के नये समाधान पेश करेंगेः बीरेन्द्र

हिसार 7 जनवरी दिनेश महता

रविवार को सुशीला भवन हिसार में बीरेन्द्र सिंह के साथी मिलन समारोह आयोजित किया गया। ये कार्यक्रम बीरेंद्र सिंह के साथी, छोटूराम विचार मंच व युवा शक्ति बदलाव की ओर संगठनों द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक विजय कौशिक रहे और आयोजन उदयवीर पूनिया ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री कंवल सिंह ने की।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि बेइमान व्यक्ति को रात को नींद नहीं आती लेकिन ईमानदार नेता चैन की नींद सोता है। बेइमान को हमेशा ईडी, पुलिस या सीबीआई का डर लगा रहता है। वह 50 साल से राजनीति में हैं, मगर उन्होंने कभी ईमानदारी को नहीं छोड़ा। यही कारण है कि कैंसर, शूगर व बीपी जैसी बीमारी होने के बावजूद आज वो 76 साल की उम्र में भी फिट हैं। ये कोई रामदेव का नुख्सा नहीं है, ईमानदारी का आजमाया हुआ नुख्सा है। उन्होंने ये भी कहा कि अपने राजनीति जीवन में कई मौके ऐसे आये जब उनके मन में भी पैसे कमाने की आई मगर उन्होंने फिर भी ईमानदारी नहीं छोड़ी क्योंकि उन्हें अपने नाना दीनबंधू चौधरी छोटूराम की विरासत को आगे बढ़ाना था और उनकी इज्जत व उनकी दी गयी सीख को बनाये रखना था।

उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने यही देखा है कि राज में बैठा व्यक्ति अपनी पावर नीचे बांटना नहीं चाहता। इसी कारण आज पंच व सरपंच हरियाणा में विकास कार्यों की लिमिट घटाने से गुस्सा हैं। वो सोमवार को मुख्यमंत्री से मिलेंगे और इस मुद्दे को उठायेंगे। बीरेन्द्र सिंह ने 23 मार्च को जींद में होने वाले बीरेन्द्र सिंह के साथी कार्यक्रम को लेकर कहा कि ये कोई रैली नहीं है। रैली में तो लोगों को लालच देकर इकठ्ठा किया जाता है। 23 मार्च का कार्यक्रम किसी राजनीतिक पार्टी के विरोध का कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि ये सोच विचार करने के लिए होगा कि आजादी के पहले की समस्याएं आज भी मुंह बाये खड़ी हैं। आज भी गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसी समस्याएं खत्म नहीं हो रही हैं। नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचार खत्म नहीं हो सकता लेकिन कम हो सकता है तो भ्रष्टाचारी खुश हो जाते हैं लेकिन वो कहना चाहते हैं कि आप लोग उससे जुड़ों जो कहता है कि भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो सकता है। बीरेन्द्र सिंह ने पंजाब इलेक्शन का उदाहरण देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता को भ्रष्टाचार मिटाने का मुद्दा बनाकर जीत हासिल की। ये आप पार्टी की जीत नहीं बल्कि अकाली व कांग्रसियों की हार थी क्योंकि पंजाब में भ्रष्टाचार ने जनता को लूट लिया। इन पार्टियों ने अपना विश्वास जनता में खो दिया क्योंकि वो जन समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं दे पाये।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि इस देश को ऐसी व्यवस्था चाहिए कि गरीबी मिटे, भ्रष्टाचार दूर हो, बेरोजगारी दूर हो और व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन हो। उन्होंने कहा कि पहले पंजाब में विदेश जाने का चाव था लेकिन बेरोजगारी बढ्ड्टे के कारण हरियणा में भी पिछले 5 साल से विदेश जाने का चाव बढ़ा है। ये युवाओं की मजबूरी है कि वो विदेश में रोजगार करने जाये क्योंकि यहां उसे रोजगार नहीं मिलता। इस पर भी अगर युवा विदेश जाना चाहते हैं तो सरकार उनके वीसा, पासपोर्ट और गारंटी में मदद करे। उन्होंने सरकार को नसीहत देते हुए कहा कि किसी भी नौकरी के लिए मैरिट की बात करो लेकिन चपड़ासी व चौकीदार जैसी नौकरियों में मैरिट की क्या जरूरत है। ये तो गरीब आदमी को दी जानी चाहिए। भाजपा वर्कर्स के कहने पर नौकरी नहीं मिलेगी तो काम करना मुश्किल हो जायेगा। सैनिक का शारीरिक बल देखा जाये लेकिन उनकी मैरिट क्यों देखनी। सरकार को किसी भी योजना को लागू करने के लिए उसकी व्यवहारिकता देखनी चाहिए। बीरेन्द्र सिंह ने कहा कि 23 मार्च के कार्यक्रम में आम समस्याओं के अनुसंधान आधारित समाधान देंगे और उनके समाधान को जो सम्मान देगा उनके लोग उस पार्टी से जुड़ेंगे। अनुसंधान आधारित समाधान का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में सरकारी चिकित्सक की भर्ती होने पर चिकित्सक गांवों में काम नहीं करना चाहता। वो कहना चाहते हैं कि शहरी व ग्रामीण चिकित्सकों का कॉडर अलग-अलग बनाया जाये और ग्रामीण चिकित्सक को शहरी से अधिक तनख्वाह दी जाये। साथ ही उन्होंने आज जनता की सामाजिक सुरक्षा के लिए कदम उठाये जाने की बात पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य

## दी एस.एफ.सी. रिकॉर्ड्स रिकॉर्डिंग म्यूजिक स्टूडियो का हुआ शुभारंभ

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद। क्षेत्र के आदर्श नगर कॉलोनी में नवनिर्मित दी एस.एफ.सी. रिकॉर्ड्स रिकॉर्डिंग म्यूजिक स्टूडियो का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के युवा जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने फीता काटकर किया। युवा जिलाध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि दी एस.एफ.सी. रिकॉर्ड्स रिकॉर्डिंग म्यूजिक स्टूडियो का शुभारंभ हमारे क्षेत्र वासियों के लिए एक हर्ष का विषय है क्योंकि नगर में यह पहला म्यूजिक स्टूडियो खुला है। यह हमारे नगर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। इससे म्यूजिक में रुचि रखने वाले युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा। इस कार्य के लिए युवा जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट ने संस्था के संस्थापक व निर्देशक



अमित चौहान को राम दरबार भेंटकर शुभकामनाएं और बधाई दी और म्यूजिक स्टूडियो की तरक्की के लिए मंगल कामनाएं की। संस्था के संस्थापक एवं निर्देशक अमित चौहान ने बताया स्थानीय कलाकारों को गाने की रिकॉर्डिंग के लिए अब बाहर बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। संस्थान में रिकॉर्डिंग से संबंधित सभी आधुनिक तकनीक उपलब्ध है। स्टूडियो अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर से सुसज्जित है। हमारे यहां वोकल रिकॉर्डिंग, म्यूजिक प्रोडक्शन, मिक्सिंग एंड मास्टरिंग की जाएगी। नए कलाकारों को न्यूनतम बजट में गाना बनाने का मौका दिया जाएगा। इस अवसर पर विनोद कुमार चौहान, अर्पित चौहान, सौरभ कुमार, पुलकित बिश्नोई, रजत महिंद्रा, ऋषभ कुमार, शिवा ठाकुर, प्रदीप, सागर, राजा माहेश्वरी, अर्पित महेरा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पण्डित धर्मानन्द त्रिपाठी द्वारा रचित खण्डकाव्य अमृत कुंड भारत का विमोचन

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा बिजनौर**

नगीना। नगर के प्रसिद्ध कवि पण्डित धर्मानन्द त्रिपाठी द्वारा लिखित खंडकाव्य अमृत कुंड भारत का विमोचन पंडित हितेश कुमार शर्मा एडवोकेट द्वारा किया गया विमोचन कार्यक्रम में कवियों ने अपनी अपनी कविताओं का पाठ किया इस मौके पर वक्ताओं ने खंडकाव्य के लेखक पंडित धर्मानंद त्रिपाठी गुरु के जीवन और कृतित्व के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला इस मौके पर नगर के काफी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। हिंदू इंटर कॉलेज नगीना के सभागार में आयोजित विमोचन कार्यक्रम में पण्डित धर्मानन्द त्रिपाठी गुरु द्वारा रचित खण्डकाव्य अमृत कुंड भारत का विमोचन हिंदी साहित्य भूषण पंडित हितेश कुमार शर्मा एडवोकेट द्वारा किया गया। पूर्व चेयरमैन प्रभात चंद्र गुप्ता की अध्यक्षता एवं प्रदीप शर्मा के संचालन में आयोजित विमोचन कार्यक्रम में सरस्वती वंदना के बाद मनोज मानव, संजीव एकल, अनिल शर्मा अनिल, राजकुमार



वर्मा, चेतन बिश्नोई कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से खूब वाहवाही बटोरी वहीं राकेश मिश्रा एडवोकेट मनीष राणा, दीपक सक्सेना एडवोकेट, अनिल कुमार बंधु, डॉ आरसी शर्मा ने खंडकाव्य अमृत कुंड भारत के लेखक एवं कवि पंडित धर्मानंद त्रिपाठी के जीवन और उनके कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में दिनेश जोशी, पंडित विजय भारत, डॉ अनिल मलिक, नीरज बिश्नोई, प्रमोद चौहान, अजीत अग्रवाल, अनूप बाल्मीकि, सचिन शर्मा, नवीन गौरव त्रिपाठी, दर्शन त्रिपाठी समीर शर्मा,संदीप शर्मा, आलमगीर काजमी, के के बिश्नोई, मनीष भटनागर, शिव शंकर सक्सेना, प्रेम कुमार शर्मा एडवोकेट, समेत काफी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## वार्षिक निरीक्षण: सीओ ने परखा कोतवाली का हाल, जरूरी दिशा निर्देश दिए

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ सीओ सर्वम सिंह ने अफजलगढ़ पहुंचकर कोतवाली का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोतवाल को साफ-सफाई व अभिलेखों की कमियां दूर करने व आगामी पर्वों की तैयारियां पूरी के दिशा-निर्देश दिए। कोई भी शिकायतकर्ता कोतवाली से निराश नहीं लौटना चाहिए। सीओ सर्वम सिंह ने शनिवार की शाम कोतवाली अफजलगढ़ का निरीक्षण किया। उन्होने पुलिस से दुर्घटना, लावारिस वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर नीलाम करने, आगामी पालिका चुनाव व आगामी पर्वों की तैयारियां पूरी करने,महिला संबंधी अपराधों को गंभीरता से लेने, वांछितों की गिरफ्तारी करने, विवेचनाओं का निस्तारण करने, हिस्ट्रीशीटर,माफियाओं व अपराधियों पर कार्रवाई करने, आरोप पत्र व



अंतिम रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने,बैंक चेकिंग,वाहन चेक नियमित व प्रभावी तरीके से करने तथा अभिलेखों का रख-रखाव सही ढंग से किया जाए व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाएं। तथा विभिन्न पुरानी जज्जर बिल्डिंग को भी चेक किया इसके बाद उन्होंने यहां तैनात उपनिरीक्षकों तथा पुलिस कर्मियों की बैठक ली। विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किए जाने के बाद अपराध नियंत्रण के लिए सतर्क रहने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सीओ सर्वम सिंह के आलावा कोतवाल मनोज कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर आरपी सिंह, कस्बा इंचार्ज अमित सिसोदिया, अनोखेलाल गंगवार,एसआई जीत सिंह पुंडीर,एसआई संजय कुमार,एचएम सुनील कुमार, पंकज कुमार,कांस्टेबल सचिन कुमार,विकास बाबू,विजय तोमर तथा सन्नी मलिक आदि मौजूद रहे।

## 200 बीघा सरकारी भूमि कब्जा मुक्त

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

जिलाधिकारी बिजनौर के निर्देशानुसार मोहित कुमार उप जिलाधिकारी सदर के निर्देशन में आज दिनांक 8 जनवरी 2023 को थाना क्षेत्र मंडावर के अंतर्गत ग्राम पुरुषोत्तमपुर में ग्राम समाज की 200 बीघा जमीन को तहसील सर्वे एवं थाना पुलिस के द्वारा कब्जा मुक्त कराया गया। गौरतलब है कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में जिलेभर में सार्वजनिक भूमियों को कब्जा मुक्त कराए जाने का अभियान चलाया जा रहा है. कल तहसील सदर में तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी महोदय से ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे की शिकायत की गई थी, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा तत्काल एसडीएम सदर को भूमि को चिन्हित करने एवं कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए गए. इसी क्रम में आज



तहसीलदार और नायब तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व एवं थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए जमीन पर बोई गई पलेज एवं सरसो को जुतबाकर जमीन खाली करा दी गई है. एसडीएम सदर द्वारा बताया गया कि पिछले 1 सप्ताह में लगभग 1500 बीघा से अधिक भूमि को कब्जा मुक्त कराया जा चुका है तथा आगे भी इसी प्रकार सरकारी भूमियों को कब्जा मुक्त कराने का अभियान जारी रहेगा. यह भी चेतावनी दी गई कि यदि कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर कोई व्यक्ति पुनः कब्जा करते पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध भूमाफिया की कार्रवाई कराई जाएगी.

## उपनिरीक्षक विकास कुमार द्वारा तीन लावारिस बच्चों को सकुशल परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद क्षेत्र के सराय चौकी प्रभारी विकास कुमार को शनिवार को थाना नजीबाबाद क्षेत्र के मालन नदी के तिराहे पर तीन बच्चे लावारिश हालत में मिले तत्काल ही विकास कुमार के द्वारा प्रचार प्रसार कर उक्त बच्चो के बारे में जानकारी मिली कि उक्त बच्चे बुंदू पुत्र मोहम्मद इस्तियाक निवासी मोहल्ला जाब्ता गंज थाना नजीबाबाद बिजनौर के हैं जिनको सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया उक्त बच्चो में एक बच्चा लगभग डेढ़ वर्ष दूसरा बच्चा ढाई



वर्ष और एक बच्ची लगभग 5 वर्ष की है उक्त बच्ची मूकबधिर है परिजनों ने बच्चों को सकुशल पाकर विकास कुमार को दुआएं देते हुए तहे दिल से धन्यवाद किया पूर्व में भी विकास कुमार ने नजीबाबाद बस स्टैंड पर घूम रहे लावारिस इसी तरह के बच्चे को भी जल्द ही प्रचार प्रसार कर सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया था क्षेत्र की जनता चौकी प्रभारी विकास कुमार की प्रशंसा कर रही है

## ग्राम समाज की जमीन पर चल रहा है अवैध निर्माण

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद मिली जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम मोचीपूरा मे ग्राम समाज की भूमि पर चल रहा है अवैध निर्माण, जिसमे ग्राम प्रधान भी है हमसाज पूरा मामला तहसील नजीबाबाद विकासखड के ग्राम मोचीपूरा से जुड़ा हुआ है जहाँ ग्राम प्रधान की मिली भगत से हो रहा है, अवैध निर्माण। सूत्रों की मानें तो मोचीपूरा के ग्राम प्रधान की सहमति से गांव के एक समुदाय के लोग ग्राम समाज की भूमि खलिहान पर धर्मशाला बना रहे है। जिस पर शासन-प्रशासन की बिना अनुमति के अवैध तरीके से निर्माण किया जा रहा है। इसी को देखते हुए गांव के कई समाज के लोग ग्राम समाज की भूमि पर अपने अपने तरीके से धार्मिक स्थलों का निर्माण करने की बात कर रहे हैं। जबकि देखा जाए तो शासन ने धार्मिक स्थलों के नवनिर्माण पर पूरी तरह से रोक लगा रखी है। इसके बाद भी ग्राम प्रधान से हमसाज होकर एक ही समुदाय के लोग इस अवैध निर्माण में जुटे हुए



हैं। निर्माण के विषय में जानकारी लेने पर पता चला कि गांव के ही ऋषिराम व आशाराम यह निर्माण करा रहे हैं। निर्माण के विषय को लेकर जब ग्राम प्रधान से फोन पर जानकारी लेनी चाही तो ग्राम प्रधान उचित जवाब नहीं दे पाए। तहसील नजीबाबाद के प्रशासनिक अधिकारी नायब तहसीलदार राज चौधरी से जब इस निर्माण को लेकर बात की गई तब उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण कर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा और जबरदस्ती निर्माण करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## न्याय के लिए भूख हड़ताल पर बैठे परिजन,तीन दिन बाद भी पुलिस ने नही दर्ज किया मुकदमा।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी**

अमेठी

अमेठी।यूपी के अमेठी में पुलिस से न्याय पाने की आस में ग्रामीणों के संग परिजन भूख हड़ताल पर बैठ गए है।इस कपकपाती ठंड और शीत लहर में भूख हड़ताल पर बैठने के बावजूद भी यूपी पुलिस मृतक के परिजनों की बात सुनने को तैयार नहीं है। दो दिन पूर्व युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला था।परिजनों का आरोप है की कुछ लोगों ने युवक को जबरन फांसी पर लटका कर हत्या कर दिए थे। वही पुलिस मामले को आत्म हत्या बता कर मामले को रफा दफा करने में जुट गई है।पुलिस ने बताया की मामले में जो कार्यवाही करनी थी की जा चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तारापुर निवासी बाबूलाल वर्मा का बेटा राजेश उर्फ सूरज (22) का बृहस्पतिवार शाम विशेषरगंज के कैथोला में उसके रिश्तेदार के घर संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला था। जानकारी मिलते ही परिजन रिश्तेदार के घर पहुचे ।जहाँ बेटे का शव तखत पर लिटाया मिला। शव देखते ही परिजन हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत किए थे। जिसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही नही किया। शुक्रवार देर शाम युवक के शव का अंतिम संस्कार गाँव मे किया गया। लगातार पुलिस की हीलाहवाली देखते हुए नाराज मृतक के परिजन शनिवार को घर पर ही भूख हड़ताल पर बैठ गए है। परिजनों का आरोप है कि संग्रामपुर पुलिस लगातार आरोपियो से मिली हुई है। पुलिस ने हमारी तहरीर भी नही ली। पुलिस जबरन बोलकर तहरीर लिखवाई है।परिजन आरोप लगा रहे है कि पुलिस ने कोरे कागज पर हम लोगो से हस्ताक्षर भी करा ली है। वही मृतक के भाई का आरोप है कि मेरा भाई जिस लड़की से प्रेम करता था वह और भी लड़को से बात करती थी। उसी ने भाई को बुलाकर अपने प्रेमिओ से उसकी हत्या कराई है। उसने फोन रिकार्डिंग



में भी कई बातें बताई। पुलिस सब कुछ जान कर भी अनजान बनी हुई है। मृतक के परिजन यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाकर बेटे के हत्यारे को पकड़ने की मांग की है। वहीं मृतक का भांजा बताता है कि मामा अपनी बहन छोड़ने खरथु गए खरथु से मामा के फोन पर लड़की ने फोन कर कैंथोला बुलाया और वो वहां से गये लेकिन वहाँ पर उनका फोन तोड़ दिया गया और 3:15 पर हमारे मित्र के फोन पर फोन आया की पैसे भेज दे तीन रिश्ते दार आये है पार्टी करना है उसके बाद 3:25 पे फोन आता है और कहते है भांजे पैसे भेज दे रिश्तेदार आये है पार्टी करना है उसके बाद 4 बजके कुछ मिनट पर फिर बड़े मामा के मोबाइल पर फोन आता है और लड़की कहती है मामा ये बहुत शराब पिये है और उल्टा सीधा बोल रहे है इनसे बात करलो और लड़की कहती है मामा बात करो इनके हाँथ में मोबाइल है लेकिन उधर से आवाज नही मेरे ख्याल से उसी टाइम मामा को मार दिया गया था और उसके बाद लड़की 5 बजेफोन कर के कह रही है कि मामा ने सुसाइड कर लिया है और हम लोग आनन फानन में वहाँ पहुँचे और देखा मामा को वहाँ तख्त पे लिटाया गया था और हम लोग बुलेरो बुला कर अमेठी अस्पताल ले गए वहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया उसके बाद प्रसाशन आया है और पुंछ ताछ कर मामा की बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दीया और ये स्पस्ट है कि हत्या हुई है कोई इंसान आत्महत्या करने किसी रिश्तेदार के यहाँ नही जाएगा और अगर उसको आत्महत्या ही करनी होती तो वो अपने घर पे करेगा और इसके पीछे मनिसा का हाँथ है और पुलिस ने मनीषा से न कोई पूंछ तांछ की न अरेस्ट किया और आनन फानन में पुलिस डेड बॉडी को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दी हम लोगो को डेड बॉडी चेक करने भी नही जब तक न्याय नही मिलेगा तब तक हम लोग भूंख हड़ताल पर ही रहेंगे।

## "सड़क सुरक्षा माह" के अन्तर्गत संयुक्त जिला चिकित्सालय/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हैल्थ कैम्प का हुआ आयोजन

ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती, शासन के मंशानुसार जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निदेर्शानुसार जनपद में ह्लह्लसड़क सुरक्षा माहह्लह्ल 05 जनवरी, 2023 से 04 फरवरी, 2023 तक मनाया जा रहा है। जिसके तहत रविवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद में संयुक्त जिला चिकित्सालय सहित समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर हैल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त वाहन चालकों/परिचालकों, यातायात पुलिस कर्मियों/प्रवर्तन सिपाहियों एवं स्कूल के वाहन चालाकों का निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एस0पी0 तिवारी ने बताया कि जनपद के संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिनगा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गिलौला वृहद स्तर पर अभियान चलाकर नेत्र सर्जन/चिकित्सकों एवं नेत्र परीक्षण अधिकारियों द्वारा वाहन चालकों का निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया गया। इस अवसर पर नेत्र सर्जन, नेत्र परीक्षण अधिकारीगण, चिकित्सकगण, फार्माशिष्ट एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे

## पुरुषों और महिलाओं को समान रूप से आजीविका के पर्याप्त साधन का अधिकार है -:श्री सुदामा प्रसाद अपर जिला जज प्रथम श्रावस्ती

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, रविवार को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नालसा द्वारा दिशा स्कीम के तहत अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रावस्ती/माननीय जनपद न्यायाधीश श्री गौरव कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में श्री रामचंद्र यादव-1 सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज श्रावस्ती के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन स्थान जूनियर हाई स्कूल सिरसिया` श्रावस्ती में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सुदामा प्रसाद अपर जिला जज-1 श्रावस्ती उपस्थित होकर वहां उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज श्रावस्ती श्री रामचंद्र यादव-1 ने जानकारी देते हुए बताया कि दिशा योजना के तहत न्याय विभाग, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्य भारत के 112 आकांक्षी जिलों में विधिक साक्षरता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनों के बारे में आमजन में जागरूकता का प्रचार प्रसार करना है। उन्होंने बताया कि भारत के संविधान के अनुसार लोकतंत्र में प्रत्येक व्यस्क नागरिक को मतदान कर सरकार में प्रतिनिधि चुनने का समान अधिकार है। इस अधिकार का प्रत्येक नागरिक को जाति,धर्म, क्षेत्रवाद आदि से ऊपर उठकर निष्पक्ष रूप से प्रयोग करते हुए राष्ट्र निर्माण में सहयोग करना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सुदामा प्रसाद अपर जिला जज प्रथम श्रावस्ती ने संविधान के अनुच्छेद 39ए के बारे में बताया कि नागरिकों, पुरुषों और महिलाओं को समान रुप से आजीविका के पर्याप्त साधन का अधिकार है। नीति निर्देशक तत्वों का



अनुच्छेद राज्य को नीतियों को लागू करने के लिए निर्देशित करता है और अनुच्छेद 39सी पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान काम के लिए समान वेतन सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर श्री शीतला प्रसाद पूर्व सीजेएम श्रावस्ती ने बताया कि संविधान के अनुच्छेद 21ए में शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार में जोड़ दिया गया है। जिसके अनुसार राज्य 06 से 14 वर्ष तक आयु के सभी बच्चों को निशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करेगा। इसके अंतर्गत कोई भी बच्चा निर्धनता के कारण शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा तथा स्कूल से ड्रापआउट हो चुके बालक व बालिकाओं को भी पुनः शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में राम प्यारे तहसीलदार भिनगा ने दिशा योजना के तहत आयोजित विधिक जागरुकता शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के थीम सोंग ह्यएक मुट्ठी आसमानह्ल प्रदर्शित किया गया। साथ ही उपस्थित बच्चों को सुरक्षित स्पर्श (गुड टच) और असुरक्षित टच (बेड टच) के बारे में ह्यकोमल द शॉर्ट मूवीह्ल के माध्यम से जानकारी दी गई। तथा उपस्थित बच्चों को संविधान में उल्लेखित मूल कर्तव्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति संविधान का पालन करें, उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज एवं राष्ट्र का आदर करें। उन्होंने विद्यार्थियों को 11 फरवरी को आयोजित होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अशोक कुमार शर्मा द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रांजल तिवारी नायब तहसीलदार, राम बरन बीडीओ सिरसिया, सुनील सिंह प्रधान प्रतिनिधि, प्रभाकर शुक्ल प्रधान प्रतिनिधि, आशीष कुमार प्रधान बेलहरी, तथा अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## हाइवे पर अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, दो घायल

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़**

धामपुर अफजलगढ़ मार्ग पर स्थित सेंट मैरी स्कूल के समीप एक बाइक सवार युवक की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर जा टकराई जिसमें दो बाइक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एम्बुलेंस सेवा की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। रविवार की देर सांय



रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा सुरेन्द्र सिंह अपने साथी विक्की सिंह के साथ बाइक से अफजलगढ़ की ओर अपने गांव भटपुरा जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक धामपुर अफजलगढ़ मार्ग पर स्थित सेंट मैरी स्कूल के समीप पहुंचा तो बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर जा टकराई जिसमें बाइक सवार सुरेन्द्र सिंह तथा विक्की सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एम्बुलेंस सेवा की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## ठंड से कपकपी: कोहरे ने किया परेशान, धूप के नहीं हो रहे दर्शन, पांच डिग्री पहुंचा तापमान

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़**

शरद ऋतु की सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी हैं। इस सीजन में रविवार का दिन सबसे अधिक ठंडा रहा। पारा में लगातार गिरावट के कारण आसमान में पूरे दिन कोहरा छाया रहा तीव्र गति से हवाएं चलने के कारण पूरे दिन ठंड बरकरार रही। लोग ठिठुरते हुए घरों से बाहर निकले। सुबह से ही कोहरा छाया रहा। नए साल में मौसम की पहली जबर्दस्त ठंड ने लोगों को



घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है। वहीं बाजारों मैं सन्नाटा पसरा रहा सबसे अधिक दिक्कत प्रतिदिन धियाड़ी करने वाले मजदूरों की आई लोगों ने बाजारों, चौराहों पर अलाव जलाकर कड़ाके की ठंड से बचाव का प्रयास किया एक सप्ताह से छाए घने कोहरे के करण लगातार ठंड में इजाफा होता गया और पारा रूड़कता चला गया पूरे सप्ताह सूर्य देवता भी बादलों में आंख मिचौली करता रहा। सबसे अधिक प्रति दिन धियाड़ी करने वाले मजदूरों की शामत आई ठंड में सब कुछ ठहर सा गया जिससे उनके सामने रोजी-रोटी की भी दिक्कत आ गई नगर के जसपुर तिराहे सहित क्षेत्र के गांव विजयनगर ,कादराबाद, भूतपुरी , कासमपुरगढ़ी, मानियावाला,के बाजारों में दुकानदार भी अलाव जलाकर सर्दी से बचते हुए नजर आए।

## जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा कक्षा 1 से 8 तक के 14 जनवरी तक स्कूल बंद

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

जनपद बिजनौर। अत्यधिक ठंड/शीत लहर/घना कोहरा होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा प्रदत्त निदेर्शों के अनुपालन में जनपद के कक्षा 1 से कक्षा 8 तक सहायता प्राप्त/ मान्यता प्राप्त/ वित्तविहीन सीबीएसई /आईसीएसई द्वारा संचालित दिनांक 9 जनवरी से 14 जनवरी 2023 तक बंद रहेंगे !

## जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थलों का किया निरीक्षण।

### गोवंशों को नियमित पशु आहार देने के दिए निर्देश।

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी**

अमेठी

अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज तहसील अमेठी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत ग्राम परसांवा तथा त्रिलोकपुर में गो आश्रय स्थल का निरीक्षण कर गोवंशों हेतु मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गो आश्रय स्थल पर परसावां में 35 गोवंश तथा त्रिलोकपुर में 60 गोवंश पाए गए, सभी जगह पर्याप्त मात्रा में पशु आहार तथा भूसा, चारा इत्यादि पाया गया। जिलाधिकारी ने गोवंशों को नियमित पशु आहार देने के निर्देश



दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन प्रत्येक गोवंश को कम से कम 500 ग्राम पशु आहार दिया जाए। गो आश्रय स्थल परसांवा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गोवंशों हेतु एक अतिरिक्त टीन शेड बनवाने के निर्देश दिए तथा वहां पर पर्याप्त पेड़ लगाने को कहा। त्रिलोकपुर के द्वारा निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने टूटी हुई चरही की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दुबे, खंड विकास अधिकारी अमेठी हरिश्चंद्र सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## बच्चों से बाल श्रम और घरेलू कार्य न करवाए और अपने बच्चों की प्रतिदिन स्कूल भेजे, सुशीला देवी आगनबाड़ी।

ओंकार नाथ चौधरी

बच्चों से बाल श्रम और घरेलू कार्य न करवाए और अपने बच्चों की प्रतिदिन स्कूल भेजे, सुशीला देवी आगनबाड़ी। जनपद बहराइच श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ और उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के तकनीकी सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत बाल संरक्षण जनजागरण कार्यक्रम के दूसरे दिन ब्लॉक चित्तौरा के ग्राम पंचायत डीहा में किया गया। ग्राम पंचायत डीहा में कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य, आंगनबाड़ी, आशा बहु, किशोरी सखी और पंचायत सहायिका द्वारा डोर टू डोर ग्राम वासियों को बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी पर रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य महेश वर्मा, विष्णु, अलका और वैशाली द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम और बाल विवाह के प्रति लोगो के जागरूक किया और अपने ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया। वकारून्निस किशोरी सखी एक्शन ऐड ने ग्राम वासियों से बाल विवाह न कराने और ग्राम किशोरी को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। आंगनबाड़ी सुशीला देवी ने ग्राम वासियों के अपील कि अपने बच्चों से बाल श्रम न करवाए और अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजे। शिक्षा बच्चों के लिए आने वाले भविष्य में बहुत ही जरूरी है बिना शिक्षा के जीवन कठिन हो जायेगा। पंचायत सहायिका आरती देवी ने ग्राम वासियों को बताया कि जल्द ही सभी सरकारी योजनाओं का ऑनलाइन आवेदन ग्राम पंचायत भवन से किया जाना शुरू हो जाएगा। प्रधान की सहायता से अपनी ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखेंगे। ग्राम प्रधान मुनीजर प्रसाद ने अपनी ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने का आश्वासन दिया और कार्यक्रम में संस्कार संस्था द्वारा बच्चों ने पूछे गए सवाल के विजेता 4 बच्चों मुन्नी, जालिम, मेहताब व मुजाफुद्दीन को ग्राम प्रधान द्वारा मेडल दिया गया। कार्यक्रम में आशा बहु कामिनी वर्मा ने पूर्ण सहयोग दिया

# बच्चों से बाल श्रम और घरेलू कार्य न करवाए और अपने बच्चों की प्रतिदिन स्कूल भेजे, सुशीला देवी आगनबाड़ी।

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बहराइच श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ और उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के तकनीकी सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत बाल संरक्षण जनजागरण कार्यक्रम के दूसरे दिन ब्लॉक चित्तौरा के ग्राम पंचायत डीहा में किया गया। ग्राम पंचायत डीहा में कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य, आंगनबाड़ी, आशा बहु, किशोरी सखी और पंचायत सहायिका द्वारा डोर टू डोर ग्राम वासियों को बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी पर रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य महेश वर्मा, विष्णु, अलका और वैशाली द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम और बाल विवाह के प्रति लोगो के जागरूक किया और अपने ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया। वकारून्निस किशोरी सखी एक्शन ऐड ने ग्राम वासियों से बाल विवाह न कराने और ग्राम किशोरी को



आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

आंगनबाड़ी सुशीला देवी ने ग्राम वासियों के अपील कि अपने बच्चों से बाल श्रम न करवाए और अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजे। शिक्षा बच्चों के लिए आने वाले भविष्य में बहुत ही जरूरी है बिना शिक्षा के जीवन कठिन हो जायेगा।

पंचायत सहायिका आरती देवी ने ग्राम वासियों को बताया कि जल्द ही सभी सरकारी योजनाओं का ऑनलाइन आवेदन ग्राम पंचायत भवन से किया जाना शुरू हो जाएगा। प्रधान की सहायता से अपनी ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखेंगे। ग्राम प्रधान मुनीजर प्रसाद ने अपनी ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने का आश्वासन दिया और कार्यक्रम में संस्कार संस्था द्वारा बच्चों ने पूछे गए सवाल के विजेता 4 बच्चों मुन्नी, जालिम, मेहताब व मुजाफुद्दीन को ग्राम प्रधान द्वारा मेडल दिया गया। कार्यक्रम में आशा बहु कामिनी वर्मा ने पूर्ण सहयोग दिया

# दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड अयोध्या परिक्षेत्र अमेठी द्वारा विकास भवन में पराग मिल्क बार किया गया स्थापित।

## मुख्य विकास अधिकारी ने फीता काटकर पराग मिल्क बार का किया उद्घाटन।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी

अमेठी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, अयोध्या परिक्षेत्र अमेठी द्वारा जनपद अमेठी के विकास भवन परिसर गौरीगंज में स्थापित पराग मिल्क बार का शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। बताते चलें कि दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड अयोध्या परिक्षेत्र अमेठी की यह जनपद अमेठी में पराग मिल्कबार की द्वितीय इकाई है। इसका मुख्य उद्देश्य दुग्ध विकास कार्यक्रम के तहत आम जनमानस को शुद्ध दुग्ध एवं दुग्ध से बने उत्पाद उपलब्ध कराया जाना है, इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी ने स्थानीय प्रभारी दुग्ध संघ सुनील सिंह भदोरिया को निर्देशित करते हुए कहा कि स्थानीय किसानों/ दुग्ध उत्पादकों द्वारा दूध खरीदा जाए, जिससे दुग्ध विकास कार्यक्रम को अधिक से अधिक बढ़ावा मिल सके तथा शुद्ध दूध प्राप्त होने के साथ ही दुग्ध



उत्पादकों को प्रोत्साहन प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे मिल्कबार जनपद के अन्य कार्यालयों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर स्थापित किए जाएं। इस अवसर पर महाप्रबंधक दुग्ध संघ अयोध्या आशीष श्रीवास्तव, स्थानीय प्रभारी दुग्ध संघ अयोध्या परिक्षेत्र अमेठी सुनील सिंह भदोरिया, प्रभारी विपणन अमेठी एसके सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. जेपी सिंह, डीसी एनआरएलएम सुनील तिवारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# कोली समाज का युवक - युवती सम्मेलन भुसावल में संपन्न

## मौके पर ही एक जोड़े की शादी भी हुई संपन्न,बाराती बने दर्शक

जलगांव/सुरेश कोहली : अखिल भारतीय कोली समाज व समाज से जुड़े अनेकों संगठनों के माध्यम से जलगांव जिले के भुसावल के दीपनगर में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूवात आमदर रमेश दादा पाटिल ने आदिवासी महर्षि वाल्मिक के चित्र पर पुष्प व दीप प्रज्वलित कर की। कोली समाज युवा महोत्सव में जिला,तालुका सहित ग्रामीण क्षेत्रों से भी युवक -युवतियां ने भी प्रोग्राम में पहुंचकर अपनी उपस्तिथि दर्ज कराते हुए परिचय सम्मेलन का हिस्सा बनें। इस अवसर पर कोली समाज के पढ़े -लिखे युवाओं ने मंच के माध्यम से अपना परिचय सभी के सामने पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर आमदार (एमएलए) रमेश दादा पाटिल ने कहा की महाराष्ट्र में कोली समाज अब जागृत हो चुका है। समाज के काफी बेटा -बेटी अच्छा पढ़ लिखकर अपना जीवन साथी खुद चुन रहे है जोकि कोली समाज के लिए किसी आजाद क्रांति से कम नहीं है। इसी कड़ी में मंचासीन अतिथियों का आयोजकों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। का उन्होंने कहा की बॉम्बे में कोली समाज के लिए विशाल कोली भवन की स्थापना की जा रही है। इस अवसर पर परिचय सम्मेलन में एक जोड़े की ब्राह्मण के मंत्रों द्वारा शादी भी संपन्न हो गई ।जिसमें समाज के लोगों ने कन्यादान की भी रश्म अदा की। कार्यक्रम सुबह



थोड़ा देर से शुरू हुआ लेकिन सभी ने कार्यक्रम की गरिमा को बनाए रखा।बीच में 3 बजे के आस पास कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा खाने की भी व्यवस्था की गई थी। सभी ने कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की।इस अवसर पर कोली महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व एमएलए रमेश दादा पाटिल,जलगांव महानगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष चत्रभूज अप्पा सोनोवने,अखिल भारतीय कोली समाज महाराष्ट्र के प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिल नन्नवरे, प्रवचनकार भरत सपकाले महाराज,महिला जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्मिता कोहली,धनराज सालुंके,प्रभाकर अप्पा सोनोवने समाज कल्याण सभापति,जिला परिषद सदस्य प्रभाकर अप्पा सोनोवने(वडोदा) वैशाली ताई तायड़े,सुकदेव रायसिंग,अनिलभाई कोली,रवि दादा पाटिल,रवि भाई कोली,रामचंद्र तायड़े,प्रवीण सोनोवने सहित सैकड़ों की संख्या में कोली समाज से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा माह को लेकर बैठक का किया गया आयोजन।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए परिणाम मूलक की जाय कार्यवाही...जिलाधिकारी।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी

अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा माह को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शासन के निदेशानुसार 05 जनवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 तक मनाये जाने वाले सड़क सुरक्षा माह में विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गयी। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य विभागों द्वारा उक्त एक माह में किये जाने वाले कार्यक्रमों का निर्धारण मुख्यालय द्वारा किया गया है, जिसमें निर्धारित कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा समस्त विभागों के अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि उक्त सड़क



सुरक्षा माह मा0 मुख्यमंत्री जी की उच्च प्राथमिकता पर है एवं सड़क दुर्घटनाओं में जनहानि में कमी लाने के लिए सभी सम्बन्धित विभागों को समन्वय बनाते हुए कार्यवाही की आवश्यकता है और समस्त कार्यवाही व कार्यक्रम परिणाम मूलक होने चाहिए तथा सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार भी विभिन्न माध्यमों से किया जाय जो उक्त अभियान का महत्वपूर्ण आयाम है। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी, मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नवीन मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक उदय प्रकाश मिश्र, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग शैलेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# पहाड़ी इलाकों से भी नीचे रहा कानपुर का तामपमान. अब तक 40 से ज्यादा मरे

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां जिले में जानलेवा सर्दी का कहर लगातार जारी है। वह अबतक अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ रही है। बीती शनिवार की रात तो यहां का तापमान पहाड़ी इलाकों से भी नीचे 2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो शिमला से भी कम था। मतलब शिमला का न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री तक गया था। कुल मिलाकर शिमला से भी ज्यादा ठंडी की वजह से शहर वासी बहुत हलकान हैं और इसी वजह से लोगों की मौतों का भी सिलसिला लगातार जारी है। अबतक 40 से भी अधिक लोगों के मरने की खबर है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड का यह सितम लगातार जारी रहेगा। जहां तक कानपुर का सवाल है। यहां पिछले 4 दिनों से लगातार न्यूनतम तापमान 5 से 3 डिग्री सेल्सियल्स के आसपास बना रहा, लेकिन 7 जनवरी की रात पहाड़ी शहरों से भी ज्यादा ठंडी रही। कानपुर शहर का तापमान जब 2 डिग्री सेल्सियस था तब शिमला 3.7°C कांगड़ा 3.2°C मसूरी 4.4°C डलहौजी 4.9°Cऔर नैनीताल 6.2°C था।

अवगत कराते चलें कि कानपुर शहर में इससे पहले वर्ष जनवरी 2013 में न्यूनतम तापमान 1.2ड्ड डिग्री लुढ़क गया था। वहीं मौसम विभाग की माने तो आने वाले कुछ दिनों तक अभी कोहरे और धुंध के साथ-साथ पाला भी गिरेगा। तापमान में कुछ बढ़ोतरी 2 या 3 दिनों के बाद हो सकती है।

इसी के साथ भीषण ठंड और लगातार कोहरे के कारण शहर का प्रदूषण भी खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। शहर का एक अदक लेबल 450 के पार पहुंच गया. खासकर नेहरू नगर, कल्याणपुर आईआईटी और किदवई नगर में भी प्रदूषण से हालात बेहद खराब देखा गया।

# मानेगांव में प्राथमिक शाला भवन निर्माण का आयुष मंत्री ने किया भूमिपूजन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(09जनवरी)36 लाख रुपये की लागत से परसवाड़ा के मानेगांव में आयुष मंत्री राम किशोर कांवरे ने प्राथमिक शाला भवन निर्माण का भूमि पूजन किया। मंत्री ने कहा कि जब जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के विकास के लिए अच्छा काम करता है तो जनता उसका सम्मान करती है और इस सम्मान से जनप्रतिनिधि को और भी अच्छा काम करने की प्रेरणा मिलती है। अतः पंचायत राज व्यवस्था के जनप्रतिनिधि भी अपनी जिम्मेदारी को समझें और अच्छे से अच्छा काम करने का प्रयास करें।

मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई गई हैं और उनका क्रियान्वयन किया जा रहा है। शासकीय अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भी जिम्मेदारी है कि वह इन



योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का काम करें। पंचायत राज व्यवस्था में चुनकर आए जनप्रतिनिधि इस बात का ध्यान रखें कि पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं । यदि पात्र लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है तो वे ऐसे लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए तत्परता के साथ काम करें । मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सभी योजनाओं के पात्र लोगों तक 38 प्रकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान चलाया गया है। इसके बाद भी किन्ही कारणों से कुछ लोग योजनाओं का लाभ पाने से वंचित रह गये हों तो उन तक लाभ पहुंचाने का काम किया जाए ।जनप्रतिनिधि का काम केवल अधोसंरचना विकास तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी उसका योगदान होना चाहिए।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती के अवसर पर 23 और 24 जनवरी को नई दिल्ली में सशस्त्र बलों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति और जनजातीय नृत्य महोत्सव कार्यक्रम आयोजित

गणतंत्र दिवस समारोह 2023 के हिस्से के रूप में और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती (जिसे पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है) को मनाने के लिए सशस्त्र बलों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति तथा जनजातीय नृत्य महोत्सव 'आदि शौर्य - पर्व पराक्रम का' 23 एवं 24 जनवरी, 2023 को नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय उत्सव के दौरान सशस्त्र बलों की क्षमता और भारत की जनजातीय संस्कृति की विशिष्ट संस्कृति व सुंदरता का प्रदर्शन किया जायेगा। कार्यक्रम के लिए मुफ्त टिकट ६६६ॄड्डद्ग८रॅंङ्क६ॄङ्के पर उपलब्ध हैं। इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति (पैरामोटर ग्लाइडिंग, हॉट एयर बैलून, हॉर्स शो, मोटर साइकिल डिस्प्ले, एयर वारियर ड्रिल, नेवी बैंड) और देश भर से आए आदिवासी कलाकारों का एक घंटे का पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन (खुखरी नृत्य, गतका, मल्लखंब, कलारिपयतु, थंगटा) शामिल हैं। ग्रैंड फिनाले में प्रसिद्ध गायक श्री कैलाश खेर की प्रस्तुति होगी। समारोह के आयोजन का उद्देश्य देश के बहादुरों के बलिदान को याद करना और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाना है, जिनसे भारत को इतनी अनूठी तथा विविध पहचान मिलती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की बहादुरी को मिलकर याद किया जाएगा; इसका उद्देश्य यह भी है कि हम भारत की सच्ची भावना को अपनाएं और एक सशक्त एवं समृद्ध 'नए भारत' के निर्माण की प्रतिबद्धता को नवीनीकृत करें। रक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें भारतीय तटरक्षक समन्वयक की भूमिका निभा रहा है।

# उत्तर पूर्व क्षेत्र के लिए बजटीय आवंटन में 2014 के बाद से भारी वृद्धि हुई है

सरकार ने उत्तर पूर्व क्षेत्र के विकास को विशेष प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 8 वर्षों में 50 से अधिक बार पूर्वोत्तर क्षेत्र का दौरा किया है, जबकि केंद्रीय मंत्रियों ने भी 400 से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है। देश का उत्तर पूर्व क्षेत्र पहले अशांति, बंद आदि के लिए जाना जाता था लेकिन पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वहां शांति बहाल हुई है। वहां उग्रवाद की घटनाओं में 74% की कमी, सुरक्षा बलों पर हमलों की घटनाओं में 60% की कमी और नागरिक मौतों में 89% की कमी आई है। लगभग 8,000 युवाओं ने आत्मसमर्पण किया है। वे अपने और अपने परिवारों के लिए बेहतर भविष्य की सोच के साथ मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा, 2019 में नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा, 2020 में ब्रू और बोडो समझौते तथा 2021 में कार्बी समझौते पर सहमति बनी। असम-मेघालय और असम-अरुणाचल सीमा विवाद भी लगभग समाप्त हो चुका है। शांति बहाली के साथ ही उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास के पथ पर अग्रसर हो गया है। 2014 के बाद से इस क्षेत्र के लिए बजटीय आवंटन में भारी वृद्धि देखी गई है। 2014 से, इस क्षेत्र के लिए 10% जीबीएस के तहत 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15वें वित्त आयोग (2022-23 से 2025-26) की शेष अवधि के लिए 12882.2 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की योजनाओं को मंजूरी दे दी है। एमडीओएनईआर योजनाओं के तहत पिछले 4 वर्षों में वास्तविक व्यय 7534.46 करोड़ रुपये था जबकि, 2025-26 तक अगले चार वर्षों में व्यय के लिए उपलब्ध निधि 19482.20 करोड़ रुपये (लगभग 2.60 गुना) है। क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किए गए हैं। कनेक्टिविटी में सुधार मुख्य फोकस रहा है। रेलवे कनेक्टिविटी में सुधार के लिए 2014 से अब तक 51,019 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। 77,930 करोड़ रुपये की 19 नई परियोजनाएं मंजूर की गई हैं। रेलवे के लिए, 2009-14 के दौरान 2,122 करोड़ रुपये के औसत वार्षिक बजट आवंटन की तुलना में पिछले 8 वर्षों में औसत वार्षिक बजट आवंटन में 370% की वृद्धि के साथ कुल 9,970 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। सड़क संपर्क में सुधार के लिए, 1.05 लाख करोड़ रुपये की 375 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। सरकार अगले तीन साल में 209 परियोजनाओं के तहत 9,476 किलोमीटर सड़कें बिछायेगी। इसके लिए केंद्र सरकार 1,06,004 करोड़ रुपये खर्च कर रही है। हवाई संपर्क में भी व्यापक सुधार हुआ है। 68 वर्षों में उत्तर पूर्व में केवल 9 हवाई अड्डे थे जो आठ वर्षों की छोटी सी अवधि में बढ़कर 17 हो गए। 2014 (साप्ताहिक आधार) से उत्तर पूर्व में हवाई यातायात की आवाजाही में आज 113% की वृद्धि हुई है। हवाई संपर्क को और बढ़ावा देने के लिए, उत्तर पूर्व क्षेत्र में नागरिक उड्डयन में 2,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। दूरसंचार कनेक्टिविटी में सुधार के लिए, 2014 से 10% जीबीएस के तहत 3466 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एनईआर के 4,525 गांवों में 4जी कनेक्टिविटी को भी मंजूरी दी है। केंद्र सरकार ने 2023 के अंत तक क्षेत्र में पूर्ण दूरसंचार कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए 500 दिनों का लक्ष्य निर्धारित किया है। जलमार्ग उत्तर पूर्व के जीवन और संस्कृति का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रही सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को विकसित करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। 2014 से पहले एनईआर में केवल 1 राष्ट्रीय जलमार्ग था। अब एनईआर में 20 जलमार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया है। हाल ही में राष्ट्रीय जलमार्ग 2 और राष्ट्रीय जलमार्ग 16 के विकास के लिए 600 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उत्तर पूर्व क्षेत्र में कौशल विकास के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और 2014 तथा 2021 के बीच मौजूदा सरकारी आईटीआई को मॉडल आईटीआई में अपग्रेड करने के लिए लगभग 190 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। 193 नए कौशल विकास संस्थान स्थापित किए गए हैं। कौशल बढ़ाने पर 81.83 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 16,05,801 लोगों को कुशल बनाया गया है। उद्यमिता विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत एमएसएमई को बढ़ावा दिया गया है। 978 इकाइयों को समर्थन/स्थापना करने के लिए 645.07 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। डीपीआईआईटी के मुताबिक, उत्तर पूर्व से 3,865 स्टार्टअप पंजीकृत किए गए।

पिछले आठ वर्षों में स्वास्थ्य अवसंरचना में सुधार पर विशेष ध्यान रहा है। सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में 2014-15 से 31,793.86 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है। कैंसर योजना के तृतीयक देखभाल को मजबूत करने के तहत 19 राज्य कैंसर संस्थान और 20 तृतीयक देखभाल कैंसर केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। पिछले आठ वर्षों में, इस क्षेत्र में शिक्षा के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए प्रयास किए गए हैं। 2014 से अब तक, सरकार ने उत्तर पूर्व क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 14,009 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उच्च शिक्षा के 191 नए संस्थान स्थापित किए गए हैं। 2014 से स्थापित विश्वविद्यालयों की संख्या में 39% की वृद्धि हुई है। 2014-15 से स्थापित उच्च शिक्षा के केंद्रीय संस्थानों में 40% की वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप, उच्च शिक्षा में कुल छात्र नामांकन में 29% की वृद्धि हुई है।

क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया गया है। 2014-15 के बाद से, सरकार ने 37,092 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं, जिसमें से अब तक 10,003 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। 9,265 करोड़ रुपये की नॉर्थ ईस्ट गैस ग्रिड (एनईजीजी) परियोजना पर काम चल रहा है। इससे उत्तर पूर्व क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा।

क्षेत्र में पहली बार जिला स्तरीय एस-डीजी सूचकांक स्थापित किया गया है। एसडीजी सूचकांक का दूसरा संस्करण तैयार है और जल्द ही जारी होने वाला है।

# रविंद्र कुमार चतुवेर्दी को प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र नियुक्त किया गया

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती सहायक रिटर्निंग आफिसर/जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रमानुसार 30 जनवरी, 2023 (सोमवार) को उत्तर प्रदेश विधान परिषद, गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन-2023 का मतदान सम्पन्न होगा। उक्त स्नातक निर्वाचन-2023 में डाक मतपत्र हेतु डी०सी० मनरेगा, श्रावस्ती रवीन्द्र कुमार चतुर्वेदी को प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र नियुक्त किया गया है। उन्होने नियुक्त अधिकारी को निर्देशित किया कि अपने से संबंधित कार्यो को तत्काल ससमय प्रारम्भ करना सुनिश्चित करेंगे

# केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने ली अधिकारियों की बैठक

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(09जनवरी)केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री बी. एल. वर्मा के अल्प प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेकर सहकारिता के क्षेत्र में विकास के संबंध में चर्चा की गई।



बैठक में पूर्व विधायक रमेश भटेरे, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ , जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार, सयुक्त आयुक्त सहकारिता जबलपुर पी के सिद्धार्थ, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ आर. सी. पटले, उपायुक्त सहकारी समितियां श्रीमती अंजुलि धुर्वे, पी जोशी एवं सहकारिता से जुड़े अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बैठक में बताया कि केंद्र सरकार सहकारिता के क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है और सहकारिता के क्षेत्र को एक दिशा देने के लिए निरंतर काम कर रही है । सहकारिता का क्षेत्र सीधे किसानों से जुड़ा हुआ है और कृषि के विकास में इसका अहम योगदान है । केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा सहकारिता के क्षेत्र को लेकर सतत बैठक की जा रही है और इसके विकास के लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है।

बैठक में बताया गया कि बालाघाट जिले में सहकारिता के चित्र में मत्स्य पालन को लेकर काम किया जा रहा है और इसके लिए बड़ी कार योजना तैयार की गई है ओडिशा बालाघाट ब्रांड का नाम दिया गया है जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत मत्स्याखेट के दौरान मछुआरों की सुविधा के लिए 02 लाख 77 हजार रुपये की लागत से निषाद राज भवन बनाए गए हैं। यह बालाघाट जिले में अपनी तरह का एक नवाचार है।

# पीएम गतिशक्ति के सिद्धांतों के अधिकतम उपयोग के लिए सामाजिक क्षेत्र के बुनियादी ढांचे से संबंधित डेटा का मानचित्रण किया जा रहा है

स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति, पर्यटन, ग्राम पंचायतों, नगर निगम, समाज कल्याण आवास आदि से संबंधित महत्वपूर्ण संपत्तियों के डेटा को मैप किया जा रहा है और भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे दोनों की योजना में पीएम गतिशक्ति सिद्धांतों के अधिकतम उपयोग के लिए डेटा सत्यापन किया जा रहा है। नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स), उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग-डीपीआईआईटी की अध्यक्षता में सामाजिक क्षेत्र के मंत्रालयों/विभागों की ऑनबोर्डिंग पर समीक्षा बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई।

बैठक में आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, महिला और बाल विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग, खेल, ग्रामीण विकास मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, डाक विभाग और भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान-बीआईएसएजी-एन ने भाग लिया। जिन 12 मंत्रालयों/विभागों को शामिल किया गया है, वे एनएमपी प्लेटफॉर्म पर डेटा एकीकरण के उन्नत चरणों में हैं, जिसमें स्कूल, अस्पताल और आंगनवाड़ी केंद्र आदि जैसे महत्वपूर्ण स्तर शामिल हैं।


भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान-बीआईएसएजी-एन ने सामाजिक क्षेत्र के मंत्रालयों/विभागों द्वारा एनएमपी को अपनाने के लाभों के साथ-साथ निर्णय लेने और नियोजन उपकरणों, मॉडल स्कूलों से कनेक्टिविटी और आपदा प्रबंधन योजना जैसे मामलों का उपयोग करने के बारे में एक प्रस्तुति दी।

मंत्रालयों/विभागों ने पीएम गतिशक्ति को अपनाने की प्रगति, एनएमपी प्लेटफॉर्म पर एकीकृत की जा सकने वाले डेटा और एकीकरण प्रक्रिया के दौरान मंत्रालयों/विभागों के सामने आने वाली चुनौतियों को प्रस्तुत किया।

प्रस्तुतियों के बाद प्रतिभागियों के साथ विचार-विमर्श किया गया, दिलचस्प और सामाजिक-आर्थिक रूप से उपयोगी विचारों का आदान-प्रदान किया गया। उदाहरण के लिए, आंगनवाड़ी केंद्रों की पहुंच के संबंध में मानचित्रण, उद्योग के साथ जुड़ाव को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए एक नए तकनीकी संस्थान की स्थापना के लिए स्थान के मूल्यांकन के स्थानों का विश्लेषण स्कूलों और किसी भी कनेक्टिविटी मुद्दों की पहचान करना आदि शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री ने श्री केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर शोक व्यक्त किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल और छोटे कार्यकालों के लिए बिहार, मेघालय और मिजोरम के राज्यपाल का अतिरिक्त



प्रभार संभाल चुके श्री केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राज्य की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की।

प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया;

ह्लश्री केशरी नाथ त्रिपाठी जी का उनकी सेवा भावना और बुद्धिमता के लिए सम्मान किया जाता था। वे संवैधानिक मामलों के अच्छे जानकार थे। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राज्य की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की। उनके निधन से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

## पीएमओ जोशीमठ पर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित करेगा

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा आज दोपहर पीएमओ में कैबिनेट सचिव और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्यों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। जोशीमठ के जिला पदाधिकारी भी इस समीक्षा बैठक में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मौजूद रहेंगे।

उत्तराखंड के वरिष्ठ अधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में शामिल होंगे।

# पूर्व केन्द्रीय रेल मंत्री ललित बाबू की 2 फरवरी को भव्य जयंती तैयारी को लेकर बैठक मंगलवार को - संजीव मिश्रा

## राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा परशुराम सेवा संस्थान के बैनर तले पी पी एस छातापुर होगी मीटिंग

छातापुर । मिथिला के सबसे पैघ नेतृत्वकर्ता वास्तविक मैथिल पुत्र भूतपूर्व रेल मंत्री स्वर्गीय ललित नारायण मिश्र के






जन्मोत्सव एखन धरि ओहि प्रकार से नहि मनाओल गेल जेकर ओ वास्तविक हकदार आ वर्तमान व भावी पीढ़ी के प्रेरणा स्रोत छथि। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा, परशुराम सेवा संस्थान अहि बात के लेल गम्भीर चिंतन करक हेतु पैनोरमा पब्लिक स्कूलक बगल में मंगल दिन 10 जनवरी के 2 बजे बैसार क सर्वसम्मति सर्वस्वीकार्यता से 2 फरवरी के हुनक जयंती समारोह मनाबय के निर्णय करवाक लेल बैसार में अहाँ सब के सादर आमंत्रित करैत अछि।ई बात पनोरमा ग्रुपक एमडी संजीव मिश्रा कहल्खिन कि बैठकक तैयारी पुर्ण भ गेल अछि ।श्री मिश्रा कहलखिन कि ओहन महान विभूति खासकय छातापुर के छथि त एतय बहुत भव्यता के सँग आयोजन होय ताहि लेल अहाँ सब आबी आ अपन अपन मन्तव्य द विचार विमर्श करी। ई बैठक में संस्थापक अध्यक्ष राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा, परशुराम सेवा संस्थान ई० आशुतोष कुमार झा आ जिला अध्यक्ष सुपौल मनोज पाठक सेहो विराजमान रहथिन ।

# शिक्षक के रूप में 25 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर कुलसचिव प्रो. (डॉ.)मिहिर कुमार ठाकुर को कुलपति एवं निदेशक नें दिया स्मृति चिह्न

## 1996 बैच के शिक्षकों के सेवा पच्चीस वर्ष पूरे होने पर बी एन एम यू में सम्मान समारोह आयोजित

मधेपुरा । शिक्षक राष्ट्र-निमार्ता होते हैं। उनके ऊपर समाज एवं राष्ट्र के नवनिर्माण की जिम्मेदारी होती है। वे समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं और नए ज्ञान का सृजन कर बेहतर दुनिया बनाने में योगदान देते हैं।

यह बात निदेशक, उच्च शिक्षा, बिहार सरकार प्रो. रेखा कुमारी ने कही। वे बीएनएमयू के नार्थ कैम्पस में आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थीं। कार्यक्रम का आयोजन बिहार सरकार के विश्वविद्यालय सेवा आयोग से अनुशंसोपरांत भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर, मधेपुरा में नियुक्त 1996 बैच के शिक्षकों के सेवा के पच्चीस वर्ष पूरे होने पर किया गया।

निदेशक ने कहा कि समाज में धन-संपत्ति का उत्पादन करने वालों का काफी महत्व है। लेकिन इससे भी अधिक महत्व ज्ञान का सृजन एवं उत्पादन करने वाले का होता है।

निदेशक ने कहा कि बीएनएमयू में आकर उन्हें सुखद आश्चर्य हुआ। यहां कार्य करने का एक बेहतर माहौल है और यहां के लोगों में विश्वविद्यालय के विकास के प्रति समर्पण है।

उन्होंने कहा कि बीएनएमयू में विकास की काफी संभावनाएं हैं। आशा है कि आने वाले दिनों में यह राज्य एवं देश का एक प्रमुख विश्वविद्यालय होगा।

कुलपति प्रो. आर. के. पी. रमण ने कहा कि 1996 बैच के शिक्षकों ने विश्वविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस बैच के शिक्षक बड़े-बडे.पदों को सुशोभित कर रहे हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का सम्यक निर्वहन करें और विश्वविद्यालय के विकास में अपना सर्वोत्तम योगदान दें। हम सब मिलकर प्रयास करेंगे, तो निश्चित रूप से बीएनएमयू का सर्वांगीण विकास होगा।

कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने कहा कि वर्तमान कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में गुणात्मक सुधार हुआ है और शिक्षा-व्यवस्था के सभी आयामों को बेहतर बनाने की कोशिश हो रही है। इसमें राजभवन एवं राज्य सरकार का भी अपेक्षित सहयोग प्राप्त हो रहा है।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि 1996 बैच के शिक्षकों कि वर्ष 2021 में ही पच्चीस वर्ष पूरा हो गया था। लेकिन कोरोना संक्रमण के खतरों के कारण कार्यक्रम स्थगित रखा गया था। यह सुखद संयोग है कि नववर्ष में यह कार्यक्रम मूर्तरूप ले सका। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से विश्वविद्यालय में एक सकारात्मक माहौल बना है और शिक्षकों में उत्साह का संचार हुआ है। यह कार्यक्रम नैक मूल्यांकन की दृष्टि से भी मील का पत्थर साबित होगा।

इसके पूर्व सभी अतिथियों का अंगवस्त्रम् एवं केला का पौधा देकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने समाजशास्त्र विभाग में इंडियन सोसियोलाजिकल सोसायटी के सहयोग से 19-20 जनवरी को प्रस्तावित सेमिनार के ब्राउजर का लोकार्पण भी किया। इसके अलावा मुख्य रूप से कुलपति एवं निदेशक ने 1996 बैच के सभी शिक्षकों को एक खूबसूरत स्मृति चिह्न एवं स्वर्ण-पदक प्रदान किया। इनमें डॉ. नरेश कुमार, डॉ. एम. आई. रहमान, डॉ. इम्तियाज अंजुम, डॉ. विमल सागर, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव,डॉ. उमाशंकर चौधरी, डॉ. डीएन साह, डॉ. सीपी सिंह, डॉ. संजय कुमार मिश्र, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. संजीव कुमार, डॉ.सूर्यमणि कुमार आदि के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर वित्तीय परामर्शी नरेंद्र प्रसाद सिन्हा, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. राजकुमार सिंह, मानविकी संकायाध्यक्ष प्रो. उषा सिन्हा, बीएन एमबी कॉलेज, मधेपुरा के प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद कुमार, केपी कॉलेज, मुरलीगंज के प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान, खेल पदाधिकारी डॉ. अबुल फजल, उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर आदि उपस्थित थे।

# नहीं रहीं समाजसेविका धर्मशीला सुशीला देवी ,वरीय पत्रकार अरूण झा को मातृ शोक

अररिया । जिले के वरीय पत्रकार अरूण झा की माता समाजसेविका धर्मशीला सुशीला देवी का शुक्रवार को निधन हो गया। वे लगभग 73 बर्ष की होंगी। वे रमई पंचायत के पूर्व मुखिया यदुनंदन झा उर्फ बेचन झा की धर्मपत्नी थी।



वे अपने पीछे तीन पुत्र एवं तीन पुत्रियों से भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गया है। इनके मझीले पुत्र तरूण कुमार झा रमई पैक्स के अध्यक्ष है। परलोक वासिनी सुशीला देवी दयालु एवं काफी धर्मपरायण महिला थी।इस मौके पर जहां उनके गांव रमै के घोड़ाघाट आवास पर शोक संतप्त परिजन को सांत्वना देने आली पाली से लोग आ रहे हैं वहीं जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह की अगुआई में जिला एवं प्रखंड के सभी संवाददाताओं की टोली अरुण बाबू के घर पहुंच दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये ईश्वर से प्रार्थना किये ।दो मिनट का मौन रखा गया ।इस अवसर पर वरीय समाजसेवी संजय मिश्रा भी मौजूद थे ।'

## मुख्यमंत्री प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का निर्णय ऐतिहासिक : फिरोज आलम

शंकरपुर । जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव जनाब फिरोज आलम नदवी ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा पिछड़ा-अतिपिछड़ा वर्ग के कक्षा एक से दस तक के बच्चों के लिए मुख्यमंत्री प्री- मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शुरू करने का निर्णय ऐतिहासिक है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 से ही बच्चों को छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिससे राज्य के एक करोड़ 25 लाख से अधिक बच्चे-बच्चियां लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि पहले यह छात्रवृत्ति केन्द्र और राज्य की 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी के तहत दी जा रही थी, लेकिन इसको लेकर केन्द्र के अपरिपक्व और उदासीन रवैये के कारण बिहार सरकार ने बाध्य होकर छात्रवृत्ति का पूरा भार स्वयं उठाने का निर्णय लिया। वरीय जद यू नेता श्री आलम नें इसके लिए बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री को साधुवाद देता है और उनके प्रति आभार प्रकट करता है। भाई फिरोज ने कहा कि केन्द्र और राज्य की बराबर हिस्सेदारी वाली यह योजना पीएम यशस्वी योजना के नाम से जानी जाती थी। इस योजना को लेकर केन्द्र सरकार किस कदर अगंभीर थी, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पहले तो केन्द्र ने इस योजना के तहत 9वीं और 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप देना बंद कर दिया, वहीं केन्द्र से जो राशि मिलती भी थी, वो समय पर नहीं मिलती थी और कम मिलती थी। ऐसे में इस योजना की जगह मुख्यमंत्री प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना शुरू कर पूरा पैसा राज्य सरकार के कोष से देने का साहसिक निर्णय लिया गया। ऐसा कर बिहार के आत्मसम्मान की रक्षा की गई है। नीतीश कुमार के रहते केन्द्र की लफ्फाज सरकार बिहार के नौनिहालों के भविष्य से कतई खिलवाड़ नहीं कर पाएगी।



# जोकीहाट विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रंजीत यादव जी के पिताजी का निधन अत्यंत दुखद है - सैयद शाहनवाज हुसैन पलासी प्रमुख सदानंद यादव व रंजीत यादव को पितृ शोक

पटना/ अररिया/ पलासी । अररिया जिला के चर्चित राजनीतिक फैमिली पलासी ब्लॉक के बेलवाड़ी निवासी जोकीहाट विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रंजीत यादव जी व त्रिस्तरीय पंचायतीराज के पलासी प्रखंड प्रमुख पद पर अद्यतन आसीन सदानंद यादव के पिताश्री फुदन लाल यादव इस आसार संसार को छोड़ सतलोक वासी हो गए ।राजनीति में उर्वर इस परिवार को कोई जोड़ नहीं है ।अंगद की तरह पांव जमाए पलासी प्रखंड का प्रमुख पद की कुर्सी कभी बड़े बेटा तो कभी,पतोहू संभालती रही ।वर्त्तमान में बड़े बेटे पूर्व प्रमुख सदानंद यादव की पत्नी अभी प्रमुख पद पर आसीन हैं ।इनसे पूर्व जोकीहाट विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रंजीत यादव जी धर्मपत्नी प्रमुख थी ।कई दिग्गज इस परिवार को प्रमुख पद पर से हटाने कि कुच्क्र रचे किन्तु वे सभी धराशायी हो गए ।दिवंगत फुदन लाल यादव अपने पीछे पांच पुत्र एक पुत्री एवं पोते - पोतियों ,नाती-नातिनों से भरा पूरा परिवार पीछे छोड़ गए हैं ।सोमवार को उनके अवतरण स्थल बेलबाड़ी में अग्नि संस्कार किया जाएगा ।मुखाग्नि जेष्ठ पुत्र प्रमुख सदानंद यादव देंगे ।उनके आवास पर अन्तिम दर्शन के लिये पार्थिव शरीर को रखा गया है ।उनके निधन पर भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री,पूर्व उद्योग मंत्री बिहार सह राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा सैयद शाहनवाज हुसैन नें कहा कि जोकीहाट विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रंजीत यादव जी के पिताजी का निधन अत्यंत दुखद है ।दुआ कर रहा हूँ कि परिजनों को इस असीम दुख को सहने की ताकत मिले और दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान हो ।इधर युवा दिलों के धड़कन भाई रंजीत यादव नें कहा कि आज मैंने अपने ईश्वर रुपी पिता (बाबूजी) को खो दिया। इनकी कमी अब, इस जन्म में कोई और पूरा नहीं कर सकता । ईश्वर आपको अपने श्री चरणों में स्थान दे। बाबूजी आपको मेरा कोटि कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि ।"दुनिया में लाखों चलते है साथ में, लेकिन जो हर सुख दुख में, साथ रहता है वो पिता है। खुशी का हर लम्हा पास होता है, जब पिता का साथ होता है।"इधर उनके बड़े पुत्र प्रमुख सदानन्द यादव नें कहा कि पिता का साया सर से उठ गया ।इनकी कमी हम सब को खलेगी ।इस मौके पर दल से उपर उठकर विभिन्न राजनेताओं,समाजसेवियों नें फूदन बाबू के निधन को अपूरणीय क्षति बताया।इस मौके पर भाजपा- लोजपा के राष्ट्रीय नेताओं,बिहार के प्रतिनिधियों नें शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी है ।




# अधिवक्ता सह पत्रकार श्यामसुंदर बाबू की 105 वी जयंती मनी

## *15 गरीब व असहाय लोगो के बीच बांटे गये कम्बल,ग्रामीणों के बीच मास्क का वितरण*

अररिया। जिले के जाने-माने अधिवक्ता सह पत्रकार स्वर्गीय श्यामसुंदर प्रसाद जी की 105वी जयंती धूमधाम से समारोह आयोजित कर मनाया



गया।कोरोना गाइड का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए यह आयोजन जिले के रानीगंज प्रखंड अन्तर्गत छतियोना ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 10 स्थित उनके पैतृक कामत परिसर में बने भव्य श्री श्यामसुंदर धाम शिवमंदिर के प्रांगण मे मनाया गया।

**सर्वप्रथम स्वर्गीय श्यामसुंदर बाबू के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरीय नागरिक सह अररिया कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर भूपेश्वर नारायण वर्मा ने कहा कि स्वर्गीय श्यामसुंदर प्रसाद का जीवन अनुकरणीय है।

स्वर्गीय श्यामसुंदर बाबू के जयंती पर पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी कम्बल बितरण शिविर लगाकर 15 (पंद्रह) गरीब, असहाय महिला व पुरुषों के बीच कम्बल का बितरण किया गया। इसके अलावा 100 से अधिक ग्रामीणों को मुफ्त में मास्क का बितरण भी किया जाएगा।

कोरोना गाइड का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग के तहत कम्बल वितरण शिविर का आयोजन श्री श्यामसुंदर धाम शिवमंदिर के निर्माणकर्ता विनोद प्रसाद के द्वारा किया जाएगा।

इस बावत वरीय अधिवक्ता सह वरिष्ठ पत्रकार विनोद प्रसाद ने जानकारी दिया कि पिताजी की 105वी जयंती के इस पुनीत अवसर पर अररिया कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर भूपेश्वर नारायण वर्मा को पुष्पगुच्छ देकर व शाल ओढ़ाकर मंदिर व्यवस्थापक की ओर से सम्मानित भी किया गया है।

वही, वन विभाग अररिया द्वारा प्रदत्त फलदार पौधो को अररिया कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर भूपेश्वर नारायण वर्मा के कर-कमलों द्वारा मंदिर प्रक्षेत्र मे फलदार पौधरोपण भी किया गया।

मौके पर विनोद प्रसाद, विकास प्रकाश, विनीत प्रकाश, विवेक प्रकाश, कारे लाल मंडल, यश कुमार, चिराग कुमार, चेतन कुमार, आनंद रंजन उर्फ सूक्कू अरुण मंडल, किशोर मंडल, दिलीप मंडल सहित ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# दिल्ली आबकारी फजीवांड़ा: ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट में भी डिप्टी उट मनीष सिसोदिया को नहीं बनाया गया आरोपी

दिल्ली. केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में फजीवांड़ा को अंजाम देने वाले के खिलाफ शुरूआती तफ्तीश आगे बढ़ाते हुए सप्लीमेंट्री चार्जशीट कोर्ट में दायर करने वाली है. ईडी सूत्रों की अगर मानें तो दायर होने वाली दूसरी चार्जशीट यानी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में भी गिरफ्तार आरोपियों और उससे संबंधित कंपनियों के ही नाम. ईडी मुख्यालय में कार्यरत ल्क्क्र ब्रांच की टीम द्वारा दिल्ली सरकार की आबकारी नीति से संबंधित मामले की तफ्तीश से संबंधित पहले चार्जशीट में शराब कारोबारी समीर महेन्द्रू को आरोपी बनाया था. लेकिन 6 जनवरी 2023 को दायर होने वाले सप्लीमेंट्री चार्जशीट में पांच आरोपियों के साथ -साथ कुछ कंपनियों को आरोपी के तौर पर उस चार्जशीट में नामजद कर सकती है.

सप्लीमेंट्री चार्जशीट में विजय नायर -पूर्व उएड, ओनली मच लॉउडर, मुम्बई, अभिषेक बोइनपल्ली – हैदराबाद का कारोबारी, सरथ चन्द्र रेड्डी- आंध्रप्रदेश का कारोबारी, बेनॉय बाबू झ्र शराब कारोबारी, अमित अरोड़ा झ्र मेसर्स बडी रिटेल प्राइवेट लिमिटेड, पेर्नोड रिकार्ड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स ऑर्गनॉमिक्स एकोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स ट्रिडेंट चेम्फर लिमिटेड और मेसर्स श्री अवंतिका कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड को आरोपी बनाया गया है. दिल्ली सरकार के आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया को फिलहाल पहले चार्जशीट के बाद अब दूसरे चार्जशीट में भी एआरओपी नहीं बनाया गया है, लेकिन ह्यनो क्लीनचीटह्न दी गई है.

ईडी के सूत्रों के मुताबिक दिल्ली सरकार के आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया को फिलहाल 6 जनवरी को दायर होने वाले दूसरी चार्जशीट यानी सप्लीमेंट्री चार्जशीट में भी आरोपी नहीं बनाया गया है. बल्कि इस चार्जशीट में उन लोगों को आरोपी बनाया गया है जिसकी गिरफ्तारी हो चुकी है या उससे जुड़े कंपनियों की भूमिका तफ्तीश के दौरान सामने आई है. यानी जिससे पूछताछ की जा चुकी हो या उसके खिलाफ पुख़्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है. सीबीआई (उइक) मनीष सिसोदिया को अपने दर्ज एफआईआर में आरोपी नम्बर एक यानी मुख्य आरोपी बनाया था. उसी एफआईआर को आधार बनाते हुए ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (ढटछअ अू३ ) के तहत मामला दर्ज किया था और आगे की तफ़्तीश कर रही है. लेकिन इस मामले में पांच शराब कारोबारियों से पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था. लिहाजा इसी वजह से उन आरोपियों के खिलाफ जांच एजेंसी ईडी द्वारा पहला सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर किया जा रहा है.

**चार्जशीट में नाम नहीं का ये है मतलब**

इस मामले की आगे की तफ़्तीश के दौरान कई अन्य आरोपियों से पूछताछ की जाएगी. उसी के आधार पर बाद में कुछ और सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर किया जाएगा. पहले और दूसरे चार्जशीट में अगर किसी आरोपी का नाम आरोपी के तौर पर नहीं है तो इसका मतलब यह नहीं है कि उसे जांच एजेंसी से ह्लक्लीनचिट ह्लमिल गई है. इसका मतलब तफ़्तीश जारी है.

पॉलिटिकल कनेक्शन भी आ सकता है सामने जांच एजेंसी के सूत्रों की अगर मानें तो पिछले दो महीनों के दौरान हुई करीब दो दर्जन लोगों से पूछताछ के दौरान काफी महत्वपूर्ण इनपुट्स और बयानों को ईडी के द्वारा दर्ज किया गया है. उसी के आधार पर कहा जा सकता है कि आने वाले कुछ वक्त के दौरान कुछ राजनीतिक हस्तियों से भी इसी मामले में जुड़े कनेक्शन की वजह से उन्हें पूछताछ करने के लिए समन भेजा जाएगा और दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पूछताछ किया जाएगा.

**काफी तेजी से बढ़ रहा है ईडी की तफ़्तीश का दायरा**

ईडी मुख्यालय में स्थित ल्क्क्र ब्रांच की टीम काफी तेजी से और सतर्कता से इस मामले की तफ़्तीश में जुटी हुई है. लिहाजा इस मामले में पिछले दो महीने से लगातार कई आरोपियों का बयान दर्ज किया जा चुका है. ईडी के वरिष्ठ सूत्र के मुताबिक ह्यइस मामले की बात हो या किसी अन्य मामले की हमलोग ये कोशिश करते हैं कि तमाम सबूतों और दर्ज बयानों, दस्तावेजों के आधार पर मामले की तफ़्तीश रिपोर्ट को कोर्ट के सामने रखते हैं. जिससे कि आरोपी को किसी भी आधार पर बचने का मौका नहीं मिल सके.ह्न

**ईडी की तफ़्तीश में "साउथ ग्रुप " संबंधित मिले कई इनपुट्स**

दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले की तफ़्तीश के दौरान ईडी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले की तफ्तीश के दौरान कई अन्य आरोपियों से रोजाना पूछताछ की जा रही है. ईडी के वरिष्ठ सूत्रों के मुताबिक हैदराबाद मूल के रहने वाले कारोबारी अभिषेक बोइनपल्ली और विजय नायर के बारे में ये जानकारी मिली कि ये दोनों आरोपी बेहद प्रभावशाली कारोबारी है, जिनका दिल्ली से लेकर हैदराबाद तक बेहद मजबूत राजनीतिक कनेक्शन है. तफ़्तीश के दौरान जांच एजेंसी ईडी को ये जानकरी मिली थी कि दक्षिण भारत के शराब कारोबारियों की कथित तौर पर लॉबिंग करने और दिल्ली में एक नई आबकारी नीति बनाने और उसके प्रावधानों से लाभ अर्जित करने के लिए दिल्ली, हैदराबाद और मुम्बई में कई राजनीतिक हस्तियों और कारोबारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करके लॉबिंग किया था. इसके साथ ही हवाला कारोबारी के मार्फत दिनेश अरोड़ा और विजय नायर को करोड़ो रुपए भेजने का आरोप भी है. उसके बाद दिल्ली सरकार की विवादित आबकारी नीति जो नवंबर 2021 से लेकर जुलाई 2022 तक प्रभावी रही थी, उसको कई आरोपियों के द्वारा प्रभावित किया गया था.

## यूक्रेन से भारतीय छात्रों को निकालने में की थी मदद, अब भारत सरकार देगी प्रवासी भारतीय सम्मान

इंदौर. भारतीय मूल के लोगों की भारत और विदेशों में बेहतरीन उपलब्धियों को नवाजने के लिए मध्य प्रदेश में मंगलवार को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2023 का आयोजन किया जाएगा. पिछले साल ऑपरेशन गंगा (डस्री१ं३ङ्मल्ल त्रंल्लॅं) के दौरान यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों की मदद करने वाले पोलैंड के व्यवसायी अमित कैलाश चंद्र लाठ को व्यवसाय/सामुदायिक कल्याण कैटेगिरी के लिए चुना




गया है. अमित लाठ, यूरोप-इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स, सेंट्रल-ईस्ट यूरोप चैप्टर के निदेशक भी हैं. उन्होंने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को बचाने के लिए सरकार के ऑपरेशन गंगा मिशन में अग्रणी और बेहतरीन भूमिका अदा की थी और उन्हें पोलैंड से वापस लाने में मदद की थी. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 24 फरवरी 2021 को यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान घोषित करने के बाद संघर्ष से बचने की कोशिश कर रहे हजारों भारतीय छात्रों के लिए अमित लाठ एक प्रकाश स्तंभ के रूप में उभरे थे. न्यूज एजेंसी एएनआई से एक साक्षात्कार में अमित लाठ ने कहा कि उन्हें राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करने का सौभाग्य मिला और आज भारत और पोलैंड के संबंध अलग स्तर पर पहुंच गए हैं.



# पश्चिम बंगाल में वंदे भारत ट्रेन पर फिर पथराव, 1 हफ्ते में 3 बार पत्थरबाजी, खिड़की के शीश टूटे

कोलकाता. पश्चिम बंगाल में एक बार फिर वंदे भरात ट्रेन पर पथराव की घटना सामने आई है. रविवार को पश्चिम बंगाल के बारोसई रेलवे स्टेशन के पास वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किया गया. इसके चलते खिड़की के शीश टूट गए हैं. वंदे भारत ट्रेन हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी आ रही थी.वहीं पथराव की सूचना मिलने के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है. वंदे भारत के सी14 कम्पार्टमेंट पर पत्थर फेंके गए थे. इस घटना की वजह से ट्रेन को बोलपुर स्टेशन पर काफी देर रोकना पड़ा. हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई है.

बीते 2 जनवरी को जो हमला हुआ, वो मालदा जिले में हुआ था. भाजपा ने हमले की एनआईए तफ्तीश की मांग उठा दी थी. वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वंदे भारत ट्रेन पर हुई पत्थरबाजी की घटना से इनकार कर दिया था. उन्होंने कहा था कि वंदे भारत पर बिहार में पत्थर फेंके गए थे, पश्चिम बंगाल में नहीं. जिन लोगों ने भी झूठ फैलाने का काम किया है. उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. हमारे राज्य को बदनाम करने की कोशिश हो रही है. वैसे भी वंदे भारत कोई नई ट्रेन नहीं है, ये तो एक पुरानी ट्रेन है, जिसमें नया इंजन लगा दिया गया है.

इस हमले के बाद एक ही हफ्ते में वंदे भारत ट्रेन पर तीन बार पथराव की घटना सामने आ चुकी है. इससे पूर्व 2 जनवरी को मालदा में और 3 जनवरी को फांसी-देवा के पास वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किया गया था. बीते 3 जनवरी को हुई पत्थरबाजी के मामले में पुलिस ने तीन नाबालिगों को अभिरक्षा में लिया था. 3 जनवरी को हावड़ा से न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत ट्रेन पर किशनगंज में पत्थरबाजी हुई थी. बीते 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हावड़ा एनजेपी वंदे भार ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था.

## वार्ड पार्षद ने 100 गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुर शहर के वार्ड नंबर 11 मैं रविवार को पार्षद मोनिता कुमारी ने अपने आवास पर नगर परिषद द्वारा आवंटित गरीब असहाय लोगों को वितरण किया



कहा कि ठंड से गरीबों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबल वितरण किया गया है।गरीबों के बीच कंबल का वितरण करते हुए अपार खुशी मिल रही है। जाड़े के मौसम में जो संपन्न और आर्थिक रुप से सशक्त लोग हैं वे ठंड से बचने के लिए स्वयं प्रयास कर लेते है लेकिन जो गरीब और असहाय है उन्हें मदद कर हम ठंड मे ठिठुरने से बचा सकते है। कंबल वितरण से कैलाशनगर बागतीपाडा रेलवे कॉलोनी एवं सिद्धार्थनगर के गरीबों असहाय एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किए महिला-पुरुष लाभांवित हुए है। मौके पर संतु चौधरी रविंद्र पासवान सूरज राय जयराम पासवान दिलीप सिंह आदि सैकड़ों लाभुक मौजूद थे।

## ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए सांसद विजय हांसदा.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड प्रखंड की विभिन्न गांव का दौरा किए और ग्रामीणों की समस्या सुना, राजमहल लोक सभा के सांसद विजय हसदा पाकुड़ प्रखंड विभिन्न गांव के




दौरा किए सर्वप्रथम कानहुपुर उसके बाद नसीपुर हमरूल चेगाडगा सीता पहाड़ी नबीनगर पहुंचे और ग्रामीणों का हालचाल जाना ग्राम में मूलभूत समस्या रोड पेंशन को लेकर जिले के वरीय पदाधिकारी से बातचीत कर हल निकालने का आश्वासन दिया और ग्रामीणों की समस्या से हुए रूबरू बढ़ती ठंड को देखते हुए ग्रामीणों को कंबल देने की भी बात कही उन्होंने कहा ग्रामीण की समस्या के निदान को लेकर हमेशा तत्पर हूं जब भी जनता को हमारी जरूरत पड़ती है मैं हमेशा सेवा के लिए तत्पर रहता हूं मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव मुस्लेउद्दीन शेख जिसमें प्रखंड के सभी पंचायत के अध्यक्ष सचिव उपस्थित हुए और सोमवार को झिकरहटी पश्चिमी मैं एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे जिसमे ग्रामीण लोगों से मुलाकात कर उसके बुनियादी समस्या से रूबरू होंगे प्रखंड के सभी सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अवैध लॉटरी के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़/हिरणपुर में गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को स्थानीय पुलिस ने तोड़ाई से एक लॉटरी विक्रेता को अवैध लॉटरी के साथ रंगेहाथ पकड़ा.



मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज के नेतृत्व में पुलिसबल ने तोड़ाई निवासी मो.जमाल को अवैध तरीके से लॉटरी बेचते हिरासत में लिया. इसकी तलाशी लेने पर 2 बंडल एटीएम लॉटरी सहित नगद 4510 रुपये बरामद हुआ. इसके अलावे एक लाल रंग का खाता बुक जब्त किया गया है. सूत्रों की माने तो हिरणपुर बाजार सहित आसपास के क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 4-5 लाख रुपये की लॉटरी का अवैध कारोबार चल रहा है. इस बावत थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि अवैध लॉटरी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. इस पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार पर हर हाल में अंकुश लगाया जाएगा.

## ट्रैक्टर का एक्सेल टूटने से पलटा ट्रॉली.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा**

अमड़ापाड़ा-पाकुड़ मुख्य सड़क के शहरग्राम चौक में रविवार सुबह तड़के



एक ट्रैक्टर का एक्सेल टूटने से ट्राली पलट गई. मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर को चालक के द्वारा काफी तेज गति से चलाया जा रहा था, ट्रैक्टर में बालू लदा हुआ था, बांसलोई नदी से बालु लादकर शहरग्राम के रास्ते हिरणपुर आ रहा था, इसी क्रम में शहरग्राम चौक में ट्रैक्टर के ट्रॉली का एक्सेल टूट जाने से ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गयी, ट्रॉली पलटने से बालू रोड पर ही बिखर गया,जिसे बाद ट्रैक्टर के चालक ने सड़क से बालू को हटा कर सड़क किनारे किया।घटना की सूचना महेशपुर थाना पुलिस को मिलते ही बिना समय गवाएं घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर घटना की जानकारी प्राप्त की,हालांकि जांच क्रम में ट्रैक्टर के कागजाद और बालू संबंधित चालान सही पाए गय।

## बच्चों के लिए 15 जनवरी तक आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन होगा बंद.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़ जिले में बढ़ते हुए व्यापक ठंड के स्तर को देखते हुए ठंड की परिस्थिति



एवं शीतलहर के प्रभाव के मद्देनजर सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में उपायुक्त वरूण रंजन के द्वारा जिला अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन 3 से 6 वर्ष तक के बच्चो के लिए बंद रखने का निर्देश दिया है। साथ ही उपायुक्त ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को उनके उनके क्षेत्रों में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को नियमित रूप से पूरक पोषाहार का वितरण सेविका व सहायिकाओं के द्वारा उनके घरों तक जाकर करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। गौरतलब हो कि इस दौरान लाभार्थियों के लिए निर्धारित सभी क्रियाकलाप पूर्व की तरह ही आंगनवाड़ी केंद्रों में संचालित रहेंगे एवं आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका आंगनवाड़ी केंद्रों में उपस्थित रहकर अपने कार्यों का निर्वहन करेंगी। उपायुक्त ने कहा है की हर परिस्थिति में पोषाहार का कार्यक्रम जारी रहेगा।

## विधायक दिनेश विलियम मरांडी ने किया गोविंदपुर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़/लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश विलियम मरांडी ने रविवार को ग्रामीण कार्य विभाग पाकुड़ द्वारा स्वीकृत गोविंदपुर जमशेद अली के घर से पश्चिम नहर तक की सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। 1.1किमी लंबी इस सड़क का प्राक्कलन राशि 98.92 लाख है। जिसका संवेदक शिव इंटरप्राइजेज है। कार्यक्रम में आदिवासी महिलाओं ने पारंपरिक रूप से विधायक का स्वागत किया। इसके बाद विधायक ने फीता काटकर व नरियल तोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उधर शिलान्यास के बाद उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी - अपनी समस्याओं को



विधायक समक्ष रखा। जिससे विधायक ने त्वरित निष्पादन का आश्वासन ग्रामीणों को दिया। विधायक ने कहा की यह सड़क पूर्व से ही काफी जर्जर अवस्था में था। इसका निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिल पाएगा। झारखंड के हेमन्त सोरेन की सरकार जनहित कि कार्यों को धरातल में लाने के लिए कटिबद्ध है। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत , झामुमो जिला उपाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम , सहायक अभियंता अंगद कुमार , जेई राजकुमार मंडल , जाहिद आलम आदि उपस्थित थे।

## कोयला चोरी के खिलाफ पुलिस ने चलाया छापेमारी अभियान.

### साइकिल से कोयला ढो रहे सात लोग गिरफ्तार,भेजा जेल.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़/हिरणपुर में अवैध कोयला चोरी की रोकथाम को लेकर शनिवार शाम स्थानीय पुलिस ने विभिन्न जगहों पर छापेमारी अभियान चलाया. इस दौरान लगभग 21 क्विंटल अवैध कोयला के साथ कोयला चोरी के आरोप में सात लोगों को गिरफ्तार किया है. मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज के नेतृत्व में एसआई विनोद कुमार, रोशन सिंह, सचिन लकड़ा, एएसआई अरविंद राय सहित पुलिसबल ने डांगापाड़ा, देवपुर, तोड़ाई आदि जगहों में छापेमारी अभियान चलाया. जहां साइकिल पर लदे अवैध कोयला के साथ बरहरवा थाना क्षेत्र के जुहीबोना निवासी



दिलदार हुसैन, रांगा थाना के शहरी के केदार साहा, देवपुर निवासी उमाचरण साहा, केशव साहा, रोहित रविदास, दुर्योधन साहा व महेशपुर थाना के देवीनगर निवासी शिवशंकर साह को गिरफ्तार किया गया. सभी के साइकिल से कुल 21 क्विंटल अवैध कोयला को जब्त किया गया है. इस मामले में थाना कांड संख्या 6/23 में धारा 414, 34 भादवि के तहत कोयला चोरी के नामजद आरोपियों को जेल भेज दिया गया. इस बावत थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि अवैध कोयला तस्करी पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जाएगा. इसपर हर हाल में अंकुश लगाया जाएगा.

## हेल्प फॉर पीपल और खिदमत फाउंडेशन ने साफीकुल शेख का किया मदद.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा**

पाकुड़/महेशपुर से 2 किलोमीटर दूर सीलमपुर गांव के शाफिकुल शेख का तबीयत खराब है यह जानकारी ग्रुप के लाल बाबू को पता चला फिर ग्रुप द्वारा उनके घर जाकर जानकारी लिया गया तो पता चला कि सफीकुल शेख का किडनी इन्फेक्शन है जो बाहर जाकर इलाज कराना चाहते हैं यह बात ग्रुप में दिया गया था । हेल्प फॉर पीपल महेशपुर द्वारा 3500 और खिदमत फाउंडेशन द्वारा ₹3000 नगद राशि ।टोटल 6500



रुपया और फल दिया गया। खिदमत फाउंडेशन के संचालक मासूद जी ने कहा कि हम सब ग्रुप के जितने भी लोग हैं कुछ-कुछ पैसा ग्रुप में डालते रहते हैं और जब एक बड़ा अमाउंट बनता है तब किसी जरूरतमंद का मदद करते हैं इस नेक कार्य में सद्दाम हुसैन सीलमपुर,रोसन शेख,आसादूल मुल्ला, लालबाबु, एवं ग्रुप के तमाम साथी गण का अहम योगदान रहा।

## सड़क पर घरों का पानी आने से ग्रामीणों ने की मुखिया से शिकायत.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साह**

पाकुड़/महेशपुर प्रखंड अंतर्गत बड़कियारी ग्राम के सड़क के ऊपर कई घरों का गंदा पानी सड़क के ऊपर आ जाता है,जिससे सड़क कीचड़मय हो जाती है,सड़क पर हर समय गंदा पानी रहने के चलते ग्रामीणों को पैदल चलने में भी काफी असुविधा होती है,कई बार कुछ घरों के मालिकों को अवगत भी कराएं गया की आप कुछ के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है,और ग्रामीणों ने समझाया भी की आप्लोग अपने घर से निकलने वाले पानी के एक नाली का निर्माण करा ले,जिससे पानी सड़क पर नहीं आयेगा, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी ग्रामीणों को निराश होना पड़ा,जिसके चलते थक हार कर ग्रामीणों ने मुखिया को



इस संबंधित सारी बातों से अवगत कराया,मुखिया जोगेस्व्र हेंब्रम तुरंत ग्रामीणों के साथ उक्त स्थान पर पहुंचे और उक्त घरों को कड़ी हिदायत दी की जल्द अपने घरों से निकलने वाले पानी कि व्यवस्था करे,और सड़क पर बिखरे पानी की सफाई करने की भी हिदायत दी। मुखिया जी ने एक तरफ केंद्र सरकार की स्वच्छ भारत की तारीफ की ओर समझाया की पानी जमा होने से कीटाणु पैदा होंगे,डेंगू का डर भी रहेगा,जितनी साफ सफाई रखेंगे बीमारी उतनी ही दूर रहेगी। मुखिया जी की सिंघम वाले स्टाइल की पंचायत में काफी तारीफ की जा रही है।

## फतेहपुर सचिवालय के बहुप्रतीक्षित एक लव्य विद्यालय बनके तैयार

**दैनिक समाज जागरण संवाद दाता फतेहपुर विपुल गोस्वामी**

फतेहपुर सचिवालय के बहुप्रतीक्षित एक लव्य विद्यालय बनके तैयार पर अभि तक प्रारम्भ नही किया गया। एकलव्य भी भील जाति समाज मे जन्म लेने के फलस्वरूप द्रोणाचार्य ने धनुर्विद्या की गुर सिखाने से इंकार कर दिया था।और उन्होंने अपनी प्रतिभा प्रतिष्ठित करने की उद्देश्य से द्रोणाचार्य की मूर्ति स्थापित करके धनुर्विद्या मे पारंगत होकर मिशाल कायम किया था । क्या आज के युग की मापदंड मे कोल भील जाति समुदाय के श्रेणी के बच्चे बच्चियो सिर्फ विद्यालय को देखकर कर अपने लक्ष्य को पूरा कर लेंगे । वास्तविक सत्यता सामने उभर कर आ रही है जिस कारण से सरकार विद्यालय खोलने मे देर कर रही है।जानकार सेवानिवृत शिक्षक सुधीर चन्द्र गोस्वामी ने बताया की



मेरी उर्म लग भग 90 हो गया है।अनुभव की मापदंड मे समय के साथ ही विद्यालय की पठन-पाठन कार्य शुरू कर देने से बच्चे की पढ़ाई के साथ जीवन शैली मे भी अग्रसर की दिशा मे परिवर्तन हो जाता । जिसका परिणाम तीन पीढ़ी असरदार साबित होगा । जो अनुशासित कर्तव्य की ओर कदम बढ़ाते समाज परिवर्तन मे अहम कड़ी साबित होगा। इतना ही नही जाति समाज के साथ दुसरे समुदाय के बच्चे बच्चियो भी प्रभावित होंगें। इसलिए अब देर ना करके जल्द खोलने की प्रक्रिया शुरू कर देना चाहिए।

## बहुप्रतीक्षित एक लव्य विद्यालय का आखिर कार कब होगा उद्घाटन

### शिक्षा से ही तीन पीढ़ी तक सुधार सकता है-----शिक्षक सुधीर चन्द्र गोस्वामी

**समाज जागरण संवाद दाता फतेहपुर विपुल गोस्वामी**

फतेहपुर सचिवालय के बहुप्रतीक्षित एक लव्य विद्यालय बनके तैयार पर अभि तक प्रारम्भ नही किया गया। एकलव्य भी भील जाति समाज मे जन्म लेने के फलस्वरूप द्रोणाचार्य ने धनुर्विद्या की गुर सिखाने से इंकार कर दिया था।और उन्होंने अपनी प्रतिभा प्रतिष्ठित करने की उद्देश्य से द्रोणाचार्य की मूर्ति स्थापित करके धनुर्विद्या मे पारंगत होकर मिशाल कायम किया था । क्या आज के युग की मापदंड मे कोल भील जाति समुदाय के श्रेणी के बच्चे बच्चियो सिर्फ विद्यालय को देखकर कर अपने लक्ष्य को पूरा कर लेंगे । वास्तविक सत्यता सामने उभर कर आ रही है जिस कारण से सरकार विद्यालय खोलने मे देर कर रही है।जानकार सेवानिवृत शिक्षक



सुधीर चन्द्र गोस्वामी ने बताया की मेरी उर्म लग भग 90 हो गया है।अनुभव की मापदंड मे समय के साथ ही विद्यालय की पठन-पाठन कार्य शुरू कर देने से बच्चे की पढ़ाई के साथ जीवन शैली मे भी अग्रसर की दिशा मे परिवर्तन हो जाता । जिसका परिणाम तीन पीढ़ी असरदार साबित होगा ।जो अनुशासित कर्तव्य की ओर कदम बढ़ाते समाज परिवर्तन मे अहम कड़ी साबित होगा। इतना ही नही जाति समाज के साथ दुसरे समुदाय के बच्चे बच्चियो भी प्रभावित होंगें। इसलिए अब देर ना करके जल्द खोलने की प्रक्रिया शुरू कर देना चाहिए।

## ग्लोबल द ग्लैक्सी ने अपने स्टूडेंट्स को कराया शैक्षणिक टूर.

संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़ शहर के ग्लोबल द गैलेक्सी कंप्यूटर सेंटर द्वारा पश्चिम बंगाल के हजारद्वारी में शैक्षणिक टूर सह पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शैक्षणिक टूर में ग्लोबल द गैलेक्सी कंप्यूटर सेंटर के लगभग 90 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसके अलावा पाकुड़ के एक दर्जन पत्रकार भी शामिल हुए। टूर कार्यक्रम में ग्लोबल द गैलेक्सी के डायरेक्टर आलम अली ने बताया कि टूर का उद्देश्य छात्र एवं छात्राओं में ऐतिहासिक स्थलों का शैक्षणिक भ्रमण के उद्देश्य से कराया जा रहा है,ताकि पूर्व के राजाओं द्वारा ऐतिहासिक स्थलों के निर्माण का उद्देश्य एवं पूर्व के राजाओं द्वारा देश में किए गए कार्यों के बारे में बताना है। छात्र-छात्राओं के अंदर सिलेबस से हटकर आउट ऑफ नॉलेज के



बारे में भी बताना है। ताकि छात्र-छात्राएं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर जब अपने शहर लौटे अपने ज्ञान को अपने जूनियर के बीच बांटने का काम करे। आलम अली ने कहा कि ग्लोबल द गैलेक्सी कंप्यूटर सेंटर प्रत्येक वर्ष अपने छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराती हैं और आगे भी निरंतर जारी रखेगा।उन्होंने कहा कंप्यूटर के अलावे अपने स्टूडेंट को ऐतिहासिक स्थलों का ज्ञान देने का काम करती है।मौके पर इन्द्रजीत घोष, प्रितम कुमार ओझा, जीनत परवीन, इन्द्रप्रीत कौर, अल्ताब अली, अभिजित रक्षित इत्यादि थे।

## मुफस्सिल पुलिस ने कोयला चोरों पर करवाई करते हुए 7 लोगों को किया गिरफतार.

### कोयले की अवैध सप्लाई करने वालों पर चला आज मुफसिल पुलिस का डंडा,33 साइकिल को किया गया जप्त.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़ मुफस्सिल थाना प्रभारी मिंटू भारती के निर्देश पर आज थाना पुलिस ने कोयला चोरों पर जोरदार चलाया अभियान, छापेमारी के दौरान कोयला चोरी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कर 33 साइकिल को जप्त किया गया है और अवैध रूप से कोयले की सप्लाई करने पर 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पाकुड़ मुफस्सिल थाना कांड सं0 13/23 दि0 08/01/23 धारा 414/34 भा0द0वि के प्राथमिकी अभियुक्त 1. एनामुल शेख पे0 तामिजुदीन शेख सा0 शाहबाजपुर




2.नूर इस्लाम शेख स्वर्गीय कालू शेख 3.हालिम शेख पिता अब्दुल मन्नान दोनों साकिन भवानीपुर 4.रफीकुल सेख पिता स्वर्गीय उस्मान शेख सा0 ईसाकपुर 5. मोहरम शेख पिता स्वर्गीय मुगुलु शेख सा0 जुगी गुड़िया 6.डालिम शेख पिता अंसारुल शेख सा0 तिलभिटा सभी थाना पाकुड़ मुफस्सिल जिला पाकुड़ 7. सलीम शेख पिता इस्माइल शेख सा0साहेबनगर थाना शमशेरगंज जिला मुर्शिदाबाद (प0ब0) को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में भेजा गया।

## 22 जनवरी को हिरणपुर में कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्षओ का होगा सम्मेलन.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़/हिरणपुर प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी की एक बैठक रामनाथपुरं में की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष मो मनोबर आलम ने किया बैठक में डंगापड़ा पंचायत कमिटी गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में बाबू चंद मुर्मू उपाध्यक्ष हेमजुद्दीन अंसारी को बनाया गया

वही बैठक में राज्य के मंत्री कांग्रेस बिधायक दल के नेता आलमगीर आलम के जन्मदिन की बधाई दी गई व उनके स्वस्थ रहने की कामना किया गया बैठक में कार्यकताओं के मांग पर ये तय किया गया कि आगामी 22 जनवरी को पंचायत कमेटी के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिवो के साथ एक सम्मेलन किया जाएगा ताकि बूथ कमिटी के गठन हो सके व संगठन को मजबूती मिले इससे पहले



बचे हुए सभी पंचायत कमिटी के गठन करना सुनिश्चित किया गया वही आगामी कार्यक्रम की तैयारी सभी पंचायतो से कार्यकर्ता पंचायत स्तर के पदाधिकारियों को लाने उन्हें निमंत्रण देने का निर्णय लिया गया साथ ही बाबूपुर पंचायत कमिटी के लिए जंतु सोरेन अली हुसैन अंसरी मँझलाडीह के लिए तैयब अंसारी राष्का हेम्ब्रम बकसीसा के लिए पगन सोरेन राष्का हेम्ब्रम केंदुआ के लिए जंतु सोरेन बरमसिया के लिए अमृत ठाकुर मुगादंगा के लिए पांडा शाह को प्रभारी बनाया गया है बैठक मुस्ताक अंसारी अमृत ठाकुर राष्का हेम्ब्रम माननफ अंसरी अलीहुसेन मोमिन सत्तार मोमिन सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पाकुड़ में लव जिहाद और धर्मांतरण पर प्रशासन लगाइए रोक : दिपक ठाकुर

### जिला स्तरीय बजरंग दल की बैठक में महेशपुर पहुंचे प्रदेश संयोजक.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साह**

पाकुड़ जिला स्तरीय बजरंग दल की बैठक रविवार को महेशपुर विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा की अध्यक्षता में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद कार्यकताओं का बैठक संपन्न किया गया, बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रांत के प्रदेश संयोजक दीपक ठाकुर और साहिबगंज विभाग के विभाग संयोजक मनु महाराज शामिल हुए। बैठक में सर्व प्रथम संगठन मजबूत कर पाकुड़िया, हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा में संगठन विस्तार करने के अलावे महेशपुर अमड़ापाड़ा पाकुड़ नगर में समिति को पूर्ण कर नये नये कार्यकताओं को बजरंग दल से जोड़ने को लेकर रणनीति तैयार किया गया, बैठक में पाकुड़ जिला संयोजक का संदीप कुमार मंडल को जिले के छह प्रखंड में संगठन को चुस्त-दुरुस्त करते हुए बजरंग टोली गठन करने का भी निर्देश दी गई । बैठक में बजरंग दल प्रदेश संयोजक दीपक ठाकुर ने कहा कि पाकुड़ जिला अल्पसंख्यक जिला घोषित हो



चुका है यहां पर हमारे सनातन समाज के लोगों का लव जिहाद और लैंड जेहाद के अलावे धर्मांतरण काफी तेजी से चल रहा है और स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना मिलती भी है तो मामले को गुपचुप तरीके से दबा दिया जाता है लेकिन बजरंग दल ऐसे मामले में चुप नहीं बैठेंगे और जरूरत पड़ी तो ईट से ईट बजाने का भी काम करेंगे, उन्होंने प्रशासन से लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे मुद्दे को गंभीरता से लेकर शोषित सनातन समाज को न्याय दिलाने में निष्पक्षता बरतने का आग्रह किया साथियों ने उन्होंने हाल ही के एक सप्ताह पूर्व अमड़ापाड़ा में हुई एक विवाहिता महिला का अचानक गुम हो जाने मामले की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया, बैठक मैं जिला संयोजक संदीप कुमार मंडल जिला सहसंयोजक दिलीप कुमार गौ रक्षा प्रमुख मुकेश कुमार संगठन मंत्री मोत्तुला दत्ता, जगजीत कुमार, बासुदेव ठाकुर, सनोज भंडारी, जयंत टुडू, सुरजीत हांसदा, समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हाटपाडा सब्जी मंडी में मारपीट हुई नगर थाना में हुआ मामला दर्ज.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ नगर थाना के समीप हाट पाड़ा सब्जीमंडी में रविवार को जानकारी के अनुसार सुबह10बजे सब्जी खरीदारी के दौरान बार काउंसिल के सचिव दीपक कुमार ओझा के साथ होमगार्ड जवान बबन पासवान द्वारा मारपीट की गयी। मारपीट करते हुए होमगार्ड जवान ने सचिव दीपक कुमार ओझा को घायल कर दिया। घटना के बाद कोर्ट के अधिवक्ता व स्थानीय लोगों ने पाकुड़-हिरणपुर मुख्य सड़क को



जाम करते हुए होमगार्ड बबन पासवान की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पाकुड़ नगर थाना के सामने सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने स्थानीय लोगों को समझाते हुए सड़क जाम को हटाया गया। बार काउंसिल के सचिव दीपक कुमार ओझा ने कहा कि होमगार्ड हमेशा लोगों के साथ दुर्व्यवहार करता है। इस पर कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा जाय। मामला हुआ दर्ज कांड संख्या 6/23 धारा341/323/504,

## जामताड़ा जिला अंतर्गत नाला प्रखंड डिग्री कॉलेज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन होगा।

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा जामताड़ा जिला अंतर्गत नाला प्रखंड डिग्री कॉलेज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन होगा। गणेश मित्र ने बताया कि शिविर शहर व आस-पास के निवासियों, जिनका मोतियाबिंद का ऑपरेशन 19 मार्च होगा मरीज और अन्य सामान्य मरीजों की आंखों की विभिन्न प्रकार की बीमारियों जैसे-आंख लाल होना, खुजली होना, कम दिखाई देना इत्यादि की जांच करके उपचार प्रदान किया जाएगा। शिविर संयोजक गणेश मित्र ने बताया कि शिविर में आंखों से संबंधित किसी प्रकार की समस्या हो, वे सभी लोग शिविर में आकर अपनी जांच करवा सकेंगे। शिविर में अत्याधुनिक जापानी मशीन से चश्में बनाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। शिविर का आयोजन नाला डिग्री कॉलेज परिसर, में होगा नेत्र जांच केन्द्र नाला डिग्री कॉलेज में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2बजे तक किया जाएगा। बताया कि ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों को 10 दिनों के भीतर दिखाना आवश्यक है। उन्होने बताया कि इस शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन20 मार्च को में किए जाएंगे।